e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
प्रभात मंत्र
वर्ष 10, अंक 61
शुक्रवार
03.03.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 3 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

सुविचार

आप न तो अतीत को कण्ट्रोल कर सकते हो और न ही भविष्यवाणी कर सकते हो
ऐसा करने की कोशिश भी एक चीज से आपका कण्ट्रोल हटा देती है
वो है वर्तमान ..

ताजा खबरों के लिए देखें

असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशिएलिटी होस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB
(Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

रांची का तापमान

अधिकतम 32°
न्युनतम 17°

क्विक न्यूज

विधानसभा में झारखंड आर्थिक सर्वेक्षण 2022-23 पेश

रांची : झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के चौथे दिन गुरुवार को आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट 2022-23 पेश की गई। सर्वेक्षण के मुताबिक चालू वित्तीय वर्ष (2022-23) में राज्य की आर्थिक विकास दर 7.8 फीसदी है और वित्तीय वर्ष 2023-24 में इसका 7.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है। झारखंड में गरीबी दर कम हो रही है। साथ ही कोरोना की चुनौतियों के बावजूद यह राज्य आर्थिक विकास के पैमाने पर आगे बढ़ रहा है। विधानसभा के जारी बजट सत्र में पेश झारखंड आर्थिक सर्वेक्षण 2022-23 में इसका दावा किया गया है। पेश इस सर्वेक्षण के अनुसार 2015-16 और 2019-21 के बीच राज्य में गरीबी का हेड काउंट लगभग 13 प्रतिशत (5.6 प्रतिशत) कम हो गया। वर्ष 2019-21 में बहुआयामी गरीबों का प्रतिशत घटकर 36.6 प्रतिशत हुआ। ग्रामीण क्षेत्रों में 42.2 प्रतिशत और शहरी क्षेत्रों में यह 11.1 फीसदी हो गया। इसके पूर्व 2015-16 के आंकड़ों के मुताबिक शहरी गरीबी में करीब चार फीसदी और ग्रामीण क्षेत्रों में करीब 8 फीसदी की कमी आयी है। इसका कारण स्वास्थ्य और शिक्षा के संकेतकों में सुधार है। लोगों के जीवन स्तर में भी सुधार आने से गरीबी की घटनाओं में गिरावट आयी है। 2015-16 में 42.16 फीसदी लोग बहुआयामी गरीब पाए गये। ग्रामीण क्षेत्रों में 50.93 प्रतिशत और शहरी क्षेत्रों में 15.26 प्रतिशत लोग बहुआयामी गरीब पाए गये थे। आर्थिक सर्वेक्षण के मुताबिक झारखंड देश के कम आय वाले राज्यों में से एक है। राज्य की प्रति व्यक्ति आय की तुलना में लगभग 40 फीसदी कम है। झारखंड का स्थिर (2011-12) मूल्यों पर जीएसडीपी वर्ष 2021-22 में देश के स्थिर मूल्यों पर सकल घरेलू उत्पाद का 1.61 प्रतिशत रहा है। कुछ वर्षों को छोड़कर ज्यादातर झारखंड का विकास दर देश के विकास दर से अधिक रहा है। चालू वित्त वर्ष (2022-23) में देश का विकास दर सात फीसदी बढ़ने का अनुमान लगाया गया है। झारखंड में यह 7.8 प्रतिशत है। वित्त वर्ष 2023-24 में देश के विकास दर में जहां 6 से 6.8 प्रतिशत की सीमा में वृद्धि होगी।

पंश्चिम बंगाल में एडिनो वायरस का खतरा बढ़ा

कोलकाता : पश्चिम बंगाल में एडिनो वायरस का खतरा बढ़ता जा रहा है. अब तक कई बच्चों की मौत सांस संबंधी संक्रमण के चलते हो चुकी है. इस बीच गुरुवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एडिनो वायरस से निपटने के लिए राज्य सरकार की तैयारियों के बारे में बताया और सलाह दी कि बच्चों को घर पर रखें. उन्होंने एडिनो वायरस संक्रमितों के आंकड़े भी साझा किए और बताया कि किन बच्चों का ज्यादा ध्यान रखना है. जानकारी के मुताबिक, हावड़ा में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि राज्य में एडिनो वायरस के 2 मामले हैं और 10 मामले पल्मोनरी हेमरेज सिंड्रोम के हैं. उन्होंने कहा कि डरने की बात नहीं है क्योंकि हमने 5000 बेड की व्यवस्था की है. सीएम ममता ने कहा कि चूंकि बच्चे मास्क नहीं पहन सकते इसलिए उन्हें घर पर रखें.

भगवामय हुआ त्रिपुरा, नागालैंड में एनडीए गठबंधन की बल्ले-बल्ले

कमल ने किया कमाल

मेघालय में भी भाजपा के समर्थन से सरकार बनने के आसार

एजेंसी

नई दिल्ली : पूर्वोत्तर के 3 राज्यों के विधानसभा चुनाव में त्रिपुरा और नगालैंड में भाजपा को फिर से बहुमत मिला है। नगालैंड में भाजपा गठबंधन को 37 और त्रिपुरा में 33 सीटें मिली हैं। मेघालय में मुख्यमंत्री कॉनराड संगमा की एनपीपी सबसे बड़ी पार्टी बन गई है। एनपीपी के खाते में 25 सीटें आने की संभावना है। जानकारी के अनुसार त्रिपुरा चुनाव नतीजों में बीजेपी को 39 फीसदी वोट मिला है. कांग्रेस को 8.6 फीसदी वोट हासिल हुआ. सीपीआईएम को 24.6 फीसदी वोट मिला है. त्रिपुरा में पिछली बार 2018 में हुए विधानसभा चुनाव में बीजेपी को 35 सीटों पर जीत मिली थी और 43.59 फीसदी वोट हासिल हुआ था.नागालैंड में एनडीपीपी-बीजेपी गठबंधन ने बहुमत हासिल कर लिया है. 7 सीटों पर एनसीपी ने जीत दर्ज की. एनपीपी ने 5 सीटें,एनपीएफ को 2 सीटें, चिराग पासवान की एलजेपी को 2 सीटें, नीतीश कुमार की जेडीयू को एक सीट मिली है. केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले की रिपब्लिकन पार्टी ने दो सीटों पर जीत का परचम लहराया. कांग्रेस को कोई सीट नहीं मिली.इस बीच असम के मुख्यमंत्री हिमंता

बिस्वा सरमा ने ट्वीट करके कहा कि मेघायल के मुख्यमंत्री कॉनराड संगमा ने गृहमंत्री अमित शाह को फोन करके सरकार बनाने के लिए मदद मांगी है.बीजेपी समर्थन देने के लिए राजी हो गई है. एक बार फिर से कोनराड संगमा ही सीएम बनेंगे. मेघालय में पिछली बार 2018 में हुए विधानसभा चुनाव में एनपीपी को 19 सीटों पर जीत मिली थी.

नई दिशा की ओर बढ़ रहा नॉर्थ ईस्ट : पीएम मोदी

एजेंसी

नई दिल्ली : पूर्वोत्तर के तीन राज्यों में त्रिपुरा और नागालैंड में भाजपा की सफलता के बाद पीएम नरेंद्र मोदी गुरुवार देर शाम पार्टी मुख्यालय पहुंचे. यहां कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि इन चुनावों में नार्थ ईस्ट की नई दिशा को देख रहे हैं. नार्थ ईस्ट नई दिशा की ओर बढ़ रहा है. एक समय था जब नार्थ ईस्ट में चुनाव होते थे और नतीजे आते तो चर्चा होती ही नहीं थी और होती थी तो वहां कि हिंसा की चर्चा होती थी. भाजपा मुख्यालय ऐसे अनेक अवसरों का साक्षी बना है. जनता को विनम्र से नमन करने का एक अवसर पर आया है. मैं मेघालय, त्रिपुरा और नागालैंड की जनता का नमन करता हूं. जनता ने भाजपा को भरपूर आशीर्वाद दिया है. आज के नतीजे सभी भाजपा कार्यकर्ताओं की मेहनत के

परिणाम हैं. ये नतीजे ये दिखाते हैं लोकतंत्र और लोकतांत्रिक व्यवस्था पर कितनी आस्था है.कहा कि एक समय था जब नार्थ ईस्ट में चुनाव होते थे और नतीजे आते तो चर्चा होती ही नहीं थी और होती थी तो वहां कि हिंसा की चर्चा होती थी. इससे पहले भाषण शुरू करने से पहले पीएम मोदी के द्वारा मोबाइल की फ्लश लाइट जलाकर नार्थ ईस्ट का सम्मान करने की अपील पर लोगों ने तुरंत लाइट जला.

युपीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी ने जीता रामगढ़ का महाभारत

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में एनडीए उम्मीदवार सुनीता चौधरी की जीत घोषित कर दी गई है। 11 वे राउंड की मतगणना के बाद 21644 वोट से सुनीता चौधरी को विजई घोषित कर दिया गया है। इस चुनाव में उन्हें 115243 वोट आए हैं। यह वोट भी एक नया रिकॉर्ड ही है। इस विधानसभा उपचुनाव में कुल 228000 मतदाताओं ने वोट किया था। इसमें 115243 वोट सुनीता चौधरी को मिला है। यूपीए उम्मीदवार बजरंग महतो दूसरे स्थान पर रहे और उन्हें कुल 93599 वोट मिले हैं। रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में आजसू प्रत्याशी सुनीता चौधरी के बाद आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने पत्रकारों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। खासकर महिलाओं ने इस खुशी मे बढ़चढ़ कर भाग लिया। उन्होंने कहा कि झूठ की बुनियाद पर टिकी है हेमंत सरकार। हमने विकास को एजेंडा बनाकर चुनाव लड़ा है। विरोधी भावनात्मक मुद्दा उछालने पर लगा रहा। जनता ने हेमंत सरकार को आईना दिखा दी है। साथ ही सुदेश ने कहा कि इस चुनाव परिणाम का असर 2024 में होने वाले चुनाव पर भी पड़ेगा। वहीं सूदेश ने कहा कि मैंने मुख्यमंत्री के पंचायत क्षेत्र से ही चुनाव कार्यक्रम शुरू किया था।अभी तक के मिल रहे रूझानों के अनुसार रामगढ़ उपचुनाव में आजसू प्रत्याशी की बड़ी जीत तय है। इस जीत पर पूरे राज्य में आजसू कार्यकर्ताओं ने अबीर गुलाल उड़ाकर और मिठाई बांटकर ढोल नगाड़ों के साथ जश्न मनाया।

रिश्वत लेते नाजिर शेखर गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

चाईबासा : पश्चिमी सिंहभूम जिला के चक्रधरपुर प्रखंड कार्यालय के नाजिर शेखर पंडित को एसीबी की टीम ने गुरुवार को चार हजार रुपया घूस लेते रंगे हाथ दबोचा लिया. जानकारी अनुसार एसीबी की टीम पहले से रणनीति तैयार होकर गुरुवार की सुबह लगभग ग्यारह बजे प्रखंड कार्यालय पहुंची. प्रखंड कार्यालय के नाजिर अपने कार्यालय में एक व्यक्ति से घूस की राशि ले ही रहा था. एसीबी की टीम ने उसे मौके पर ही दबोचा लिया. एसीबी के अधिकारी गिरफ्तार नाजिर को अपने साथ ले गए. बताया जा रहा है कि पीड़ित का बिल पास करवाने के एवज में उस व्यक्ति से पैसे की मांग नाजिर द्वारी की गयी थी.

मुखिया और मुखिया पति घुस लेते अरेस्ट

मेदिनीनगर : पलामू प्रमंडलीय एसीबी की टीम ने घूस लेने के आरोप में मुखिया और मुखिया पति को गिरफ्तार किया है. दोनों पर एक सरकारी योजना में 25 हजार रुपये घूस लेने का आरोप है. गिरफ्तार मुखिया प्रमिला और उसका पति बृजलाल विश्वकर्मा को एसीबी ने गढ़वा के रमना प्रखंड के हूरदाग से गिरफ्तार किया है. प्रमिला देवी हूरदाग पंचायत की मुखिया है. दोनों को गिरफ्तार करने के बाद एसीबी पलामू स्थित प्रमंडलीय कार्यालय ले गई. प्रमंडलीय कार्यालय में आवश्यक कागजातों को पूरा करने के बाद दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया.

मुख्य चुनाव आयुक्त व चुनाव आयुक्त की नियुक्ति में पीएम नेता प्रतिपक्ष व सीजेआई की सहमति जरुरी : सुप्रीम कोर्ट

प्रभात मंत्र संवाददाता

नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने भारत के चुनाव आयोग के सदस्यों की नियुक्ति की प्रक्रिया में सुधार की मांग करने वाली याचिकाओं पर गुरुवार को फैसला सुनाया। न्यायमूर्ति केएम जोसेफ की अध्यक्षता वाली 5 न्यायाधीशों की पीठ द्वारा सुनाए गए फैसले में कहा गया कि निर्वाचन आयुक्तों और मुख्य निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति प्रधानमंत्री, नेता प्रतिपक्ष और भारत के प्रधान न्यायाधीश की समिति द्वारा की जाए। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने व्यवस्था दी कि निर्वाचन आयुक्तों और मुख्य निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति प्रधानमंत्री, नेता प्रतिपक्ष और भारत के प्रधान न्यायाधीश की समिति द्वारा ही की जाए। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि अगर नेता प्रतिपक्ष मौजूद नहीं हैं तो लोकसभा में सबसे बड़े विपक्षी दल के नेता को निर्वाचन आयुक्तों और मुख्य निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति संबंधी समिति में लिया जाएगा। कोर्ट ने कहा कि निर्वाचन आयुक्तों और मुख्य निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति प्रधानमंत्री, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और भारत के प्रधान न्यायाधीश की समिति की सिफारिश पर राष्ट्रपति द्वारा की जाएगी। उच्चतम न्यायालय ने सर्वसम्मत फैसले में चुनाव प्रक्रियाओं में निष्पक्षता सुनिश्चित करने पर जोर देते हुए कहा कि लोकतंत्र लोगों की इच्छा से जुड़ा है। कोर्ट ने कहा कि चुनाव निश्चित रूप से निष्पक्ष होने चाहिए। फैसला सुनाते हुए जस्टिस जोसेफ ने कहा कि एक पर्याप्त और उदार लोकतंत्र की पहचान को ध्यान में रखना चाहिए। लोकतंत्र जटिल रूप से लोगों की शक्ति से जुड़ा हुआ है। मतपत्र की शक्ति सर्वोच्च है, जो सबसे शक्तिशाली दलों को अपदस्थ करने में सक्षम है। कोर्ट ने कहा कि लोकतंत्र में चुनाव में निष्पक्षता बनाए रखनी चाहिए नहीं तो इसके विनाशकारी परिणाम होंगे। जस्टिस जोसेफ ने कहा कि चुनाव आयोग को स्वतंत्र होना चाहिए और यह संविधान के प्रावधानों और न्यायालय के निर्देशों का पालन करते हुए निष्पक्ष और कानूनी तरीके से कार्य करने के लिए बाध्य है। वहीं इस बीच, न्यायमूर्ति अजय रस्तोगी ने कहा कि चुनाव आयुक्तों को हटाने की प्रक्रिया सीईसी के समान ही होगी।

झारखंड कैबिनेट का अहम फैसला : राज्य से 10 वीं व 12 वीं के पढ़ाई की अनिवार्यता खत्म

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : झारखंड कैबिनेट की बैठक में नियोजन नीति को लेकर अहम फैसला लिया गया है। नियोजन नीति में जेएसएससी से होने वाली नियुक्तियों में अब राज्य के संस्थान से दसवीं और बारहवीं की पढ़ाई करना अनिवार्य नहीं होगा। इसके साथ ही स्थानीय रिति रिवाज की अनिवार्यता को भी हटा दिया गया है। वहीं भाषा पेपर में हिंदी, अंग्रेजी और संस्कृत को जोड़ा गया है। अब क्षेत्रीय और जनजातीय भाषा पेपर में कुल 15 भाषा होंगे। इसमें 100 अंक के सवाल पूछे जायेंगे जो बहुवैक्लपिक होंगे। नगरपालिका सेवा सवर्ग के लिए

होने वाली नियुक्ति नियमावली से दसवीं और बारहवीं की अनिवार्यता को हटाया गया है, यहां क्षेत्रीय और जनजातीय भाषा पेपर में संशोधन का जिक्र नहीं किया गया है।झारखंड एकेडमिक कार्उसिल, सीबीएसई और आईसीएससी बोर्ड से मैट्रिक और इंटर की परीक्षा फर्स्ट, सेकेंड और थर्ड आने वाले छात्रों को प्रोत्साहन राशि दी जायेगी। प्रथम आने वाले को तीन लाख, सेकेंड आने वाले को दो लाख और तीसरे नंबर को एक लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जायेगी। इसके साथ ही साठ हजार रुपए तक का लैपटॉ.प और 20 हजार रुपए तक का मोबाइल दिया जायेगा। कैबिनेट में कुल 50 प्रस्तावों पर सहमति बनी है। इसमें नियोजन के साथ- साथ देवघर में दुर्गा सोरेन विश्वविद्यालय खोलने पर भी सहमति दी गयी है इसके अतिरिक्त साहेबगंज में मॉडल डिग्री कॉलेज का निर्माण राज्य योजना मद से होगा। इसके अलावा खाद्य सार्वजनिक वितरण विभाग रांची में दो कर्मियों की सेवा नियमतिकरण की गयी है नसरुद्दीन खान और कार्तिक महिला। इसके साथ ही ओलंपिक खेल सहित विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेल में राज्य का प्रतिनिधि करने वाले खिलाड़ी और प्रशिक्षकों को दी जाने वाली राशि में संशोधन किया गया है।



जी 20 के सम्मेलन में आए प्रतिनिधियों से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने की मुलाकात

सतत ऊर्जा के लिए सहयोग व काम करने के तंत्र पर हुई चर्चा

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : भारत की जी 20 अध्यक्षता के तहत सतत ऊर्जा के लिए सामग्री पर अनुसंधान और नवाचार पहल सभा का दो दिवसीय सम्मेलन गुरूवार को झारखंड की राजधानी रांची में शुरू हो गया। सम्मेलन में 16 जी 20 सदस्यों, आमंत्रित अतिथि देशों और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के 21 विदेशी प्रतिनिधियों ने भाग लिया। लगभग 40 भारतीय विशेषज्ञों ने भाग लिया। सम्मेलन का समन्वय वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर), नई दिल्ली द्वारा किया जा रहा है। डॉ. श्रीवरी चंद्रशेखर, सचिव, विज्ञान और

प्रौद्योगिकी विभाग, आरआईआईजी अध्यक्ष ने जी 20 प्रतिनिधियों और विशेष आमंत्रितों का स्वागत करते हुए कहा कि भारत सहित कई जी20 देशों के पास विशाल खनिज और सामग्री संपदा है, जिसका हमारी ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए निरंतर उपयोग करने की आवश्यकता है। अन्य जी20 देशों जैसे इंडोनेशिया और ब्राजील के जी20 प्रतिनिधियों ने भी अपनी प्रारंभिक टिप्पणियों में सम्मेलन के महत्व को दोहराया। प्रतिनिधियों और आमंत्रितों का स्वागत करते हुए, डीएसआईआर के सचिव और सीएसआईआर के महानिदेशक डॉ. कलईसेल्वी ने कहा कि भारत की अध्यक्षता के तहत जी20 की थीम वसुधैव कुटुम्बकम या एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य एक तरह से आवश्यकता पर प्रकाश डालता है। पूरी दुनिया को एक साथ आने और स्थायी ऊर्जा पर ध्यान केंद्रित करने के लिए ताकि शुद्ध शून्य उत्सर्जन के साथ हमारा एक वैश्विक भविष्य हो सके। उन्होंने जी20 देशों से टिकाऊ ऊर्जा भंडारण, वितरण और प्रबंधन के क्षेत्रों में अनुसंधान और तकनीकी समाधान विकसित करने के लिए हाथ मिलाने का आह्वान किया। तीन सत्रों के तहत 'सतत ऊर्जा के लिए सामग्री' के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। अर्थात ऊर्जा सामग्री और उपकरणों से संबंधित 21वीं सदी की चुनौतियां, सौर ऊर्जा उपयोग और फोटोवोल्टिक प्रौद्योगिकी, और हरित के लिए सामग्री और प्रक्रियाएं ऊर्जा। प्रतिनिधियों ने चर्चा की और पर्यावरण संरक्षण और स्थिरता के लिए कार्बन उत्सर्जन नेट-शून्य लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए सामूहिक रूप से ऊर्जा सामग्री चुनौतियों को हल करने पर संयुक्त रूप से काम करने पर सहमति व्यक्त की इधर बैठक में शामिल होने आए डेलीगेट्स के साथ सीएम हेमंत सोरेन ने औपचारिक मुलाकात कर उनका परिचय प्राप्त किया ।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
पलामू/गढ़वा
रांची, शुक्रवार, 03 मार्च 2023 | पेज 2

एक साथ दो प्रवासी मजदूरों का पहुंचा शव, पुरा गाँव हुआ गमगीन

प्रभात मंत्र संवाददाता

भवनाथपुर : थाना क्षेत्र अंतर्गत सरईया और बुका गांव में गुरुवार को एक साथ दो प्रवासी मजदूरो का शव गावँ में पहुचने से पूरा गावँ गमगीन हो गया।जिसमें बुका निवासी 30 वर्षीय सुनील भुंइया 30 वर्ष तथा सरईया ग्राम निवासी 35 वर्षीय उदय साह का शव भवनाथपुर पैतृक गावँ पहुंचते ही दोनों गांवो में कोहराम मच गया। परिजनों के चीख पुकार से दोनों गांव का माहौल गमगीन हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुका निवासी स्व रामरती भुइया का पुत्र सुनील भुइंया दो माह पूर्व ठेकेदार के माध्यम से मजदूरी करने गुजरात के भरुच शहर गया हुआ था। वह वहाँ प्रोस्कॉट कम्पनी में काम करता था। उसकी अचानक तबियत बिगड़ गई। साथियों के द्वारा उसे ईलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहाँ ईलाज के दौरान सोमवार को उसकी मौत हो गई। जबकि सरईया गांव निवासी माँधारी साह का पुत्र उदय साह चार माह पहले गाँव के ही ठेकेदार के साथ महाराष्ट्र के मुंबई शहर में मजदूरी करने के लिए गया हुआ था। कम्पनी में काम करने के दौरान अचानक उसका भी तबियत ख़राब होने पर उसे ईलाज हेतु स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहाँ बीते 28 फरवरी को ईलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई। मृतक घर का एकमात्र कमाऊ सदस्य था। गुरुवार के सुबह दोनों मजदूरो का शव एम्बुलेंस से उनके घर पहुंचते ही परिजनों की चित्कार से माहौल गमगीन हो गया।

छात्राओं को यातायात नियमों की मिली जानकारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

भवनाथपुर : स्थानीय कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय ने सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत गुरुवार को छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी दिया। उन्होंने नियमों की पालन कर जीवन की रक्षा का संदेश दिया। क्लास में छात्राओ को जानकारी देने के दौरान थाना प्रभारी ने सड़क सुरक्षा, यातायात नियम, हेलमेट सीटबेल्ट का उपयोग, इमरजेंसी सेवाए, साइनेज, ट्रैफिक लाइट, हैंड साइन, इमरजेंसी सेवा सहित अन्य संबंधित तथ्यों के संबंध में विस्तृत रूप से जानकारी दिया। उन्होंने बच्चियों को सचेत करते हुए कहा कि प्रति वर्ष देश में व राज्य में हजारों की संख्या में सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। जिससे काफी लोगों की मृत्यु हो जाती है। इन सब को देखते हुए हम सबो की नैतिक जिम्मेदारी है, कि सड़क दुर्घटना के नियंत्रण के लिए सड़क सुरक्षा से संबंधित नियमों का पालन करें तथा अपने घर परिवार के सदस्यो, मित्रों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करें। यातायात नियमों का पालन सभी के लिए महत्वपूर्ण है।क्योंकि सड़क दुर्घटनाएं किसी व्यक्ति विशेष कि नहीं होती सड़क दुर्घटना किसी के साथ भी हो सकती है। जिसके कारण परिवार को बहुत बड़ी क्षति पहुंचती है। मौके पर विद्यालय के शिक्षक सहित पुलिस के जवान मौजूद थे।

छतरपुर नगर पंचायत में जल संकट से लोग परेशान

छतरपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता): नगर पंचायत छतरपुर के इलाके के लोग अभी से ही जलसंकट से ख़ासे परेशान है इन दिनों भीषण सुखाड़ के चपेट में है इलाके के लोग पानी के लिए त्राहिमाम कर रहे हैं। इस सम्बंध में समाजसेवी अरविंद गुप्ता चुनमुन ने नगर पंचायत से आग्रह किया है कि पेयजल संकटग्रस्त इलाकों में रोस्टर वाइज पेयजलापूर्ति सुनिश्चित की जाए ताकि लोग पेयजल संकट से मुक्ति पा सकें। नगर पंचायत के अधिकारी पेयजल संकट से उदासीन हैं जिससे लोग पानी के लिए दर दर की ठोकरें खाने को विवश हैं। अरविंद ने छतरपुर नगर पंचायत के नगर मुख्यालय के बस स्टैंड, बाज़ार, मसिहानी, गोलक्ष्मी, बारा, लोहराही, रामगढ़, मन्देया, खाटीन बैरियाडीह, भेरवाडीह, लोहराही, मदनपुर, तेनुडीह, सड़मा, केवालपर, खाटीन आदि इलाकों में रोस्टर वाइज पेयजलापूर्ति अविलम्ब करवाने की मांग की है। साथ ही यह भी कहा कि इलाके के अधिकांश चापानल सुख गए हैं। जलस्तर नीचे जाने से पानी नहीं निकल रहा है। दर्जनों चापानल खराब पड़े हैं ऐसे में इनकी मरम्मत हो जाने से लोगों को बहुत राहत मिलेगी। उन्होंने पंचायत के अधिकारियों से प्राथमिकता के आधार पर चापानलों की मरम्मती का भी आग्रह किया है।

बिजली शॉर्ट सर्किट से हजारों की छती

प्रभात मंत्र संवाददाता

केतार (गढ़वा) : केतार प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मुकुंदपुर पंचायत के बेलाबार गांव में गुरुवार को बिजली के खंभे में शॉर्ट सर्किट करने से झोपड़ी नुमा झाला में आग लग गई जिससे कई घर चपेट में आने से स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से बचा लिए गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार दोपहर 2:30 बजे के करीब बेलाबार गांव निवासी 50 वर्षीय खुर्शीद अंसारी पिता स्वर्गीय सरफुद्दीन अंसारी अपने मकान में आराम कर रहे थे तभी जानकारी मिली की बिजली के खंभे से घर को आ रही तार में आग लग गई है। इसकी जानकारी तत्काल बीडीसी प्रतिनिधि इम्तेयाज अंसारी को दी गई और उनके सहयोग से बिजली ग्रिड में फोन कर बिजली डिस्कनेक्ट कराई गई तब तक झाला के ऊपर रखी गई पुआल, त्रिपाल, सहित जलावन की लकड़ी जलकर खाक हो गई। आनन-फानन में स्थानीय ग्रामीण बीच बचाव करने जूटे जिससे और घरों को आग की चपेट में आने से बचाया लिया गया। इस दौरान मौके पर बीडीसी प्रतिनिधि इम्तेयाज अंसारी, मौलाना मोनाजिर हसन, मुखतार अंसारी, परगन बैठा, सिराजुद्दीन अंसारी, महजिद अंसारी, तजामुल अंसारी, सीमाहूदिन अंसारी, सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

कार दुर्घटना में आठ वर्षीय बच्ची की मौत सात व्यक्ति घायल

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर : बुधवार की रात्रि में पलामू के नीलांबर पितांबरपुर थाना क्षेत्र के धनगांव बारात जा रही कार अनियंत्रित होकर पोलपोल गांव के पेट्रोल पंप के समीप तीखे मोड़ पर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। दुर्घटना के बाद उस पर सवाल 8 लोग बुरी तरीके से जख्मी हो गए। दुर्घटना में एक बच्ची की मौत हो गई। कार के पेड़ में जबरदस्त टकराने के बाद उसके परखच्चे उड़ गए थे। थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी ने बताया कि दो पेड़ के बीच में कार 2 फीट ऊपर टक्कर के बाद अटक गयी थी । राहत की बात यह रही कि कार दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद उसका बैलून खुल गया था। इसके चलते राहत कार्य चलाने में लोगों को कम परेशानियों का सामना करना पड़ा। उन्होंने बताया कि एएसआई रविंद्र कुमार सिंह रात्रि गश्ती में थे। सूचना के बाद तुरंत घटनास्थल पर तुरंत पहुंच गए थे। वही सपोर्ट के लिए एएसआई कौशल किशोर दुबे को पुलिस बल के जवानों के साथ घटनास्थल पर भेजा गया था। सामाजिक कार्यकर्ता आनंद कुमार सिंह, जवाहीर चंद्रवंशी तथा पुलिस बल के जवानों ने कार में फंसे सभी लोगों को बाहर निकाला। पोलपोल के पलामू अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद मेदिनीनगर एमआरएमसीएच में रेफर किया गया था। जहां परिजनों ने इलाज में देर होता देख सभी को रांची के रिम्स ले गए थे। वही जुबेर अंसारी की 8 वर्षीय पुत्री नरगिश को चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया था। मौत की सूचना मिलने पर रात में ही परिजन बच्ची के शव को बिना पोस्टमार्टम कराए घर ले गए। बारातियों में जुबैर की पत्नी और तीन बच्चे शामिल थे हाफीज तरवाडीह गांव के बदरुद्दीन अंसारी के पुत्र फैजल अंसारी की बारात लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के धनगांव के समसुद्दीन अंसारी के घर जा रही थी । रास्ता भटक जाने के कारण कार (संख्या जेएच ओ 1 डी जी 2448) चालक तेज गति से लहलहे भाया लेस्लीगंज जाने के बजाय पोलपोल की ओर बढ़ गया था। लड़का के मौसेरा भाई मुक्ता गांव के हाफीज मजहर उल हक ने बताया कि जुबेर की पत्नी असगरी बेगम अपनी चार पुत्रियां में निकहत परवीन, छोटी, रजिया खातून तथा नरगिश के साथ कार पर सवार थी । वही अन्य जख्मी में नेहाल अंसारी की पत्नी गुलनाज परवीन, फरहान आलम 18 तथा रांची कांटाटोली के शाहिद आलम (10) कार पर सवार होकर बारात जा रहे थे । सामाजिक कार्यकर्ता आनंद कुमार सिंह ने बताया कि दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मची थी। सभी बारातियों का रेस्क्यू करके अस्पताल लाया गया और वहां पर प्राथमिक उपचार के बाद पुलिस ने 108 एंबुलेंस बुलाकर इलाज के लिए भेजा था।

खनन क्षेत्र की जांच के साथ ही लीज पटा धारियों में मचा हड़कंप

मेदनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता): छतरपुर पलामू उपायुक्त ए दोडे के द्वारा खनन क्षेत्र की जांच के साथ अवैध उत्खनन कर रहे लोगों पर कार्रवाई के आदेश के बाद छतरपुर अनुमंडल क्षेत्र में खनन कर रहे कई लीज पटा धारियों के बीच हड़कंप मचा हुआ है। छतरपुर में चल रहे कई खनन क्षेत्रों के साथ क्रशर प्लांट की जांच छतरपुर एसडीओ नरेंद्र कुमार गुप्ता ने की। छतरपुर अंचल क्षेत्र के मुंकेरी में खनन कर रहे खनन पट्टा धारी माइंस खाता संख्या- 47 रकबा लगभग 8 एकड़ जांच की जांच के क्रम में पाया गया कि निर्धारित मानक के नियमों को खनन लीज पट्टा धारियों के द्वारा लगातार अवहेलना किया जा रहा है। हालात यह है कि खनन क्षेत्र को ना ही घेराबंदी किया गया है। न सुरक्षा सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं। अब तो यह है कि साल के 6 महीने में हमेशा ही सुरक्षा के मांगों पर कई खनन लीज धारी आवाज भी लेते रहें हैं बावजूद इसके धरातल पर कुछ भी नहीं दिखता। इस दौरान एसडीओ ने पाया कि माइंस क्षेत्र के जहां एक ओर रकबा बढ़ा हुआ है। उसी के साथ-साथ व्यापक स्तर पर बेधड़क गहराई तक खनन की गई है। इधर एसडीओ के द्वारा जांच की खबर सुन कई लोगों ने बताया कि खनन क्षेत्र में लीज पट्टा धारियों के द्वारा घेराबंदी समेत कोई भी सुरक्षात्मक इंतजाम नहीं किए जाने से अक्सर पशु खनन क्षेत्र में गिरकर मर जा रहे हैं। वही इंसानों के जाम तो पहले से ही सासत में हैं ।बावजूद इसके खनन पट्टा धारी के कान पर जूं नहीं रेंगती। वही उनके द्वारा चैंपियंस क्रशर प्लांट का भी जांच किया गया जहां पर चालू हालत में लगभग 1 किलोमीटर के दायरे में उड़ते डस्ट से लोग प्रभावित दिखे एसडीओ के द्वारा उक्त चैंपियन क्रशर प्लांट पर भी करवाई के लिए उपायुक्त पलामू को लिखा गया है।एसडीओ के द्वारा जांच के बाद कुछ ग्रामीण जब खनन वाले क्षेत्र में घुसे तो अंदर की गहराई देखकर कई लोगों के मुंह से बाप रे बाप का सब निकल गया गहराई देखकर कई ओके गौस पाक के हो गए तो कई ग्रामीणों ने कहा कि पहाड़ तो रसातल में गया ही गया इन लोगों के कारण पानी भी पताल में चला गया है।छतरपुर एसडीओ नरेंद्र गुप्ता ने बताया कि कुछेक माइंस की जांच की गई है जो लगातार जारी रहेगी उन्होंने अपने जांच के कार्य को उपायुक्त पलामू को अपनी जांच रिपोर्ट सौंप दी है उन्होंने कहा कि तीन हाईवा के जांच भी की जिसमें एक हाईवा का कोई भी कागजात उपलब्ध नहीं था जिसका रजिस्ट्रेशन रद्द करने के लिए जिला परिवहन पदाधिकारी को लिखा गया है एसडीओ के पास यह पूछे जाने पर कि पदाधिकारियों की नजर अधिकारियों के निर्देश के बाद ही क्यों पड़ती है उन्होंने इस संबंध में कोई बात नहीं कही।

अनियमितता की शिकायत पर एडीएसओ ने पीडीएस दुकान का किया जांच, डीलर निलंबित

प्रभात मंत्र संवाददाता

हरिहरगंज : लाभुकों की शिकायत पर एडीएसओ सह प्रभारी एमओ निर्मल कुमार ने गुरुवार को शहरी क्षेत्र के पिपरघाट स्थित पीडीएस दुकानदार विनय जायसवाल के 17/85 दुकान की जांच करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने दुकान बंद पाया तथा डीलर भी अनुपस्थित रहे। पूछताछ के क्रम में लाभुक अनिल कुमार ने बताया कि जनवरी और फरवरी माह का राशन 90 किलोग्राम की जगह 72 किलोग्राम तथा देवंती देवी ने 35 किलोग्राम के जगह 30 किलोग्राम ही राशन देने की बात बताई। वहीं प्रयाग कुमार वर्मा, हरिओम कुमार, चंचला देवी, अनिल कुमार, आशा देवी, कांति देवी, बसंत कुमार, सुनील यादव, देवंती देवी, शांति देवी, पानपति देवी, राजकेशरी देवी सहित कई कार्डधारियों के द्वारा भी कम राशन देने की बात कही। विधायक प्रतिनिधि सह निवर्तमान मुखिया सरोज प्रसाद कुशवाहा तथा कार्डधारियों की मौजूदगी में एडीएसओ ने डीलर द्वारा गड़बड़ी की पुष्टि होने पर पीडीएस दुकानदार को तत्काल निलंबित कर दिया। उन्होंने कहा की किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर पीडीएस दुकानदारों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

अंचल के प्रधान लिपिक का रकम वसूलते वीडियो वायरल

प्रभात मंत्र संवाददाता

पांडू (पलामू) : जिले के पांडू अंचल कार्यालय में अंचल के बड़ा बाबू के द्वारा मोटी रकम वसूलते हुए वीडियो वायरल हुआ है। इस विडिओ में साफ दिख रहा है की एक व्यक्ति पैसा दे रहा है और बड़ा बाबू उस पैसे को ले रहे है। उक्त विडिओ में अंचल कार्यालय पांडू लिखा साफ दिख रहा है.जब पैसा देने वला व्यक्ति से संपर्क किया गया तो पता चला कि पैसा देने वाला व्यक्ति का नाम सीता दुसाद पिता बलदेव दुसाद ग्राम दरुआ, पोस्ट तीसीबार, थाना पांडू जिला पलामू का निवासी है। उन्होंने कहा कि 50000 हजार की मांग की गई थी परंतु हमने उसे 40 हजार हजार देकर कार्य करने का आग्रह किया था। हालांकि उक्त व्यक्ति द्वारा राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग नई दिल्ली, लोकायुक्त रांची जुडिशल काउंसिल नई दिल्ली के नाम से आवेदन भी दिया गया है। उन्होंने कहा मेरे जमीन पर दूसरे व्यक्ति द्वारा कब्जा कर लिया गया है। जिसका निदान हेतु अंचल के बड़ा बाबू इजराइल के द्वारा 50000 की मांग की गई थी। कही गई थी बिना लिए साहब नहीं करेंगे, पूरा ऑफिस को हम समझ लेंगे। अब समझने वाली बात यह है कि जब एक मामले को निदान हेतु गरीबों से पचास हजार की मांग की जाए तो बाकी लोगों का क्या होगा। अंचल कार्यालय पांडू पूर्ण रूप से भ्रष्टाचार में सम्मिलित नजर आ रहा है। हालांकि बड़ा बाबू से संपर्क की गई तो उन्होंने कहा यह दो वर्ष पहले का विडियो है। इसके बारे में मुझे जानकारी नहीं है।

होली पर्व को लेकर पांकी थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर : पलामू जिले के पांकी थाना परिसर में गुरुवार को आगामी पर्व होली शांतिपूर्वक ढंग से मनाने हेतु शांति समिति की बैठक अंचलाधिकारी निर्भय कुमार की अध्यक्षता में हुई। जिसमें उपस्थित लोगों ने अपने अपने क्षेत्रों में मनाए जा रहे त्यौहार की तैयारी को लेकर अधिकारियों को जानकारी साझा की लोगों की सुनने के बाद प्रशासन ने कहा कि होली के बहाने हुडदंग करने वाले व अफवाह फैलाने वालों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। डीजे नहीं बजेगा। तीन दिनों में पुलिस ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष नजर रखेगी। उन्होंने जनप्रतिनिधियों व समाजसेवियों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि शराब बंदी व अपराध नियंत्रण के प्रत्येक मामले में आप सभी के सहयोग की अपेक्षा है।मौके पर बैठक में प्रमुख पंचम प्रसाद, पांकी प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदन सिंह, अंचलाधिकारी निर्भय कुमार, थाना प्रभारी रंजीत प्रसाद यादव, इंस्पेक्टर अरुण कु0 महथा, जिप सदस्य खुशबू कुमारी, मुकेश सिंह चंदेल, भाजपा ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष शंकर प्रसाद, पांकी मुखिया प्रेम प्रसाद, सुरेंद्र सिंह, उपेंद्र गुप्ता सहित कई मुखिया, जनप्रतिनिधियों सहित शांति समिति के लोग शामिल थे।

आजसू पार्टी ने निकाला विजय जुलूस

मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता): आजसू पार्टी की रामगढ़ बिधान सभा उप चुनाव में जीत पर मेदिनीनगर में बिजय जुलूस निकाला गया। छत्मुहान पर आजसू के कार्यकर्ताओ ने रंग अबीर खेला व मिठाई बांटी। आजसू पार्टी के केन्द्रीय सचिव सतीश कुमार ने कहा कि अब हमारी जीत की शुरुआत रामगढ़ से हो गई है। महाठगबंधन का गठबंधन जो झारखण्ड की जनता-जनार्दन समझ चुकी है मिशन 24 में झारखंड में एन डी ए की सरकार बनने की मजबूती के साथ आजसू ने निव रख दी।अब लोकसभा भी जितेगें। बिधान सभा भी जितेगें। बिजय जुलूस पुरे बजार घुमते हुए राजेन्द्र चौक पर समाप्त हो गई। कार्यक्रम में केंद्रीय सचिव विकेश शुक्ला बबलू गुप्ता जिला प्रभारी शिव पुजन मेहता अध्यक्ष दीलीप चौधरी प्रधान महासचिव एन के तिवारी का अध्यक्ष संतन मेहता तुलसी शुक्ला बसंत बिश्वकर्मा बिरेन्दर सिह छात्र संघ के अध्यक्ष राहुल मिश्रा अभिशेख राज बिनीता शुक्ला आयुष समेत काफी संख्या में छात्र संघ व पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बढ चढ कर भूमिका निभाई।

शरारती तत्वों पर रहेगी पुलिस की पैनी नजर : डीएसपी प्रमोद

शांति और सौहार्द पूर्ण वातावरण के साथ मनाएं होली का त्योहार : बीडीओ

प्रभात मंत्र संवाददाता

केतार : गुरुवार को केतार थाना परिसर में रंगों का त्योहार होली महापर्व शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल पदाधिकारी मुकेश मछुआ के अध्यक्षता में शांति समिति का बैठक किया गया। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी ने होली की शुभकामनाएं देते हुए प्रखंड वासियों को यह आह्वान किया कि यह होली आपस में मिलजूल कर मनाएं एवं अपील करते हुए कहा कि असमाजिक तत्वो को बढ़ावा न दें। असमाजिक तत्वों द्वारा अगर शांति सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करें तो उन्हें चिन्हित कर सूचित करें। साथ ही बताया कि प्रशासनिक दृष्टिकोण से सभी कर्मियों को होली में शांति व्यवस्था बहाल करने के लिए लगाया जाएगा। डीएसपी प्रमोद केसरी ने कहा की होली पर्व के मद्देनजर रखते हुए थाना क्षेत्र के शरारती एवं उपद्रवों तत्वो पर तथा उनके हर मूवमेंट पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। साथ ही उन्होंने कहा ही अशांति फैलाने वाले लोगो को चिन्हित करते हुए करवाई की जाएगी। साथ ही फेसबुक,वाट्सअप तथा ट्विटर जैसे शोशल मीडिया पर झूठी अपवाह फैलाने वाले पोस्ट पर पैनी नजर रखी जाएगी। इसके अलावा अश्लील गाने, डीजे साउंड पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। केतार थाना प्रभारी संतोष कुमार ने लोगों को होली के अवसर पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अवैध शराब बिक्री पर नकेल कसने के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।साथ ही उन्होंने कहा कि दोनों समुदाय के लोग आपसी तालमेल के साथ सौहार्दपूर्ण तरीके के साथ होली मनाएं, ताकि सम्प्रदायिक घटना न हो। होली के शुभकामना देते हुए शांति समिति के बैठक को समाप्ति की घोषणा की गई। इस मौके पर मुखिया प्रमोद कुमार, 20 सूत्री अध्यक्ष संजय सिंह, मंडल अध्यक्ष कन्हाई प्रसाद, विधायक प्रतिनिधि विक्रमा सिंह, सांसद प्रतिनिधि त्रिपुरारी सिंह, मुखिया मुनी देवी, पुर्व, मुखिया प्रतिनिधि विमलेश पासवान, समाजसेवी पंकज सिहं,अजय वर्मा, उप प्रमुख शंभू सिंह खरवार, रामविचार साहू, सहित थाना क्षेत्र के सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

होली पर्व व शबेबरात को देवरी ओपी में शान्ति समिति की हुई बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

हुसैनाबाद/ पलामू : होली पर्व व शबेएरात को लेकर गुरुवार को देवरी ओपी परिसर में शान्ति समिति की हुई बैठक की गई, जिसकी अध्यक्षता देवरी ओपी प्रभारी इन्द्रेव राम ने किया जबकि मंच संचालन देवरी काला पंचायत समिति सदस्य अजित कुमार ने किया मौके पर ओपी प्रभारी इन्द्रेव राम ने होली पर्व व शबेएरात को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि त्योहार एक भाई चारे के साथ मनाएं साथ ही उन्होंने कहा कि डीजे बजाने पर प्रतिबंध रहेगा एक दुसरे के अभद्र व्यवहार टिका टिप्पणी ना करें अनुशासन में रहें आपस में समन्वय बनाकर हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई और आपस में हम सब हैं आगे उन्होंने कहा कि पर्व त्यौहार में हुड़दंग मचाने वाले पर पुलिस पैनी नजर रखेगी और पकड़े जाने पर चिन्हित कर

प्राथमिकी दर्ज करेगी साथ ही सोशल मीडिया मीडिया पर कड़ी नजर रखी जा रही है सोशल मीडिया पर कहीं भी गलती पकड़े जाने पर सोशल मीडिया के उपयोगकर्ता को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। मौके पर एस आई कार्तीक उरांव ने कहा कि देवरी के अंतर्गत सभी जगहों पर प्रशासन कि नजर है इस मौके पर देवरी कला निवासी सुरेंद्र चौधरी ने कहा कि देवरी कला का होलिका दहन देवरी कला मध्य विद्यालय के प्रांगण में किया जाता था लेकिन पिछले वर्षों से विद्युत विभाग के प्रांगण में होलिका दहन किया जा रहा है जहां अत्यधिक हाई वोल्टेज के तार ऊपर से गए हुए हैं इसलिए उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया कि होलिका दहन के समय किसी प्रकार की कोई खाता ना हो इसके लिए अतिरिक्त ध्यान देने की जरूरत है इस मौके पर देवरी काला मुखिया मनोज कुमार भारती बड़ेपुर पुर पंचायत मुखिया पति प्रशांत कुमार सिंह उर्फ गुड्डू सिंह समिति सदस्य अजित कुमार सिंह रघुवंश प्रसाद यादव पूर्व सरपंच रघुराई यादव उपमुखिया ललिता देवी वार्ड सदस्य निर्मला देवी बसपा नेता अजय कुमार भारती शबाब खान पूर्व मुखिया रामाशंकर चौधरी जाफर हुसैन अनिष खान राजेश्वर सिंह, सुरेन्द्र चौधरी समाजसेवी राजेन्द्र चौधरी फोटोग्राफर मन्नू पांडे अलावे देवरी कला बुधवा देवरीखुर्द पुरवा सहित आसपास के सभी ग्रामीण उपस्थित थे।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
राजधानी
रांची, शुक्रवार, 3 मार्च 2023 | पेज 3

कुछ मार्गों में नहीं चलेंगे ऑटो

रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता): ऑटो चालक महासंघ के अध्यक्ष दिनेश सोनी ने कहा कि रांची की सड़कों पर 10 हजार ऑटो 2 और 3 मार्च को नहीं चलेंगे। उन्होंने बताया ट्रैफिक एसपी प्रभारी नौशाद आलम ने उनसे आग्रह किया था कि जी-20 समिट में आने जाने वाले मेहमानों को आने जाने में किसी तरह की कोई दिक्कत परेशानी न हो। इसे लेकर 2 दिन यानि 2-3 मार्च को ऑटो का परिचालन बंद रखे। उनके आग्रह पर यह निर्णय लिया गया। हालांकि दो मार्च को कुछ मार्गो में ऑटो का परिचालन देखा गया है।

सिमडेगा को हरा कर रांची बना चैम्पियन

रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता): झारखंड क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित झारखंड अंतर जिला अंडर 19 क्रिकेट टूर्नामेंट मे रांची ने सिमडेगा को 106 रनो से हरा दिया। दो दिवसीय फाइनल मुकाबले में रांची ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सभी विकेट खोकर 62 ओवरों मे 245 रन बनाए अनमोल राज ने 50 आर्यन राज ने 45 उत्तम ने 42 और प्रिंस ने 39 रन बनाए। अनुपम ने 4 और गुरुशरण ने 3 विकेट लिए ,जवाब मे सिमडेगा की पूरी टीम 35.5 ओवरों मे 139 रन पर सिमट गई। अनुपम ने 40 सचिन ने 29 रन बनाए। संतोष और मोम्हाद कैफ ने शानदार गेंदबाजी की और 5-5 विकेट लिए, संतोष को मैन आफ द मैच घोषित किया गया। पारितोषिक वितरण जेएससीए अध्यक्ष संजय सहाय, सचिव देवाशीष चक्रवर्ती द्वारा किया गया।इस अवसर पर जेएससीए कार्यकारणी सदस्य विजय कुमार पुरी, जेएससीए सदस्य जय कुमार सिन्हा, मनोज यादव, शैलेन्द्र कुमार आदि उपस्थित थे।

धनबल के आगे जनबल की हुई हार : बजरंग महतो

रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता): रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में यूपीए गठबंधन के उम्मीदवार बजरंग महतो ने रामगढ़ की जनता को कोटि-कोटि धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा है कि लगभग 93 हजार जनता ने मुझे अपना साथ दिया है। मैं उन सब का तहे दिल से शुक्रिया अदा करता हूं। जनता ने जो फैसला सुनाया है उसका पूरा सम्मान करना मेरा फर्ज है। इस चुनाव का रिजल्ट इस बात की ओर संकेत कर रहा है कि धन बल के आगे जन बल की हार हो गई है। लेकिन जनता ने जो संदेश दिया है उसके आधार पर अब आगे की रणनीति तैयार की जाएगी। उन्होंने कहा कि किस जगह पर कभी रह गई है, इसका भी आंकलन किया जाएगा। पिछले चुनाव में ममता देवी को 99944 वोट आए थे। इस बार इससे भी अधिक वोट आने की उम्मीद थी। लेकिन जनता के बीच वे अपने आप को कहां पर फिट नहीं कर पाए, यह अब आगे देखना होगा।

पुलिया के बन जाने से हजारों सैलानियों को प्रतिदिन आने-जाने की सुविधा मिलेगी : इरफान

रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता): जामताड़ा विधायक डॉ इरफान अंसारी ने विधानसभा में बजट सत्र के दौरान पर्यटन स्थल के रूप में विकसित जामताड़ा का लाधना डैम का मामला उठाया। मौके पर विधायक ने कहा की लाधना और किताजोर के बीच मैथन जोरिया पर पुल का निर्माण होना पर्यटकों सहित जामताड़ा वासियों के लिए अति आवश्यक है। पुल के बन जाने से प्रतिदिन हजारों सैलानियों को आने-जाने की सुविधा मिलेगी और आवागमन बढ़ेगा। मौके पर विधायक ने सदन के माध्यम से सरकार से मैथन जोरिया पर अविलंब उच्चस्तरीय पुल का निर्माण कराने की मांग की।

सीए पंकज मक्कड़ ने अध्यक्ष पद का प्रभार संभाला

रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता): सीए पंकज मक्कड़ ने इंस्टिट्यूट ऑफ़ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ़ इंडिया, रांची शाखा के अध्यक्ष पद का प्रभार संभाल लिया है। इंस्टिट्यूट की रांची शाखा की प्राधिकारियों का वार्षिक चुनाव इसकी कार्यकारिणी की बैठक में 24 फरवरी को इंस्टिट्यूट की रीजनल कौंसिल सदस्य सह पदेन पदाधिकारी सीए मनीषा बियानी के नेतृत्व में संपन्न हुआ था। जिसमे वर्ष 2023-24 के लिए सीए पंकज मक्कड़ को रांची शाखा का अध्यक्ष, सीए श्रद्धा बागला को सह कोषाध्यक्ष और सीए निशांत मोदी को सचिव चुना गया। इंस्टिट्यूट की रांची शाखा इंस्टिट्यूट कि बड़े शाखाओं में से एक महत्वपूर्ण शाखा है। रांची शाखा से लगभग 1200 चार्टर्ड एकाउंटेंट्स और लगभग 5000 सीए के विधार्थी निर्बंधित है।निवर्तमान अध्यक्ष सीए प्रभात कुमार के द्वारा सीए पंकज मक्कड़ को रांची शाखा का पदभार सौंपा गया। इस अवसर पर कार्यकारिणी सदस्य सीए उमेश कुमार, सीए अभिषेक केडिया और सीए हरेन्दर भारती उपस्थित थे।

पार्षद डॉ. साजदा ने हिंदपीढ़ी की मस्जिद में डीप फ्रीजर दिया

रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता): वार्ड 23 की पार्षद डॉ. साजदा खातून के द्वारा हिंदपीढ़ी स्थित औलिया मस्जिद ग्वाला टोली और अबू बकर मस्जिद लाह फैक्ट्री रोड में मैय्यत रखने के लिए डीप फ्रिजर दिया गया। डा. साजदा ने बताया कि मैय्यत (शव) रखने के लिए परेशानियां नहीं हो ऐसी परिस्थिति को देखते हुए डीप फ्रिजर दिया गया है।यह वैसे लोग उपयोग में ला सकेंगे जिसको मैय्यत (शव) को कम से कम सात आठ घंटे से रखने की जरूरत पड़े तो इसके लिए भी डीप फ्रीजर जरुरी है।

2 से 10 अप्रैल तक लगेगा रेडियो ऑरेंज एक्सपो मेला

रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता): रेडियो ऑरेंज के द्वारा मोराबादी मैदान में 2 अप्रैल से 10 अप्रैल तक रेडियो ऑरेंज एक्सपो इंटरनेशनल ट्रेड फेयर का आयोजन किया गया है। मौके पर रेडियो ऑरेंज के नेशनल बिजनेस हेड अजय मोकेड़े, रीजनल बिजनेस हेड प्रेरित चौहान, रीजनल प्रोग्रामिंग हेड निशांत कंकल, झारखंड बिहार बिजनेस हेड अभिषेक श्रीवास्तव और आशी नलेसा इवेंट्स प्राइवेट लिमिटेड के आशीष कुमार उपस्थित थे।पत्रकारों को सामूहिक रूप से जानकारी देते बताया कि राष्ट्रीय ट्रेड फेयर में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के करीब 150 स्टॉल लगाए जाएंगे । साथ ही बताया कि रु20 एंट्री फीस होगा और निशुल्क पार्किंग की सुविधाएं रहेगी । इसके अलावा ट्रेड फेयर में प्रतिदिन मनोरंजन के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है । मुख्य रूप से फैशन शो ,पेंटिंग कंपटीशन, डांस ,सिंगिंग और रोज लकी ड्रा का भी आयोजन कराया जाएगा।

चतुर साव पर हमला करने वाले हथियार के साथ चार गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : ओरमांझी थाना के रहने वाले चतुर साव पर अज्ञात अपराधक के द्वारा जान लेने के लिए उन पर फायरिंग की गयी थी। इस घटना के बाद चतुर साव के फर्दान पर ओरमांझी थाना काण्ड दर्ज किया गया। एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि ग्रामीण एसपी रांची के निर्देशन में पुलीस उपाधीक्षक सिल्वी स्टोफर केरकेट्टा के नेतृत्व में एक एस.आई.टी टीम का गठन किया गया एस.आई.टी. टीम के द्वारा कारवाई करते हुए तकनिकी शाखा रांची के सहयोग से इस घटना में शामिल आरोपी उमेश करमाली, नीरज कुमार महतो को ओरमांझी थाना क्षेत्र से तथा संजीव कुमार , राज कुमार प्रवेश को फरीदाबाद (हरियाणा) से गिरफ्तार

किया गया । उनके पास से घटना में प्रयोग किया गया दो हथियार एवं गोली बरामद किया गया। गिरफ्तार अपराधकर्मियों द्वारा बताया गया कि ओरगाड़ा थाना क्षेत्र का होटवार जेल में बन्द सक्रिय अपराधी मुण्डा पे0 कालेश्वर मुण्डा साथ साहेर ने रंगदारी का पैसा नहीं देने के कारण चतुर साव पर जानलेवा हमला करावाया है। मनोज मुण्डा ने जेल में बन्द अपने सहयोगी विश्वजीत उर्फ रोहित के द्वारा तथा सहयोग से अपने मित्र राजकुमार प्रवेश के सहयोगी संजीव कुमार को काम के बदले पैसा देने का बात कह कर फरीदाबाद हरियाणा से जहां दोनो एक हॉस्पिटल में मजदूर का काम करते है, से इस घटना को अंजाम देने के लिए ओरमांझी भेजा था। यहा पर मनोज मुण्डा के सहयोगी नीरज महतो तथा उमेश करमाली जो कि हत्या के केस में सजायाफ्ता है जिसे माह जनवरी 2023 में ही मनोज मुण्डा के द्वारा जेल से बेल करवाकर बाहर अपने लिए काम करने के लिए निकाला गया था। नीरज महतो एवं उमेश करमाली द्वारा मनोज मुण्डा के द्वारा दिये गये हथियार से ही इस घटना को कारित किया गया है। इस कांड में नीरज महतो एवं उमेश करमाली के द्वारा शुटर संजीव कुमार को चतुर साथ के दुकान पिस्का मोड पर ले जाया गया था जहां इन दोनों ने शुटर संजीव कुमार को चतुर साव का पहचान कराते हुए जान मारने हेतु उस पर फायरिंग कराया गया था। गोली चलने के बाद शुटर संजीव कुमार गोली चलाते हुए तथा उमेश एवं नीरज महतो मोटरसाईकिल से घटनास्थल से भाग खड़े हुए थे ।

कोल इंडिया लिमिटेड को प्रतिष्ठित एचआर पुरस्कार से नवाजा गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : भारतीय महारत्न कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड को समावेशी कार्यस्थल के लिए वर्ष 2023 केप्रतिष्ठितआईआईएसडब्ल्यूबीएमडे व उलरीच एचआर एक्सीलेंस पुरस्कार से कोलकाता में सम्मानित किया गया। निदेशक(कार्मिक एवं औ.सं), सीआईएल विनय रंजन ने कोल इंडिया के तरफ से यह पुरस्कार ग्रहण किया। यह पुरस्कार कोलकाता में हो रहे एचआर कॉन्फ्रेंस में दीया गया। कोल इंडिया लिमिटेड को यह पुरस्कार व्यावसायिक सफलता में समावेशीता को महत्त्व देने के लिए दिया गया। यह पुरस्कार कोल इंडिया के विविधता को बढ़ावा देने को दर्शाता है साथ ही साथ सफल मानव संसाधान नीति को भी रेखांकित करता है ।कोल इंडिया लिमिटेड हमेशा से विविधता और समावेशीता को अपने कार्य संस्कृति का अभिन्न अंग मानता है।

हाई कोर्ट ने मांडर इंटर कॉलेज पर लगाया 50 हजार रुपये का जुर्माना

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : झारखंड हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति जस्टिस राजेश शंकर की कोर्ट में गुरुवार को 14 मार्च से शुरू होने वाले इंटर की परीक्षा में शामिल होने के लिए मांडर इंटर कॉलेज द्वारा छात्रों को एडमिट कार्ड दिलाने मामले की सुनवाई हुई। कोर्ट ने छात्रों को एडमिट कार्ड नहीं देने पर कड़ी नाराजगी जताई। कोर्ट ने मांडर इंटर कॉलेज पर 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। साथ ही जैक और मांडर इंटर कॉलेज को निर्देश दिया है कि वह छात्रों को तुरंत एडमिट कार्ड उपलब्ध कराएं। यह सुनिश्चित किया जाए कि विद्यार्थी इंटर की परीक्षा में शामिल हो सके। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता कुमार हर्ष ने कोर्ट को बताया कि मांडर कॉलेज और जैक की गलती से छात्रों को एडमिट कार्ड उपलब्ध नहीं हो पाया है जबकि 14 मार्च से इंटर की परीक्षा शुरू हो रही है। इसपर जैक की ओर से कहा गया कि उसकी कोई गलती नहीं है, मांडर कॉलेज ने बच्चों का फॉर्म और पैसा नहीं भेजा था। मामले को लेकर हेमा देवी की ओर से हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की गई थी ।

नाबार्ड के तहत झारखंड में 68 एफपीओ का किया गया गठन : बादल

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के चौथे दिन गुरुवार को कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने कहा कि नाबार्ड द्वारा एफपीओ योजना की स्कीम झारखंड में लागू है। इस स्कीम के तहत छोटे एवं सीमांत किसानों को एकीकृत कर कंपनी या को ऑपरेटिव अधिनियम में निबंधित कराया जाता है, ताकि वे संगठित रूप से इनपुट की खरीद कर किसानों को उपलब्ध कराए तथा कृषि उपज को ई-एनएएम तथा अन्य माध्यम से बाजार तक ले जाकर सही मूल्य दिलवाएं। उन्होंने कहा कि नाबार्ड द्वारा वर्ष 2020-21 से झारखंड राज्य में भारत सरकार की 10000 एफपीओ की सेंट्रल सेक्टर योजना में 68 एफपीओ का गठन किया गया है और उन्हें पांच वर्षों तक मदद किया जाएगा। इसके अलावा और भी कई एजेंसी के माध्यम से एफपीओ का गठन किया गया है, जिसकी संख्या 257 है। यह एजेंसी भी भारत सरकार के गाइडलाइन पर चलता है। मंत्री कांग्रेस विधायक शिल्पी नेहा तिर्की के अल्पसूचित प्रश्न का जवाब दे रहे थे।

अंचलाधिकारी के भ्रष्टाचार की जांच कर तीन सप्ताह में रिपोर्ट देंगे : मंत्री

विधायक कमलेश सिंह ने हुसैनाबाद के अंचलाधिकारी एनके राम पर ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के माध्यम से गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद अंचलाधिकारी ने 1956-57 से अभी तक का रशीद एक साथ ही काट दिया है। इसमें बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हुआ है। उन्होंने कहा कि ऐसे पदाधिकारी पर कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि यदि उनका आरोप गलत साबित हुआ तो वह सदन से इस्तीफा दे देंगे। जवाब में प्रभारी मंत्री जोबा मांझी ने कहा कि पूरे मामले की जांच पलामू उपायुक्त से कराकर तीन सप्ताह में रिपोर्ट देंगे। मंत्री के जवाब पर विधायक कमलेश सिंह ने कहा कि तीन सप्ताह नहीं दो सप्ताह के भीतर जांच कर कार्रवाई हो। उन्होंने कहा कि सदन में सवाल आने के बाद भी जब भ्रष्ट पदाधिकारी को बचाया जाएगा तो इस सदन का क्या औचित्य रहेगा। इसपर मंत्री ने कहा कि चलते सत्र में ही जांच कर जवाब दिया जाएगा और कार्रवाई भी होगी।

गौरव व विकास की नयी गाथा लिखेगा जी-20 समिट : योगेंद्र प्रताप सिंह

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : झारखंड भाजपा के प्रदेश मीडिया सह प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह ने कहा है कि विश्व की 20 प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं का समूह जी-20 के गठन के 23 सालों के इतिहास में भारत पहली बार इस वर्ष इसकी मेजबानी कर रहा है। भारत के लिए पिछले 75 साल में यह सबसे बड़ा अंतरराष्ट्रीय आयोजन भी है। भारत 1 दिसंबर 2022 से 30 नवंबर 2023 तक जी-20 की अध्यक्षता कर रहा है। जिसके तहत देश के 60 से अधिक शहरों में 200 से

अधिक बैठकें आयोजित करने की योजना है। इसके पीछे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मूल उद्देश्य पूरी दुनियां को देश की विविधताओं का, देश की विभिन्न संस्कृतियों का, खान-पान का, विभिन्न वेश-भूषा का, अलग-अलग राज्यों में बोली जाने वाली विभिन्न भाषाओं का यादि समग्र भारत का दर्शन कराना है। भारत ने जी-20 शिखर सम्मेलन 2023 के लिए 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' की थीम दी है। यह व्यापक आर्थिक नीति की चर्चा के अलावा कई साझा मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने के भारत के इरादे को व्यक्त करता है। इस संदेश में हमारी 'वसुधैव कुटुम्बकम' की भावना निहित है, जो विश्व कल्याण का मूलमंत्र के साथ भारतीय परंपरा भी रही है।

कुरमी/कुड़मी, घटवार व तेली एसटी की सूची में शामिल हों

बेरमो अनुमंडल को जिला बनाया जाए : लंबोदर

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : गोमिया विधायक डॉ. लंबोदर महतो ने झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के चौथे दिन गुरुवार को कुरमी/कुड़मी (महतो) और घटवार व कोल्ह (तेली) को अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल करने को लेकर सदन में कार्य स्थगन प्रस्ताव लाया। उन्होंने सदन में लाए अपने कार्य स्थगन प्रस्ताव में कहा कि झारखंड सरकार द्वारा 23 नवंबर, 2004 को परिषद की बैठक में छोटानागपुर की कुरमी कुड़मी (महतो) उत्तरी छोटानागपुर एवं संथाल परगना की घटवार जाति व कोल्ह (तेली) को

अनुसूचित जाति में शामिल करने के लिए भारत सरकार को अनुशंसा भेजने का निर्णय लिया गया है लेकिन उस पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है इससे पूरे राज्य में आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने शून्यकाल में हमसे सदन के माध्यम से सरकार से बेरमो अनुमंडल (मुख्यालय तेनुघाट) को जिला बनाने की मांग की है। उन्होंने सदन में कहा कि बेरमो अनुमंडल (मुख्यालय तेनुघाट) राज्य का सबसे पुराना अनुमंडल है। वर्ष 1971 में जिला गिरिडीह से अलग होकर बेरमो अनुमंडल के रूप में अस्तित्व में आया। बेरमो अनुमंडल हर दृष्टिकोण से जिला बनने की की सभी अर्हता रखता है। इस अनुमंडल में 07 प्रखंड, 15 थाना 0 6 ओपी एवं व्यवहार न्यायालय भी है। इसकी कुल आबादी 2011 के जनगणना के अनुसार करीब 11 लाख 08 हजार 735 है।

सुकर पालन पर प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के निदेशालय अनुसंधान अधीन पशु चिकित्सा संकाय में संचालित आईसीएआर - एफएमडी नेटवर्क यूनिट के जनजातीय उपपरियोजना (टीएसपी) के अधीन तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ गुरुवार को हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन बीएयू के डीन पीजी एवं आईसीएआर ङ्क एफएमडी प्रोजेक्ट के परियोजना अन्वेषक डॉ एमके गुप्ता ने किया। मौके पर किसानों को संबोधित करते हुए डॉ एमके गुप्ता ने झारखंड में सुकर पालन के महत्त्व

के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के जनजातीय समुदाय की आजीविका एवं पोषण सुरक्षा में उन्नत सुकर पालन प्रौद्योगिकी बेहद उपयोगी साबित हो रही है। बीएयू द्वारा विकसित संकर सुकर नस्ल 'झारसुक' और हाल में खोजी गयी दो देशी नस्ल बांड़ा एवं पूर्णिया से किसानों को रोजगार का साधन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के उपरांत सभी प्रतिभागियों को एक नर एवं एक मादा सुकर का वितरण किया जायेगा। इससे उन्नत सुकर पालन तकनीकी के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन के साथ-साथ पोषण सुरक्षा को बढ़ावा मिलेगा। मौके पर बीएयू के आईसीएआर ङ्क सुकर पालन प्रोजेक्ट के परियोजना प्रभारी एवं कोर्स कोऑर्डिनेटर डॉ रविन्द्र कुमार ने झारखंड प्रदेश के उपयुक्त प्रमुख सुकर नस्लें और सुकर नस्ल 'झारसुक' की विशेषताओं, आहार एवं आवास प्रबंधन के बारे में बताया। सुकर पालन प्रशिक्षण एवं क्षमता कौशल विकास विषयक इस कार्यक्रम में रांची जिले के नामकुम प्रखंड अधीन रुदुंग कोचा गांव के कुल 26 जनजातीय महिला एवं पुरुष किसान भाग ले रहे है।

रांची में भालू ने किया हमला, गंभीर

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : रांची के बुंडू थाना क्षेत्र के हुमटा गांव के समीप जंगली क्षेत्र में गुरुवार को एक व्यक्ति पर दिनदहाड़े भालू ने हमला कर दिया। भालू के हमले से हुमटा गांव निवासी घासीराय मुंडा (60) गंभीर रूप से घायल हो गये. मिली जानकारी के अनुसार घासीराय मुंडा जलावन की लकड़ी लाने जंगल गया था। इसी दौरान जंगली भालू ने अचानक हमला कर दिया। घासीराय के साथ जंगल गए लोगों ने हिम्मत जुटाकर भालू से किसी तरह उनको छुड़ाया। इसकी जानकारी ग्रामीणों ने स्थानीय जनप्रतिनिधि और पुलिस को दी। इसके बाद घायल अवस्था में एंबुलेंस से रिम्स में भर्ती कराया गया है। पीड़ित के परिजनों को तत्काल इलाज के लिए दस हजार रुपये बुंडू वन विभाग की ओर से दिया गया।

आकाश बायजू ने अपनी तरह का अनूठा, स्व-मूल्यांकन टूल..

एनसीईआरटी को जानें (केवाईएन) नीट उम्मीदवारों के लिए लॉन्च किया

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : विषयों को आसान बनाने और छात्रों को एनसीईआरटी पाठ्यक्रमके करीब रखने के अपने प्रयास में, भारत में परीक्षा तैयारी सेवाओं में अग्रणी आकाश बायजूज़ नेनीट के लिए नो योर एनसीईआरटी(केवाईएन) किट लॉन्च की है। टूलकिट आकाश बायजू के ग्यारहवीं से बारहवीं कक्षा के छात्रोंको भौतिकी, रसायन विज्ञान, वनस्पति विज्ञान औरजूलॉजी में क्यूरेटेड मॉड्यूल प्रदान करेगाकेवाईएन किट को एनसीईआरटी सामग्री और अभ्यासप्रश्नों के साथ-साथ उनकी व्याख्या को ध्यान में रखते हुए लगातार संशोधन के पूछे गएहैं। एनसीईआरटी पाठ्यपुस्तकों की कई पंक्तियां जो एनईईटी के लिए प्रासंगिक हैं लेकिनअक्सर छात्रों द्वारा अनदेखा की जाती हैं, उनके आधार पर प्रश्न बनाने के लिए गहराई से विश्लेषणकिया गया है।

केवाईएन छात्रों को एनईईटी में पूछे जाने वाले प्रश्नों की एक विस्तृतश्रृंखला को समझने में सहायता करेगा और सटीकताके साथ ऐसे प्रश्नों का उत्तर देने की क्षमता हासिल करेगा।

बुटिक्स ऑफ इंडिया प्रदर्शनी के 19 वें संस्करण का शुभारंभ

प्रदर्शनी में लखनवीं कुर्ती से लेकर कोलकत्ता की साड़ियों की धूम

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : दो दिवसीय बुटिक्स ऑफ इंडिया प्रदर्शनी के 19 वें संस्करण का उद्घघाटन गुरुवार को रांची के होटल चाणक्या बीएनआर में किया गया। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि रांची की महापौर आशा लकड़ा व बुटिक्स ऑफ इंडिया के संस्थापक एवं सीईओ संजय अग्रवाल द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस दो दिवसीय प्रदर्शनी में 40 स्टॉल लगाए गए हैं, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों के डिजाइनर ज्वेलरी,

कपड़े, घरेलू सजावट उत्पाद, फुटवेयर्स आदि ग्राहकों के लिए उपलब्ध हैं। इस अवसर पर उपस्थित बुटिक्स ऑफ इंडिया के संस्थापक एवं सीईओ संजय अग्रवाल ने बताया कि हम इस बार ग्राहकों के लिए त्योहारों एवं शादियों के सीजन को ध्यान में रखते हुए इस प्रदर्शनी को यहां लेकर आए हैं। यहां ग्राहक विभिन्न प्रकार के उत्पादों से अपनी जरूरतों को पूरा कर सकते हैं। यह प्रदर्शनी सभी ग्राहकों के लिए निःशुल्क प्रवेश के साथ सुबह 10 बजे से रात 9 बजे तक खुला रहेगा।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

चुरी में लंबित नौकरी की मांग को लेकर हुई त्रिपक्षीय वार्ता, नहीं निकला कोई नतीजा

14 मार्च तक नौकरी नही तो 15 से अनिश्चित काल के लिए बंद होगा चुरी खदान

प्रभात मंत्र संवाददाता

खलारी : चूरी परियोजना पदाधिकारी कमल मांझी की अध्यक्षता में चूरी कार्यालय परिसर में बिहार कोलियरी कामगार यूनियन (सीटू) के नेता और चूरी के रैयत ग्रमीणों के साथ त्रिपक्षीय वार्ता किया गया. त्रिपक्षीय वार्ता में चूरी के बाकी बचे रैयतों की नौकरी के मुद्दे पर गहन चर्चा किया गया. इस बैठक में यूनियन के नेताओं ने कहा कि एक

साल पहले जीएम कार्यालय के सामने बी,सी,के,यू के बैनर तले छह दिनों तक धरना दिया गया था उसके बाद जीएम कार्यालय में वार्ता हुई जिसमें यह कह कर धरना को समाप्त किया गया की बहुत जल्द बाक़ी बचे लोगों को नौकरी दी जाएगी लेकिन अभी तक काम नहीं हुआ. इस पर चूरी परियोजना पदाधिकारी के द्वारा दो महीने का समय माँगा गया. रैयतों ने समय देने से इनकार कर दिया और कहा की अगर 14 मार्च तक रैयतों को नियुक्ति पत्र नहीं मिलता है, तो 15 मार्च से चूरी खदान को अनिश्चितकालीन के लिए काम को बंद कराया जाएगा. बैठक में मुख्य रुप से बीसीकेयू के जोनल अध्यक्ष रतिया गंझू,एनके एरिया अध्यक्ष इरफान खान, जोनल सचिव जंगबहादुर राम,राजेश महतो,अशोक महतो, तुलसी महतो,नागो महतो, बीरेन्दर महतो,लोकनाथ महतो, महेश महतो,शंकर कुमार महतो, सिकन्दर कुमार,कलेसर महतो, अशोक प्रजापति सहित अन्य रैयत यूनियन नेता उपस्थित थे.

ग्राम सभा हरुहप्पा के ग्रामीणों ने श्रम दान से बनाया बोरी बांध

प्रभात मंत्र संवाददाता

कर्रा : प्रखंड के कुदलुम पंचायत अंतर्गत हरूहप्पा गांव के ग्रामीणों ने गुरूवार को श्रम दान करके तजना नदी में बोरी बांध बनाया. ग्रामीणों ने बताया कि गांव में पानी की समस्या व भीषण गर्मी को ध्यान में रखतें हुए ग्राम सभा हरूहप्पा के सदस्यों ने संयुक्त रूप से निर्णय लेकर गुरुवार को संयुक्त रूप से बोरी बांध बनाया गया. ग्राम सभा के सदस्य राजेश संगा ने कहा की नदी में बोरी बांध बनाने से नदी का सारा पानी बह कर निकल जाता है और गर्मी में हम इंसानों के साथ-साथ मवेशियों को भी पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है. बोरी बांध बनाने से भारी मात्रा में हम लोग पानी को संग्रह करके आस-पास के खेत पर लगाया गया फसल का सिंचाई, मवेशियों के लिए पीने का पानी व हम लोगों के लिए नहाने धोने का पानी मिल जाएगा.और नदी के आसपास के क्षेत्र में हरियाली रहने से मवेशियों को चारा का प्रबंध हो जाएगा. इसके पूर्व हम लोगों ने सामुहिक रूप से बोरी बांध बनाकर काफी लाभ उठाया है. बोरी बांध बनाने में हरुहप्पा गांव के ग्राम सभा सचिव सोमरा मुंडा, खापा पहान, सहाय मुंडा, भीखू पहान, नीमी संगा, पैका पहान, फगनी संगा, हिरण होरो, राजकुमार पहान, इलिसबा संगा, सलीम संगा, सतुरा मुंडा, सुनील होरो, शंकर हेरेंज, सामुएल के अलावे गांव के अन्य लोग का मुख्य योगदान रहा।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अड़की के सोसोकुटी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

अड़की : खुंटी जिला अंतर्गत अड़की प्रखंड क्षेत्र के सोसोकुटी डैम परिसर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कुरीतियों के निवारण हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में परियोजना निदेशक,आई.टी.डी.ए, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी एवं अन्य अतिथियों का तेजस्विनी क्लब की बच्चियों द्वारा पारंपरिक रूप से स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों व अन्य किशोरियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया साथ ही तेजस्विनी क्लब की जिला समाज कल्याण पदाधिकारी द्वारा तेजस्विनी परियोजना परिचय प्रस्तुत किया गया। मौके पर परियोजना निदेशक, द्रुज्ञष्ठ ने कहा कि महिलाओं को मात्र सामाजिक नहीं बल्कि आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में भी अग्रसर होने की आवश्यकता है। आगे उन्होंने बताया कि समाज मे व्याप्त विषमताओं व कुरीतियों को जड़ से खत्म करें व जागरूक दृष्टिकोण अपनाएं।उन्होंने कहा कि समाज में बच्चियों और बेटों में समानता महत्वपूर्ण है। माहिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रखरता का प्रमाण दे रही हैं।

निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन

ओरमांझी (प्रभात मंत्र संवाददाता): थई आई क्लीनिक ईरबा के तत्वाधान में गुरुवार को सिकिदिरी स्थित जसपुर गांव में निशुल्क आंख शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में निशुल्क आंख जांच के साथ-साथ निशुल्क दवा एवं ब्लड प्रेशर का भी जांच किया गया। शिविर का लाभ कुल 50 मरीजों ने लिया। इस अवसर पर चिकित्सकों ने मौखिक स्वास्थ्य जागरूकता एवं शिक्षा कार्यक्रम का संचालन किया। चिकित्सकों की टीम ने शिविर में आंख में होने वाली बीमारियों एवं इसके रोकथाम के बारे में विस्तार से बताया।आंखों की देखभाल के लिए विशेष रूप से जानकारी दी। वहीं डॉक्टर विशाल कुमार चौधरी ने बताया कि आंख के उचित देखभाल एवं साफ-सफाई से आंख में होने वाले कई गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है। यदि आंख में किसी प्रकार का कोई लक्षण दिखाई दे तो तत्काल समय रहते चिकित्सकों से उचित परामर्श लेनी चाहिए। ताकि इससे बाद में होने वाली परेशानियों से बचा जा सके।

पेड़ से गिर कर महिला की मौत

इटकी (प्रभात मंत्र संवाददाता): थाना क्षेत्र के गढ़गांव की बिरसी देवी (54) की पेड़ से गिरने के कारण मृत्यु हो गयी. जानकारी के अनुसार बिरसी बुधवार की शाम परसा पतरा स्थित एक फुटकल के पेड़ पर चढ़कर उसकी पत्ती तोड़ रही थी. इसी क्रम में पेड़ से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गयी. सूचना पर पहुंचे उसके पति मंगरा उरांव ने इलाज के लिये बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया. बाद में रिम्स ले जाने के दौरान उसकी मृत्यु हो गयी. विधायक शिल्पी नेहा तिर्की के निर्देश पर गुरुवार को विधायक प्रतिनिधि राजन किस्पोट्टा, रमेश महली व अमूल्य लकड़ा ने मृतक के परिजनों से भेंट कर आर्थिक सहयोग के अलावा 50 केजी चावल उपलब्ध कराया.

पशुपालन विभाग की टीम ने कौओ के मरने की जांच की

इटकी (प्रभात मंत्र संवाददाता): पशुपालन विभाग की एक टीम ने गुरुवार को एकता नगर में कौओं की हो रही अस्वभाविक मौत की जांच की.इस क्रम में मृत एक कौआ के शरीर का स्वाब लिया.इसे कोलकाता स्थित जांच केंद्र भेजे जाने की जानकारी दी.जांच रिपोर्ट एक सप्ताह में आने की बाते कही गयी.सदस्यों ने कहा कि इसमें घबराने की बात नही है,सिर्फ चौकस रहना है.टीम में पशु चिकित्सक डॉ अभिमन्यु प्रसाद, डॉ नवीन कुमार आर्य व डॉ शिवानंद कांसी के अलावा मनोज कुमार, लाल बहादुर सिंह, गोरी शंकर पंडित व किशुन मिंज सहित अन्य शामिल थे.

डीएमएफटी प्रशिक्षण केंद्र में आजादी के अमृत महोत्सव जी20 कार्यक्रम का आगाज किया गया

खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता): खलारी प्रखंड के डीएमएफटी प्रशिक्षण केंद्र में आजादी के अमृत महोत्सव जी 20 के अंर्तगत वित्तिय साक्षरता एवं डिजिटल ट्रांजेक्शन अभियान, वित्तीय समावेशन से सशक्तीकरण, (15 फरवरी से 15 अगस्त 2023) 6 माह तक का एक विशेष अभियान का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया. अभियान का मुख्य उद्देश्य, स्वयं सहायता समूह के सदस्यों की वित्तीय सेवाओं, डिजीटल लेन-देन एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओ की पहुँच को आसान बनाना हैं. साथ ही प्रखंड स्तर पर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन कर सशक्त महिला समृद्ध गाँव स्लोगन के साथ रैली निकाली गयी. मौके पर जिला परिषद सदस्य- सरस्वती देवी,बीआईओ शाखा प्रबंधक आलोक कुमार,पीएनबी शाखा प्रबंधक मुकेश कुमार,केनरा बैंक शाखा प्रबंधक रोहित कुजूर, प्रखंड कृषि पदाधिकारी आदित्य नाथ झा, जे.एस.एल.पी.एस. बी.पी.एम. जया कुमारी,एफ.टी.सी. हरेराम कुमार,सी.सी. - धनेश्वर उरांव,आई.पी.आर.पी. शांति देवी,आई.पी.आर.पी. राजू महली, डी.ई.ओ.सद्दाम हुसैन सी.एल फ.अध्यक्ष आशा खलखो,बी.आर.पी.मनीष लोहरा ,बैंक सखी सुनिशा केरकेट्टा, कांता केरकेट्टा, अलीना बानो, पूनम देवी एवं स्वयं सहायता समूह की अन्य दीदीयां मौजूद थी.

थाना परिसर में होली व शब ए बरात त्योहार को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन

बेड़ो(प्रभात मंत्र संवाददाता): बेड़ो थाना परिसर में गुरूवार को होली व शब ए बरात त्योहार को लेकर शांति समिति का बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता डीएसपी रजत मानिक बाखला ने किया। बैठक में होली और शब ए बरात के त्योहार शांतिपूर्ण व आपसी सौहार्द के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। डीएसपी रजत मानिक बाखला ने कहा कि किसी भी तरह के अशांति की खबर मिले तो थाना को तुरंत खबर किजिए एवं रात्रि 10 बजे के बाद डीजे साउंड बजाने पर कार्यवाई की जाएगी।मौके पर इंस्पेक्टर अरुण कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रवीन कुमार, अंचल अधिकारी सुमंत तिर्की, थाना प्रभारी मनीष कुमार गुप्ता कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष करमा उरांव, राकेश भगत, मंटा खान, धनंजय कुमार राय, सब्दुल मालिक, सुशान्ति भगत, रैफुद्दीन मिरदाहा, नवदीप महतो, विशनाथ गोप, शमशाद आलम, हरिचरण महतो, अब्दुल मतीन, संतोष कुमार, रशीद खान, रेयाज अंसारी एवं अन्य उपस्थित थे ।

होली, शब ए बरात व सरहुल को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

मुरी : ओपी थाना परिसर में गुरुवार को शांति समिति की बैठक सह होली मिलन समारोह का आयोजन इंस्पेक्टर नीरज कुमार की अध्यक्षता में किया गया! उन्होंने कहा कि सभी त्योहारों को देखते हुए आपलोग भाई चारे के साथ होली त्यौहार को मनाएं आपसी विवाद खड़ा ना करें! प्रशासन आपके साथ हैं! त्योहारों में कोई भी समस्या होती है तो इसकी सूचना तुरंत प्रशासन को दीजिए तुरंत उस पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी! इंस्पेक्टर नीरज कुमार ने होली, शबेबरात,सरहुल त्योहारों को शांतिपूर्वक मनाने की अपील की है!इस बैठक में जनप्रतिनिधि समेत शांति समिति के सदस्य उपस्थित रहे! सभी ने त्यौहार को लेकर अपने अपने विचार को रखें! मुरी ओपी परिसर में एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की हार्दिक शुभकामनाएं दिए! शांति समिति बैठक का समापन ओपी प्रभारी बबलू कुमार ने सभी को धन्यवाद देकर किया! इस मौके पर, मुरी रेलवे ओसी रूपेश कुमार, पवन कुमार, राजकीय रेल थाना प्रभारी जमादार मुंडा, देवेंद्र सिंह, सिल्ली थाना प्रभारी आकाशदीप, भाजपा मंडल अध्यक्ष विनोद प्रसाद साहू, पंचायत समिति अरविंद कुमार, बांसरुली पंचायत मुखिया लालू राम उरांव, विसरिया पंचायत मुखिया जितनी देवी, समेत काफी संख्या में शांति समिति के सदस्य मौजूद थे।

शांति समिति की बैठक संपन्न

नामकुम : टाटीसिल्वे थाना में होली एवम शब्बे बारात को लेकर शांति समिति कि बैठक बुलाई गई। बैठक कि अध्यक्षता थाना प्रभारी महेंद्र करमाली ने कि। उन्होंने कहा कि शांति, सदभाव के साथ पर्व मानना है। इसे देखते हैं 70 बाँच्छित लोगो पर केस किया है ताकि शांति व्यवस्था बनी रहे। रात्रि 10 बजे के बाद डी जे भी नही बजाना है।सड़क सुरक्षआ पर भी जाग रुकता लानी है। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह,कांग्रेस नेता अशोक मिश्रा,मुखिया कृष्णा पाहन,संदीप तिर्कि,पूर्व मुखिया सोहन मुंडा,प्रधान किस्टो कुर्जु, उमेश बड़इक,समाजसेवी माधुरी देवी,अर्चना मिश्रा, सनील जॉय,राजेश मिश्रा,राजेश यादव,अमित मिश्रा, गजु महतो,गिरिधर मिश्रा,सुमित महतो, सयनाथ महतो, सुरेंद्र कच्छप,श्याम पाहन ,राम चरण पाहन इत्यादि उपस्थित थे। सभी अतिथियो ने एक दूसरे को अबीर लगाकर एवम मिठाइयां खिलाकर एक दूसरे को बधाई दी।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया
Email ID: eedwsd.jhumaritellaiya@gmail.com

आम सूचना

एतद द्वारा आम नागरिकों को सूचित किया जाता है कि आगामी आसन्न ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए पेयजल समस्या के निदान एवं नलकूपों के साधारण मरम्मति हेतु पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल झुमरीतिलैया अंतर्गत जिलास्तरीय नियंत्रण कक्ष का गठन किया गया है जो निम्नवत है :–

जिलास्तरीय नियंत्रण कक्ष के कर्मचारी / सदस्य जो निम्न है :–

(1) श्री भोला पासवान, प्रधान लिपिक, मो0 – 9835946570
(2) श्री विकास कुमार मिश्रा नि0व0लिपिक मो0 – 7903724526
(3) श्री विशाल कुमार, नि0व0लिपिक मो0 – 7269057933
(4) श्री अनिल कुमार, नि0 व0 लिपिक मो0 – 6299093017

अवर प्रमंडल स्तर पर नियंत्रण कक्ष के कर्मचारी / सदस्य जो निम्न है

क्र0सं0	प्रभारी का नाम/पदनाम	अपेक्षित प्रखंड	मोबाइल नम्बर
1	श्री सुभाष चन्द्र शर्मा, कोशरक्षक,	कोडरमा, डोमचाँच, एवं सतगाँवा	8809959221
2	श्री दिनेश गोप, निम्न वर्गीय लिपिक	चंदवारा, जयनगर एवं मरकच्चो	9835930450

इसके अतिरिक्त कनीय अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के अधीन निम्नलिखित दूरभाष नम्बर पर सम्पर्क कर भी शिकायत दर्ज कराया जा सकता है जो निम्न प्रकार है :–

क्र0	नाम	पदनाम	प्रखंड / प्रशाखा	मोबाइल नम्बर
1.	श्री प्रमोद कुमार सिन्हा	कनीय अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रशाखा जयनगर	जयनगर	**8969448444**
2.	श्री संजय कुमार,	कनीय अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रशाखा, कोडरमा / डोमचाँच	कोडरमा / डोमचाँच	**8797501415**
3.	श्री दीपक कुमार	कनीय अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रशाखा मरकच्चो	मरकच्चो	**8292415177**
4.	श्री सुनील कुमार	कनीय अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रशाखा झुमरीतिलैया/सतगावाँ	झुमरीतिलैया/ सतगाँवा	**7352924901**
5.	श्री प्रमोद कुमार सिन्हा	कनीय अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रशाखा चंदवारा	चंदवारा	**8969448444**

(2) उपर्युक्त के अलावे सभी प्रखंड कार्यालय, में शिकायत पंजी संधारित किया गया है जिसमें चापाकल मरम्मति की शिकायत दर्ज कराया जा सकती है।

(3) शिकायकर्ता जिला नियंत्रण कक्ष/प्रखण्ड को निम्न सूचना के साथ शिकायत देना चाहेंगे ताकि साधारण मरम्मति कर चालू करने के उपरांत आपके मोबाइल पर सूचना दी जा सके :–

(क) प्रखण्ड का नाम :– .....
(ख) पंचायत का नाम :– .....
(ग) ग्राम का नाम :– .....
(घ) टोला/निकटवर्ती व्यक्ति का नाम :– .....
(ड) ग्रामीण जलापूर्ति योजना का नाम :– .....
(च) शिकायतकर्ता का नाम :– .....
(छ) मोबाईल नं0 / दूरभाष नं0 (यदि हो) :– .....

(4) ग्रामीण जनता को सूचित किया जाता है कि नलकूप मरम्मति के दौरान किसी भी नलकूप मिस्त्री द्वारा मरम्मति हेतु राशि की माँग की जाती है तो उक्त संबंधित प्रखण्ड के कनीय अभियंता/सहायक अभियंता एवं नियंत्रण कक्ष, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के मोबाईल/दूरभाष पर तुरन्त सूचित करें ।

(ई0 चन्द्रशेखर) कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल झुमरीतिलैया।

PR.NO.291697 Drinking Water and Sanitation(22-23):D

झारखण्ड सरकार,
गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग।

45वीं औपबंधिकसूची — जिलाः–हजारीबाग

क्र0	आवेदनकर्त्ता की विवरणी	काण्ड/वाद संख्या	झारखण्ड आन्दोलन के सेनानी पुस्तक में नाम अंकित है अथवा नही	आन्दोलनकारी होने का संक्षिप्तकारण	गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, रांची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक– 20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका
1.	1. आवेदन क्र0–22/2023 2. आवेदककानाम–रूपन मिस्त्री उर्फ रूपन करमाली 3. पिताका नाम–स्व0 सहजुन मिस्त्री उर्फ सहजु करमाली 4. ग्राम–चैनपुर पोस्ट–चैनपुर 6. थाना–माण्डू प्रखण्ड–डाडी 8. लिंग–पुरूष आयु–52 वर्ष 9. पहचानचिन्ह–अंकित नही।	हजारीबाग वाद सं0 361/83	नहीं	कारण :– दिनांक–09–10.05.1983 को झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के जेल भरो अभियान के दौरान विधि–व्यवस्था भंग करने का आरोप। धारा–107, 113 द0प्र0सं0 पार्टी का नामः–झामुमो जेल की अवधि–01 दिन।	कंडिका–2(viii)(a)
2.	1. आवेदन क्र0–1005 2. आवेदककानाम–मकेश्वर महतो उर्फ पुसन महतो 3. पिताकानाम–डोमन महतो 4. ग्राम–चैनपुर 5. पोस्ट–चैनपुर 6. थाना–माण्डू 7. प्रखण्ड–डाडी 8. लिंग–पुरूष 9. पहचानचिन्ह–अंकित नही। 10. आयु–47 वर्ष	हजारीबाग वाद सं0 361/83	नहीं	कारण :– दिनांक–09–10.05.1983 को झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के जेल भरो अभियान के दौरान विधि–व्यवस्था भंग करने का आरोप। धारा–107, 113 द0प्र0सं0 पार्टी क नामः–झामुमो जेल की अवधि–01 दिन।	कंडिका–2(viii)(a)
3.	1. आवेदन क्र0–1007 2. आवेदककानाम–काशीनाथ महतो 3. पिताका नाम–स्व0 टहल महतो 4. ग्राम–चैनपुर 5. पोस्ट–चैनपुर 6. थाना–माण्डू 7. प्रखण्ड–डाडी 8. लिंग–पुरूष 9. पहचानचिन्ह–अंकितनही। 10. आयु–56 वर्ष	हजारीबाग वाद सं0 361/83	नहीं	कारण :– दिनांक–09–10.05.1983 को झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के जेल भरो अभियान के दौरान विधि–व्यवस्थाभंगकरनेकाआरोप। धारा–107, 113 द0प्र0सं0 पार्टीकानामः–झामुमो जेल की अवधि–01 दिन।	कंडिका–2(viii)(a)
4.	1. आवेदन क्र0–1017 2. आवेदककानाम–नन्दकिशोर महतो उर्फ बल्कु महतो 3. पिताका नाम–स्व0 रामजीत महतो 4. ग्राम–चैनपुर 5. पोस्ट–चैनपुर 6. थाना–माण्डू 7. प्रखण्ड–डाडी 8. लिंग–पुरूष 9. पहचानचिन्ह–अंकित नही। 10. आयु–55 वर्ष	हजारीबाग वाद सं0 361/83	नहीं	कारण :– दिनांक–09–10.05.1983 को झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के जेल भरो अभियान के दौरान विधि–व्यवस्था भंग करने का आरोप। धारा–107, 113 द0प्र0सं0 पार्टी का नामः–झामुमो जेल की अवधि–01 दिन।	कंडिका–2(viii)(a)
5.	1. आवेदन क्र0–979 2. आवेदककानाम–कमेश्वर महतो उर्फ करम महतो 3. पिताकानाम–छतो महतो उर्फ दाहो महतो 4. ग्राम–चैनपुर 5. पोस्ट–चैनपुर 6. थाना–माण्डू 7. प्रखण्ड–डाडी 8. लिंग–पुरूष 9. पहचानचिन्ह–अंकित नही। 10. आयु–50 वर्ष	हजारीबाग वाद सं0 361/83	नहीं	कारण :– दिनांक–09–10.05.1983 को झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के जेलभरो अभियान के दौरान विधि–व्यवस्था भंग करने का आरोप। धारा–107, 113 द0प्र0सं0 पार्टी का नामः–झामुमो जेल की अवधि–01 दिन।	कंडिका–2(viii)(a)
6.	1. आवेदन क्र01028 2. आवेदककानाम–महेश महतो 3. पिताका नाम–स्व0 मंगर महतो 4. ग्राम–चैनपुर 5. पोस्ट–चैनपुर 6. थाना–माण्डू 7. प्रखण्ड–डाडी 8. लिंग–पुरूष 9. पहचानचिन्ह–अंकित नही। 10. आयु–64वर्ष	हजारीबाग वाद सं0 361/83	नहीं	कारण :– दिनांक–09–10.05.1983 को झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के जेल भरो अभियान के दौरान विधि–व्यवस्था भंग करने का आरोप। धारा–107, 113 द0प्र0सं0 पार्टी का नामः–झामुमो जेल की अवधि–01 दिन।	कंडिका–2(viii)(a)
7.	1. आवेदन क्र01004 2. आवेदककानाम–भुवनेश्वर कुमार उर्फ भुवनेश्वर महतो 3. पिताकानाम–पोखनाथ महतो 4. ग्राम–चैनपुर 5. पोस्ट–चैनपुर 6. थाना–माण्डू 7. प्रखण्ड–डाडी 8. लिंग–पुरूष 9. पहचानचिन्ह–अंकित नही। 10. आयु–68वर्ष	हजारीबाग वाद सं0 716/98	नहीं	कारण :– दिनांक–16.12.1998 को झारखण्ड बंद की तिथि को विधि–व्यवस्था भंग करनेका आरोप। धारा–107, 151 द0प्र0सं0 पार्टीका नामः–अन्य जेल की अवधि–03 दिन।	कंडिका–2(viii)(a)
8.	1. आवेदन क्र0–64 2. आवेदककानाम–सुरेन्द्र कुमार महतो उर्फ सुरेन्द्र कुमार 3. पिताकानाम–नारायण महतो 4. ग्राम–होसिर 5. पोस्ट–डाडी 6. थाना–गिद्धी 7. प्रखण्ड–डाडी 8. लिंग–पुरूष 9. पहचानचिन्ह–अंकित नहीं 10. आयु–44वर्ष	हजारीबाग वाद सं0 716/98	नहीं	कारण :– दिनांक–16.12.1998 कोझारखण्ड बंद की तिथि को विधि–व्यवस्था भंग करनेका आरोप। धारा–107, 151 द0प्र0सं0 पार्टीका नामः–अन्य जेल की अवधि–03 दिन।	कंडिका–2(viii)(a)
9.	1. आवेदन क्र0–63 2. आवेदककानाम–प्रह्लाद सिंह 3. पिताकानाम–झबर घटवार उर्फ झबर सिंह 4. ग्राम–कोदवे 5. पोस्ट–डाडी 6. थाना–गिद्धी 'ए' 7. प्रखण्ड–डाडी 8. लिंग–पुरूष 9. पहचानचिन्ह–अंकित नहीं। 10. आयु–50वर्ष	हजारीबाग वाद सं0 716/98	नहीं	कारण :– दिनांक–16.12.1998 कोझारखण्ड बंद कीतिथि को विधि–व्यवस्था भंगकरने का आरोप। धारा–107, 151 द0प्र0सं0 पार्टीकानामः–अन्य जेल की अवधि–03 दिन।	कंडिका–2(viii)(a)
10	1. आवेदन क्र0–416 2. आवेदककानाम–सोहराम मांझी 3. पिताकानाम–देना मांझी 4. ग्राम–चैनपुर 5. पोस्ट–चैनपुर 6. थाना–माण्डू 7. प्रखण्ड–डाडी 8. लिंग–पुरूष 9. पहचानचिन्ह–अंकित नहीं। 10. आयु–41 वर्ष	माण्डू थाना काण्ड सं0 147/94	नहीं	कारण :– दिनांक–06.06.1994 कोझारखण्ड बन्दी की तिथि को विधि व्यवस्था भंग करनेका आरोप धारा–147/148/149 मा0द0वि0 पार्टीका नाम–अन्य जेल की अवधि–06दिन	कंडिका–2(viii)(a)
11.	1. आवेदन क्र0 415 2. आवेदककानाम–महावीर मांझी 3. पिताकानाम–कमल मांझी 4. ग्राम–चैनपुर 5. पोस्ट–चैनपुर 6. थाना–माण्डू 7. प्रखण्ड–डाडी 8. लिंग–पुरूष 9. पहचानचिन्ह–अंकित नहीं। 10. आयु–37वर्ष	माण्डू थाना काण्ड सं0 147/94	नहीं	कारण :– दिनांक–06.06.1994 को झारखण्ड बन्दी की तिथि को विधि व्यवस्था भंगकरने काआरोप धारा–147/148/149 मा0द0वि0 पार्टीकानाम–अन्य जेल की अवधि–06 दिन	कंडिका–2(viii)(a)
12	1. आवेदन क्र0 23/23 2. आवेदककानाम–रामलाल मांझी 3. पिताकानाम–बसिया मांझी 4. ग्राम–चैनपुर 5. पोस्ट–चैनपुर 6. थाना–माण्डू 7. प्रखण्ड–डाडी 8. लिंग–पुरूष 9. पहचानचिन्ह–अंकित नहीं। 10. आयु–49वर्ष	माण्डू थाना काण्ड सं0 147/94	नहीं	कारण :– दिनांक–06.06.1994 कोझारखण्ड बन्दी की तिथि को विधि व्यवस्था भंग करनेका आरोप धारा–147/148/149 मा0द0वि0 पार्टी का नाम–अन्य जेल की अवधि–06 दिन	कंडिका–2(viii)(a)
13	1. आवेदन क्र0–414 2. आवेदक का नाम–बहादुरमहतो 3. पिताका नाम–नेमधर महतो उर्फ नेमधारी महतो 4. ग्राम–चैनपुर 5. पोस्ट–चैनपुर 6. थाना–माण्डू 7. प्रखण्ड–डाडी 8. लिंग–पुरूष 9. पहचानचिन्ह–अंकित नहीं। 10. आयु–54वर्ष	माण्डू थाना काण्ड सं0 147/94	नहीं	कारण :– दिनांक–06.06.1994 को झारखण्ड बन्दी की तिथि को विधि व्यवस्था भंग करनेका आरोप धारा–147/148/149 मा0द0वि0 पार्टीका नाम–अन्य जेल की अवधि–06 दिन	कंडिका–2(viii)(a)
14	1. आवेदन क्र0–24/23 2. आवेदककानाम–दशरथ महतो 3. पिताका नाम–स्व0 भोला महतो 4. ग्राम–चैनपुर 5. पोस्ट–चैनपुर 6. थाना–माण्डू 7. प्रखण्ड–डाडी 8. लिंग–पुरूष 9. पहचानचिन्ह–अंकित नहीं। 10. आयु–53वर्ष	माण्डू थाना काण्ड सं0 147/94	नहीं	कारण :– दिनांक–06.06.1994 कोझारखण्ड बन्दी की तिथिको विधि व्यवस्था भंग करने का आरोप धारा–147/148/149 मा0द0वि0 पार्टीका नाम–अन्य जेल की अवधि–06 दिन	कंडिका–2(viii)(a)
15	1. आवेदन क्र0–1016 2. आवेदककानाम–पुरन्दर ओहदार उर्फ पुरन्दर महतो 3. पिताका नाम–स्व0 झंगु ओहदार उर्फझंगु महतो 4. ग्राम–चैनपुर 5. पोस्ट–चैनपुर 6. थाना–माण्डू 7. प्रखण्ड–डाडी 8. लिंग–पुरूष 9. पहचानचिन्ह–दाहिने गाल पर तिल। 10. आयु–53 वर्ष	माण्डू थाना काण्ड सं0 147/94	नहीं	कारण :– दिनांक–09–10.05.1983 को झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के जेलभरो अभियान के दौरान विधि–व्यवस्था भंग करने का आरोप। धारा–143/341/188 मा0द0वि0 पार्टी का नाम–झामुमो जेल की अवधि–06 दिन	कंडिका–2(viii)(a)
16	1. आवेदन क्र0–1101 2. आवेदककानाम–कामेश्वर सिंह 3. पिताका नाम–स्व0 गानो सिंह 4. ग्राम–कराली 5. पो0–केरेडारी 6. थाना–केरेडारी 7. प्रखण्ड–केरेडारी 8. लिंग–पुरूष 9. पहचानचिन्ह–माथा के बॉयेतरफ तिल कानिशान 10. आयु–56 वर्ष	टण्डवा थाना काण्ड सं0–57/87	पृष्ठ–65 क्र0–(1)(4)	कारण :– दिनांक–19.11.1987 कोझारखण्ड बंद के दौरान न जायज मजमा बना कर हथियार से लैस होकर प्रखण्ड कार्यालय मेंतोड़ फोड करनेका आरोप। धारा–147, 148, 148 मा0द0वि0 पार्टीकानामः–अन्य	कंडिका–2 (ix)
17	1. आवेदन क्र0–1091 2. आवेदककानाम–नागेन्द्र सिंह 3. पिताका नाम–स्व0 भुनेश्वर सिंह 4. ग्राम– खपिया 5. पो0–केरेडारी 6. थाना–केरेडारी 7. प्रखण्ड–केरेडारी 8. लिंग–पुरूष 9. पहचानचिन्ह–बॉयेहाथमें तिल का निशान 10. आयु–62 वर्ष	टण्डवा थाना काण्ड सं0–57/87	पृष्ठ–65 क्र0–(1)(4)	कारण :– दिनांक–19.11.1987 को झारखण्ड बंद के दौरान न जायज मजमा बनाकर हथियार से लैस होकर प्रखण्ड कार्यालय में तोड़फोड करनेका आरोप। धारा–147, 148, 148 मा0द0वि0 पार्टीकानामः–अन्य	कंडिका–2 (ix)

नोट :– 1. सूचीमें किसी भी प्रकार की त्रुटि यथानाम, पिताका नाम, पूरा पता, लिंग, आयु, पहचान चिह्न, केस/वाद सं0, झा0 आंदोलन के सेनानी पुस्तिका, कारण, जेल अवधि आदि में पायेजाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्तिकर सकते हैं और यदि जेल गयेहैंतो उसका प्रमाणपत्र/आश्रित होनेपर मृत्यु प्रमाण पत्र उपलब्ध करावें।
2. जिन आवेदकों काचिन्हितीकरण अखबार कतरन/बैठकपंजी/सदस्यता प्रमाणपत्र के आधार पर कियागया है, वे सम्पुष्टिकरण से पूर्व उक्तकागजात को सक्षम पदाधिकारी से अभिप्रमाणित कर, इसमें नाम होने के आशय का शपथपत्र अवश्य रूप से उपलब्ध करावें।

चिन्हित/जाँच करने वाले पदाधिकारियों/कर्मियों का हस्ताक्षर।
(क्षेत्र ब0 तामांग)
उपरोक्त का टंकण एवं मिलान मेरे द्वारा किया गया है।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य — (नरसिंह मुर्मू) सदस्य — (दुर्गा उरॉव) अध्यक्ष

PR 291716 (Home) 22-23 (D)

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
कोल्हान
रांची, शुक्रवार, 03 मार्च 2023| पेज 5

टाटा स्टील ने अपने संस्थापक जे एन टाटा की 184 वीं जयंती की पूर्व संध्या पर उन्हें दी श्रद्धांजलि

टाटा स्टील के वाइस चेयरमैन नोएल एन टाटा ने कई नई परियोजनाओं का किया उद्घाटन

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : टाटा स्टील ने आज जुबली पार्क में अपने संस्थापक जमशेदजी नसरवानजी टाटा को उनकी 184वीं जयंती की पूर्व संध्या पर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर जमशेदपुर में विभिन्न परियोजनाओं का भी उद्घाटन किया गया, जो इस शहर एवं इसके परिचालन स्थलों के प्रति समूह की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। नोएल एन टाटा, वाइस चेयरमैन, टाटा स्टील ने जुबली पार्क में संस्थापक की प्रतिमा पर प्रकाश सज्जा का उद्घाटन टी वी नरेंद्रन, सीईओ एवं मैनेजिंग डाइरेक्टर, टाटा स्टील तथा कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में किया।

जुबली पार्क परिसर शानदार अग्नि

टाटा स्टील के वाइस चेयरमैन ने जुबली पार्क के भीतर निर्मित शानदार अग्नि संरचना का भी उद्घाटन किया। इस संरचना को धरती माता से उठने वाली एवं आकाश तक पहुँचने वाली ज्वाला के रूप में व्यक्त किया गया है। इस संरचना को दो भागों सब ग्राउंड स्ट्रक्चर (नींव) और सुपरस्ट्रक्चर (मूर्तिकला) में बांटा गया है। इस संरचना को टाटा स्ट्रक्चरा वाईएसटी 355 स्टील ट्यूब्स से बनाया गया है।

कीनन स्टेडियम के समीप कोविड वारियर पार्क

नोएल एन टाटा ने जमशेदपुर के स्ट्रेट माइल रोड के किनारे कोविड वारियर पार्क का भी उद्घाटन किया। यह संरचना अग्रिम पंक्ति के वारियर्स के सर्वोच्च प्रयासों के प्रति समर्पित है जिन्होंने अपने जीवन का बलिदान करते हुए महामारी के दौरान सेवा की। इन कोविड वॉरियर आर्टफॉर्म को एफआरपी में 3 मीटर ऊंचे पुतलों के रूप में डिजाइन किया गया है, जबकि केंद्रीय मूर्ति 4.5 मीटर लंबी है। यह पार्क 2500 वर्ग मीटर में फैला हुआ है।

बंजर भूमि में बना जमशेदपुर नेचर ट्रेल

इस साल स्टील सिटी में एक और महत्वपूर्ण योगदान नेचर ट्रेल है, जिसका उद्घाटन आज नोएल एन टाटा ने किया। जमशेदपुर में प्रकृति प्रेमियों के लिए लगभग 21 एकड़ की बंजर भूमि को जमशेदपुर नेचर ट्रेल में बदल दिया गया है। यह परियोजना देशी प्रजातियों एवं बांस के घने वृक्षारोपण तथा 21000 से अधिक पौधारोपण और असंख्य पारिस्थितिक तंत्रों से युक्त हरित आवरण के साथ लघु वन अवधारणा का परिचय देती है। इस वर्ष शहर भर में 40 से अधिक गोलचक्करों और अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर रोशनी से प्रकाश व्यवस्था की गई है। शहर भर के हेरिटेज भवनों और पार्कों को भी रोशन किया गया है।

सैमसंग गैलेक्सी एस 23 सीरीज कस्टम डिज़ाईंड चिपसेट के साथ बाजार में पेश

जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता): सैमसंग की नयी फ्लैगशिप स्मार्टफोन सीरीज, गैलेक्सी एस23 बाजार में उपलब्ध है। गैलेक्सी एस23 अल्ट्रा, गैलेक्सी एस 23+ और गैलेक्सी एस 23 डिवाइसेज ने पूरी एक पीढ़ी को पीछे छोड़ते हुए सर्वश्रेष्ठ इनोवेशन प्रस्तुत किए है, जिनका पर्यावरण पर प्रभाव भी बहुत कम है। गैलेक्सी एस23 सीरीज़ खरीदने के इच्छुक ग्राहक सैमसंग.कॉम और चुनिंदा रिटेल आउटलेट्स से यह स्मार्टफोन खरीद सकते हैं। गैलेक्सी एस23 अल्ट्रा में एडेप्टिव पिक्सल के साथ आल -न्यू 200 मेगापिक्सल का सेंसर है जो, बेहतरीन डिटेल्स के साथ इमेज कैप्चर करता है। सुपर क्वाड पिक्सल एएफ के साथ रियर कैमरा लक्ष्य पर 50 प्रतिशत ज़्यादा तेज़ी से फोकस करता है। गैलेक्सी एस23 सीरीज के फ्रंट कैमरा में ड्यूल पिक्सल ऑटो फोकस टेक्नोलॉजी के साथ नाईटोग्राफी फीचर दिया गया है, जो कम रोशनी में भी फ्रंट कैमरा से बेहतरीन इमेज प्राप्त करने में मदद करता है। सैमसंग का मेड इन इंडिया गैलेक्सी एस23 स्मार्टफोन सीरीज बेचने का फैसला भारत के निर्माण एवं विकास की कहानी के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

घरेलू गैस की कीमत में वृद्धि के विरोध में कांग्रेसियों ने प्रधानमंत्री का फूंका पुतला

खरसावां (प्रभात मंत्र संवाददाता): घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत में वृद्धि के खिलाफ गुरुवार खरसावां चौक में कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष कोंदो कुंभकार के नेतृत्व में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन कर जमकर नारेबाजी किया। मौके पर पुतला दहन में उपस्थित सरायकेला खरसावां जिला अध्यक्ष विशु हेमरम ने कहा कि केंद्र सरकार गरीब और आम लोगों के विरोधी सरकार है?। केंद्र सरकार ने महिलाओं को गैस सिलेंडर देकर सम्मान नहीं बल्कि जीना हराम कर दिया है। उन्होंने कहा कि हिंदुओं के पर्व होली से पहले यह केंद्र सरकार का तोहफा है। इस दौरान मुख्य रूप से जिला प्रभारी संजीव श्रीवास्तव, जिला अध्यक्ष विशु हेमरम, प्रखंड अध्यक्ष कोंदो कुंभकार, शंकर, बलभद्र, निरंजन, सौरभ, सुदाम, वीरेंद्र, सूरज, जगबंधु, सोमनाथ, आशीष, कन्हैयालाल, अमरूल, अकुल अभी कैवत और अनामुल आदि उपस्थित थे।

आत्मा शासकीय निकाय व जिला स्तरीय खाद्य सुरक्षा मिशन कार्यकारिणी समिति की बैठक सम्पन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

सरायकेला : समाहरणालय स्थित सभागार में गुरुवार को उप विकास आयुक्त प्रवीण कुमार गागराई के अध्यक्षता में आत्मा शासकीय निकाय एवं जिला स्तरीय खाद्य सुरक्षा मिशन कार्यकारिणी समिति की बैठक हुई। बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी विजय कुमार कुजूर ने आत्मा एग्रीकल्चर एक्सटेंशन 2021-22 एवं 2022-23 में प्राप्त राशि के विरुद्ध किए गए कार्यों की जानकारी दी। जिन किसान मित्र के कार्य प्रगति सही नहीं है तथा रिक्त पदों पर किसान मित्रों के चयन करने का निर्णय लिया गया। उप विकास आयुक्त ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2022- 23 में आवंटन प्राप्त होने पर किसान मेला आयोजित कर कृषकों को जागरूक करें तथा योजनाओं से लाभान्वित करना सुनिश्चित करें। योग्य लाभुकों को सरकार के योजनाओं के तहत सहायक उपकरण, एक्सचेंज सीड्स ससमय उपलब्ध कराएं ताकि अच्छी फसल हो सके। बैठक में उपस्थित डीडीएम् नाबार्ड ने कहा सरकार द्वारा किसानों को ओटल मशीन (सहायक उपकरण) उपलब्ध कराया गया है जो किसान उपयोग नहीं कर रहे हैं, ऐसे किसानों को चयनित कर उन्हें मशीन की उपयोगिता इसके फायदे तथा संचालन संबंधित विस्तार पूर्वक जानकारी दें। बैठक में जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक वीरेंद्र कुमार शीट सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

पुलिस ने गैंगस्टर अखिलेश सिंह गैंग के कन्हैया को हथकड़ी लगाकर शहर की सड़कों पर घुमाया

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : जमशेदपुर पुलिस ने शहर के गैंगस्टर अखिलेश सिंह गिरोह के सदस्य कन्हैया सिंह को कानपुर से गिरफ्तार कर देर रात सड़क मार्ग से लेकर शहर पहुंची। इधर, शहर में अखिलेश सिंह के खौफ को खत्म करने के लिए जमशेदपुर पुलिस ने गैंग के कन्हैया सिंह को हथकड़ी लगाकर शहर की सड़कों में घुमाया। इस दौरान सिटी एसपी के विजय शंकर के अलावा अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे। जानकारी देते हुए सिटी एसपी के विजय शंकर ने बताया कि शहर में कई ऐसे अपराधी मौजूद है जो अपना वर्चस्व कायम किए हुए है। ये अपराधी बड़े-बड़े व्यापारियों और अन्य लोगों से रंगदारी वसूलते है। रंगदारी नहीं देने पर उनपर फायरिंग करवाई जाती है। इन्ही सब कारणों से अपराधियों का खौफ बना रहता है। इस खौफ को खत्म करने के लिए जमशेदपुर पुलिस ने इस तरह का फैसला लिया है ताकि लोगों को पुलिस पर भरोसा हो। कन्हैया सिंह पर सीतारामडेरा थाना में आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज है. पुलिस ने कन्हैया सिंह के भतीजे अंशु चौहान को हथियार के साथ कोर्ट परिसर से गिरफ्तार किया था। पूछताछ में अंशु ने बताया था कि कन्हैया सिंह ने ही उसे हथियार दिया था. इसके बाद से कन्हैया सिंह फरार चल रहा था। टीम ने उसे कानपुर से गिरफ्तार किया।

सेविका चयन का ग्रामीणों ने किया विरोध, सीडीपीओ पर लगाया मनमानी का आरोप

नीमडीह (प्रभात मंत्र संवाददाता): चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के रसुनिया पंचायत अंतर्गत ग्राम रावताड़ा मे सेविका चयन किया गया। सेविका चयन का ग्रामीणों ने विरोध किया है। बिना प्रशस्ति पत्र दिये बाल विकास पदाधिकारी साधना चौधरी वहाँ से चली गए। ग्रामीणों का आरोप हे की सेविका चयन हेतु कुल 5 लोगों ने आवेदन दिया था (सुमन महतो, रिंकी महतो, सुलोचना महतो, नेपाली महतो, ओर रूमा महतो)। इनमे से सुलोचना महतो को चयन किया गया। जिनका शैक्षणिक योग्यता एमएससी है जबकि रूमा महतो का शैक्षणिक योग्यता एमए, बीएड है । एमए, बीएड को सेविका चयन में मान्यता नहीं दिया गया जबकि बीएड का कोर्स बच्चो का गुणवत्ता पूर्ण पठन- पाठन के लिए किया जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि इसके पूर्व में भी एक बार सीडीपीओ साधना चौधरी द्वारा गलत तरीके से सुलोचना महतो को चयन किया गया था। मौके पर रासुनिया पंचायत के मुखिया मंगल माझी, उपमुखिया समीर महतो, ग्राम प्रधान आनंद महतो, चांडिल प्रखंड के प्रमुख आमला मुर्मू, समिति सदस्य आरती महतो तथा सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

होली व शब ए बारात को लेकर मानगो के कई स्ट्रीट हुए दुरस्त, कांग्रेस नेता अंसार ने की पहल

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के निर्देशानुसार पश्चिम विधानसभा विधायक प्रतिनिधि एवं झारखंड प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश सचिव अंसार खान के नेतृत्व में मानगों के कई क्षेत्रों में स्ट्रीट लाइटों को ठीक कराया गया। आंसर खान ने बताया मंत्री बन्ना गुप्ता का निर्देश है होली, शब ए बारात और आने वाले रमजान उल मुबारक महीने को देखते हुए मानगो के पूरे क्षेत्र की किसी भी गली में अंधेरा नहीं होना चाहिए। जिससे त्योहारों में किसी को परेशानी ना हो। अंसार खान ने कहा जिस जिस क्षेत्र में अभी न्यू लाइट नहीं लगा है वहां पर जल्द से जल्द न्यू लाइटों को लगवा दिया जाएगा। आज जवाहर नगर रोड नंबर (14) मुस्लिम कब्रस्तान रोड और जवाहर नगर रोड नंबर (13) तैय्यबा मस्जिद रोड, जवाहर नगर रोड नंबर (13) सी, और जवाहर नगर रोड नंबर (13) ए,रोड नंबर (17) नियर चेपापुल पुल इन क्षेत्रों में स्ट्रीट लाइटों को ठीक कराया गया। अंसार खान का सहयोग मोहम्मद आरजू खान, आदिल खान, मोहम्मद इरफान, विक्की, अलमास, इब्राहिम, राजा ने किया।

पीसीसी की बैठक में आवेदकों से फ्यूचर प्लान व रोजगार के बारे में ली गई जानकारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

आदित्यपुर : आदित्यपुर स्थित जियाडा कार्यालय में गुरुवार को प्रोजेक्ट क्लेरेंस कमेटी की बैठक क्षेत्रीय निदेशक प्रेम रंजन की अध्यक्षता में हुई। इसमें ऑटो क्लस्टर के एमडी एसएन ठाकुर, लघु उद्योग भारती के महासचिव समीर सिंह, प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के क्षेत्रीय निदेशक जितेंद्र कुमार सिंह, जेबीवीएनएल के कार्यपालक अभियंता अनूप प्रसाद, जियाडा के सीए अशोक बिहानी, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ इंडिया, एसबीआई आदि के ब्रांच मैनेजर मौजूद रहे। पीसीसी की बैठक में कुल 11 प्रस्तावों पर आवेदकों से उनके फ्यूचर प्लान, प्रोजेक्ट रिपोर्ट, फाइनेंसियल एक्टिविटी, कितने को मिलेगा रोजगार आदि विषयों पर पूछताछ की गई। आवेदकों में नौ फ्रेशर उद्यमी शामिल हुए। जबकि दो पुराने उद्यमियों ने उद्योग विस्तार के लिए आवेदन किया था। फ्रेशर आवेदनों में डी फार्मा, बी फार्मा संस्थान, फार्मेसी कॉलेज स्थापित करने, नर्सिंग कॉलेज की स्थापना, मेडिकल उपकरणों के निर्माण संबंधी प्रस्ताव आए थे। जियाडा के क्षेत्रीय निदेशक ने सभी प्रस्तावों पर जांचोपरांत मंजूरी देने का आश्वासन दिया।

अंतर्राष्ट्रीय वीराना फाउंडेशन ने महिला दिवस पर पांच वीरांगनाओं को किया गया सम्मानित

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : सोनारी में अंतरराष्ट्रीय वीरांगना फाउंडेशन की ओर से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया, जिसका नेतृत्व सुनीता सिंह ने किया और अध्यक्षता वीरांगना फाउंडेशन की राष्ट्रीय महासचिव भारती सिंह ने की। इस अवसर पर उत्कृष्ट योगदान देने के लिए पांच वीरांगनाओं को तलवार और पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाली वीरांगनाओं में शोभा सिंह, नीलम सिंह, सीमा सिंह, अंजली सिंह एवम खुशबू सिंह शामिल है। मौके पर भारती सिंह ने कहा संगठन के प्रति शहर की तमाम वीरांगनाएं समर्पित रहती है और हर कार्यक्रम में समय निकालकर बढ़ चढ़कर हिस्सा लेती है। इस अवसर पर महिला दिवस को सफल बनाने में विभा सिंह, रूबी सिंह, रिद्धि सिंह, अंजली सिंह, प्रतिमा सिंह माला सिंह, अर्चना सिंह, मिनी सिंह, सुनीता सिंह, आशा सिंह, प्रीति सिंह, विनीता सिंह आदि वीरांगनाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

पूर्वोत्तर राज्यों व रामगढ़ में एनडीए की जीत पर भाजपा में खुशी का माहौल

जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता): देश के पूर्वोत्तर राज्य त्रिपुरा, नागालैण्ड में भाजपा को मिली बम्पर जीत एवं झारखण्ड के रामगढ़ में हुए उपचुनाव में एनडीए के प्रत्याशी सुनीता चौधरी की प्रचण्ड जीत पर बारीडीह मंडल के मीडिया प्रभारी प्रमोद मिश्रा ने खुशी जाहिर की है। उन्होंने कहा है कि रामगढ़ मे एनडीए की जीत पर सभी देवतुल्य मतदाताओं, जुझारु कार्यकत्ताओं का हार्दिक अभिनन्दन एवं आभार। आदिवासी, पिछड़े, युवा, महिला, किसान, मजदूर एवं झारखण्डवासियों को धोखा देने वालों को यह जनता का जबाब है।

इंटक जमशेदपुर के रवि शंकर उपाध्यक्ष व उषा कुमारी सचिव मनोनित

जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता): इंटक जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष राजेश सिंह 'राजू' द्वारा रवि शंकर उपाध्याय को जमशेदपुर महानगर का उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया एवं टेल्को कालोनी निवासी एवं टाटा मोटर्स मे कार्यरत उषा कुमारी को सचिव मनोनित किया गया। महानगर कमिटी मे पदाधिकारी बनने पर देव कुमार, रवि राज, चंदा सिंह, नालिनी सिन्हा, कन्हाई कुमार, राजीव कुमार, मनीष सिंहा, अभय राय, द्वारा उन्हें बधाई दिया गया।

3 मार्च 1932 से बरकरार रखी है टाटा स्टील संस्थापक दिवस समारोह मनाने की परंपरा

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : टाटा स्टील द्वारा पहली बार संस्थापक दिवस समारोह 3 मार्च 1932 को मनाया गया था। इसकी परिकल्पना सबसे पहले श्री डी.एम. मदन ने की थी। शुरुआत से ही इस समारोह ने समग्र रूप से कंपनी के प्रति व्यापक वफादारी के साथ विभागीय उत्साह भरने के पैटर्न का अनुसरण किया। संस्थापक दिवस ने पूरे स्टाफ के प्रत्येक सदस्य को उस दूरदर्शी की स्मृति के प्रति अपने सम्मान को व्यक्त करने का अवसर प्रदान किया, जिनकी आस्था और निर्णय, ऊर्जा और दृढ़ता के स्थायी गवाह जमशेदपुर और इसकी परिधि में मौजूद वर्क्स और शहर हैं। यह दुखद लेकिन दिलचस्प है कि 1939 में जब पूरा देश हमारे संस्थापक की शताब्दी समारोह में उत्साहपूर्वक व्यस्त था, जमशेदपुर में 3 मार्च को श्रमिक संघ द्वारा पैदा की गई गड़बड़ी के कारण कोई कार्यक्रम आयोजित नहीं हुआ था। अगला महत्वपूर्ण वर्ष 1958 था, जो टाटा स्टील की स्वर्ण जयंती का वर्ष था। प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। स्वर्ण जयंती समारोह 1 और 2 मार्च 1958 को आयोजित हुआ। प्रधानमंत्री नेहरू एक दिन पहले 2 तारीख को वापस लौट गए और संस्थापक दिवस देखने के लिए नहीं रुके। 1967 डायमंड जुबिली वर्ष था। संस्थापक दिवस समारोह हमेशा की तरह समय की कसौटी पर खरे उतरे। 1982 में टाटा स्टील 75 साल की हो गई। संस्थापक दिवस समारोह प्लेटिनम जुबली समारोह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी मुख्य अतिथि थीं। टाटा स्टील ने 1989 में जे.एन. टाटा की 150वीं जयंती मनाई। इस साल के संस्थापक दिवस को अभी भी टाटा स्टील के इतिहास में सबसे दुखद दिन माना जाता है। आग लगने की एक घटना ने कई लोगों की जान ले ली। संस्थापक दिवस शुरू होने के बाद पहली बार, 1990 में संस्थापक दिवस समारोह नहीं मनाया गया। 2004 संस्थापक की मृत्यु और जेआरडी टाटा तथा नवल टाटा की जन्म शताब्दी थी। समारोह में सभी महापुरुषों को श्रद्धांजलि दी गई। 2007 शताब्दी वर्ष था; इसी साल कोरस टाटा स्टील का हिस्सा बना था। श्री फिलिप वरिन और श्री जिम लेंग जैसे वरिष्ठ कोरस अधिकारी संस्थापक दिवस समारोह में शामिल हुए।

झाड़ीनुमा खेत मे हाथी ने एक को कुचलकर का मार डाला

प्रभात मंत्र संवाददाता

ईचागढ़ : सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़ थाना क्षेत्र के कुईडीह गांव में एक ग्रामीण को जंगली हाथी ने कुचलकर जान से मार दिया। गुरूवार को सुचना मिलते ही थाना के एसआई शिवा यादव, वनपाल मुकेश महतो, राधारमन ठाकुर घटनास्थल पर पहुंचे व पंचनामा कर लाश को पोस्टमार्टम हेतु सरायकेला भेज दिया। वहीं मृतक की पत्नी प्रभावती गोप को वन विभाग द्वारा 50 हजार रुपए मुआवजा के रूप में अग्रिम राशि के रूप में दिया गया। मृतक की पहचान कुईडीह गांव निवासी 43 वर्षीय बलराम गोप के रूप में किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार बलराम गोप अपने रिस्तेदार के घर चितरी से बुधवार को अपना गांव कुईडीह लौट रहा था, तभी एक जंगली हाथी ने पटककर जान से मार डाला।

चित्रगुप्त महासमिति की बैठक

गम्हरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता): चित्रगुप्त महासमिति की एक बैठक गम्हरिया स्थित चित्रगुप्त भवन में रत्नेश्वर सहाय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी रविवार, पांच मार्च को आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर कार्यक्रम की रूपरेखा की जानकारी देते हुए महासचिव संजय कुमार वर्मा ने बताया कि रविवार को दोपहर दो बजे से कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा जिसमे सर्वप्रथम सत्संग और शिवचर्चा होगी। उसके बाद होली मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। उक्त समारोह में कांड्रा, गम्हरिया व आदित्यपुर क्षेत्र से चित्रांश समाज के सदस्य शामिल होंगे। बैठक में उपाध्यक्ष केएम श्रीवास्तव, भूदेव वर्मा, बालकृष्ण प्रसाद, मदन कर्ण, कंचन कुमार सिन्हा, राकेश रंजन, मुकेश श्रीवास्तव, छोटू श्रीवास्तव समेत सभी सदस्य उपस्थित थे।

टाटा स्टील लांग प्रोडक्ट में नेशनल रोड सेफ्टी मीट धूमधाम से संपन्न

गम्हरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता): टाटा स्टील लांग प्रोडक्ट कम्पनी परिसर में 34वें नेशनल रोड सेफ्टी मीट का धूमधाम के साथ समापन समारोह सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में टाटा स्टील के हेड (रोड एंड रेल सेफ्टी) संजय मिश्रा उपस्थित थे। इस दौरान कम्पनी में पोस्टर, स्लोगन, ऑनलाइन/ ऑफलाइन सेफ्टी क्विज समेत कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था। समापन समारोह में सभी श्रेष्ठ प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा सर्वश्रेष्ठ विभाग का प्रथम पुरस्कार एसएमएस, द्वितीय तथा तृतीय श्रेष्ठ विभाग का पुरस्कार क्रमशः डीआरआई तथा रेलवे साइडिंग को प्रदान किया गया। वैंडर्स में मेसर्स एनकेसीपीएल, यूएई और पीजीईपीएल को क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार दिया गया। इस मौके पर कंपनी के सीनियर जीएम (एसएचई/ सस्टेनेब्लिटी) विलास गायकवाड, सीनियर जीएम (ऑपरेशन एंड मेंटेनेंस) चंद्र मोहन वर्मा, टाटा कामगार यूनियन के वर्किंग प्रेसिडेंट राज कुमार प्रधान सहित यूनियन के सदस्यगण और कम्पनी के कई अधिकारी उपस्थित थे। सीएस एंड सी विभाग के सीनियर डीविजनल हेड राजेश राजन की देख- रेख में समारोह का आयोजन किया गया था।

प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

संपादकीय

जेल भेजती मधुशाला

भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन से निकले मनीष सिसोदिया को भ्रष्टाचार के आरोपों में गिरफ्तार होना पड़ा है, यह एक गंभीर विरोधाभास है और तकलीफदेह भी है। यदि अन्ना हजारे उस दौर में भ्रष्टाचार के खिलाफ 'महानायक' की भूमिका में थे, तो सिसोदिया भी अग्रिम पंक्ति के नायकों में एक थे। अरविंद केजरीवाल के अंतरंग मित्र के तौर पर भी उनकी छवि अद्भुत थी। दोनों ने मिल कर 'आम आदमी पार्टी' (आप) की राजनीति और रणनीति के रेशे बुने थे। एक ईमानदार और पारदर्शी राजनीति के दावे किए गए थे। प्रशासन और सरकार में 'लोकपाल' की कल्पना की गई थी। 'आप' को उस दौर में एकतरफा और ऐतिहासिक जनादेश मिला था, जब देश की राजनीति पर नरेंद्र मोदी का जादू छाया था। मोदी देश के प्रधानमंत्री चुने गए थे। उनके अपशब्दीय विरोध के बावजूद दिल्ली विधानसभा के 70 में से 67 विधायक 'आप' के चुने गए। दिल्ली में बहुत कुछ स्वप्निल-सा लग रहा था। केजरीवाल मुख्यमंत्री बने, तो सिसोदिया को उपमुख्यमंत्री बनाकर तमाम महत्वपूर्ण विभाग सौंपे गए। सिर्फ आबकारी नीति ने ही मोहभंग की स्थितियां पैदा कर दीं। सिसोदिया भ्रष्ट हैं या उन्होंने शराब माफिया से 'मोटी दलाली' ली है अथवा जांच एजेंसियों से बहुत कुछ छिपाया जा रहा है, हम इन आरोपों की पुष्टि नहीं कर सकते। आरोपों को सच्चाई के निष्कर्ष तक ले जाना भी सीबीआई का दायित्व है, जिसकी रिमांड पर सिसोदिया हैं। अंतिम फैसला अदालत को सुनाना है, लेकिन भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन का एक नायक गिरफ्तार है, यह फैसला और कारनामा एकांगी लगता है। यह शोर मचाना भी फिजूल है कि प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा सिर्फ केजरीवाल से डरते हैं। आत्म-मुग्धता की यह राजनीति ठीक नहीं है। फिलहाल मोदी और केजरीवाल की कोई राजनीतिक तुलना नहीं है। केजरीवाल देश के वैकल्पिक प्रधानमंत्री होने से कोसों दूर हैं। 'आप' की सत्ता मात्र डेढ़ राज्यों में है। एक पंजाब और दूसरा अद्धराज्य दिल्ली। यह मिथक भी कारगर साबित नहीं होगा कि प्रधानमंत्री मोदी बदले की राजनीति के तहत 'आप' के नेताओं पर आपराधिक केस बनवा कर उन्हें जेलों में धकेल रहे हैं। यदि जनता 'आप' के ऐसे शोर पर गौर करती, तो दिल्ली और पंजाब में धमाकेदार जनादेश के बाद लोकसभा चुनाव में भी 'आप' के सांसद चुनती, लेकिन संसदीय चुनाव में केजरीवाल को 'शून्य' समर्थन मिला। जब देश के आधे राज्यों में 'आप' के सांसद चुने जाएंगे, तो केजरीवाल को गंभीर विकल्प माना जा सकता है। मौजूदा संदर्भ शराब घोटाले का है। दिल्ली सरकार की आबकारी नीति मंत्री-समूह ने बनाई थी। मुख्यमंत्री केजरीवाल को उसकी जानकारी नहीं होगी या कोई भी हस्तक्षेप नहीं होगा, हम ऐसा मान ही नहीं सकते। बहरहाल जांच से सब कुछ साफ हो जाना चाहिए। दिल्ली में शराब की सरकारी दुकानें होती थीं, लेकिन नई शराब नीति में निजी कंपनियों को ठेके दिए गए। बल्कि एक बोतल खरीदो और एक मुफ्त पाओ, यह अभियान भी लंबे वक्त तक चला। नीति में फेरबदल क्यों किया गया और फिर पुरानी नीति पर ही लौट आई सरकार, इसके कुछ स्पष्टीकरण तो सामने आए हैं, लेकिन तार्किक तथ्य सामने आना चाहिए। सिसोदिया ने नीति का मसविदा तय होने से पहले ही उसे शराब माफिया को भेज दिया था, सिसोदिया ने कई मोबाइल सैट बदले और कई सिम कार्ड इस्तेमाल किए, क्या यह कुछ छिपाना चाह रहे थे अथवा सबूत मिटाना चाहते थे। उन पर ये आरोप भी लगे हैं, जवाब सीबीआई के जरिए सार्वजनिक किया जा सकता है। सीबीआई जांच की सिफारिश उपराज्यपाल ने की है। बहरहाल सीबीआई पर जांच को छोड़ा जाए। आज हरिवंशराय बच्चन की 'मधुशाला' याद आ रही है, जिसकी मौजूदा पंक्तियां इस तरह होनी चाहिए-'जेल भेजती मधुशाला।'

केजरीवाल मुख्यमंत्री बने, तो सिसोदिया को उपमुख्यमंत्री बनाकर तमाम महत्वपूर्ण विभाग सौंपे गए। सिर्फ आबकारी नीति ने ही मोहभंग की स्थितियां पैदा कर दीं। सिसोदिया भ्रष्ट हैं या उन्होंने शराब माफिया से 'मोटी दलाली' ली है अथवा जांच एजेंसियों से बहुत कुछ छिपाया जा रहा है, हम इन आरोपों की पुष्टि नहीं कर सकते। आरोपों को सच्चाई के निष्कर्ष तक ले जाना भी सीबीआई का दायित्व है, जिसकी रिमांड पर सिसोदिया हैं। अंतिम फैसला अदालत को सुनाना है, लेकिन भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन का एक नायक गिरफ्तार है, यह फैसला और कारनामा एकांगी लगता है। यह शोर मचाना भी फिजूल है कि प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा सिर्फ केजरीवाल से डरते हैं। आत्म-मुग्धता की यह राजनीति ठीक नहीं है। फिलहाल मोदी और केजरीवाल की कोई राजनीतिक तुलना नहीं है। केजरीवाल देश के वैकल्पिक प्रधानमंत्री होने से कोसों दूर हैं। 'आप' की सत्ता मात्र डेढ़ राज्यों में है। एक पंजाब और दूसरा अद्धराज्य दिल्ली।

बोध कथा

जीवन में सुख और शांति के लिए रामचरित मानस की इस बात का रखें ध्यान

हम देखते हैं कि सभी मनुष्यों में बुद्धि का स्तर अलग-अलग होता है। उनकी निर्णय लेने की क्षमता में भी भिन्नता पाई जाती है। कुछ लोग बुद्धिमान होते हैं और उन्हें समय पर सफलता मिलती है तो कुछ अन्य सही समय पर उपयुक्त फैसला न कर पाने के कारण हर क्षेत्र में असफल हो जाते हैं। गीता में भगवान ने बुद्धि के आधार पर मनुष्यों की तीन श्रेणियां बताई हैं। उत्तम श्रेणी के सात्विक बुद्धि वाले मनुष्य कर्तव्य-अकर्तव्य, बंधन-मोक्ष, भय-अभय, प्रवृत्ति मार्ग-निवृत्ति मार्ग आदि को ठीक प्रकार से जानते हैं। ऐसे संतुलित व्यक्तित्व वाले मनुष्यों का जीवन बहुत व्यवस्थित होता है। निश्चयात्मक बुद्धि का होने के कारण उनकी निर्णय लेने की क्षमता लक्ष्य प्राप्ति में सहायक भूमिका निभाती है। उनके सामने कोई बाधा आए तो वे उसका धैर्यपूर्वक सामना करते हैं, उससे घबराकर पलायन नहीं कर जाते। वे हमेशा वर्तमान में किए जाने वाले कार्यों पर ही अपना पूरा ध्यान केंद्रित रखते हैं। अतीत की घटनाओं का बार-बार चिंतन और उनका दूसरों के सामने वर्णन करके अपना और दूसरों का समय नहीं व्यर्थ करते और न ही भविष्य की घटनाओं को लेकर चिंतित रहते हैं। वे जानते हैं कि जिसने अपना वर्तमान सुधार लिया, उसका भविष्य भी ठीक ही रहेगा। मध्यम श्रेणी के राजसी बुद्धि वाले मनुष्य कर्तव्य और अकर्तव्य, धर्म और अधर्म आदि को वास्तविक रूप में नहीं जानते। ऐसे लोग अपने फायदे के लिए कर्म में प्रवृत्त होते हैं। इससे उनमें स्वार्थ बुद्धि एवं लोभ की प्रवृत्ति बढ़ती जाती है और वे अपने स्वार्थ की पूर्ति के लिए किसी न किसी कार्य में लगे रहते हैं। अंदर ही अंदर अशांत रहने लगते हैं। भोग और संग्रह में आसक्ति के कारण ऐसे लोगों की बुद्धि निश्चयात्मक न होकर अनंत शाखाओं वाली हो जाती है। स्वाभाविक ही वे अनेक लक्ष्यों को एक साथ प्राप्त करना चाहते हैं। ऐसी स्थिति में उनकी बुद्धि में एकाग्रता नहीं रह पाती। उनका जीवन अव्यवस्थित होने लग जाता है। उनके व्यवहार में विषमता, पक्षपात, राग-द्वेष जैसे दोष आ जाते हैं। जैसे जल में मिट्टी घुल जाने से उसमें स्वच्छता और निर्मलता नहीं रहती, वैसे ही राजसी बुद्धि वाले मनुष्यों की बुद्धि भी दूषित हो जाती है जिससे वे उचित निर्णय नहीं ले पाते। तीसरी श्रेणी के तामसी बुद्धि वाले मनुष्य अधर्म को भी धर्म मानते हैं। इसी प्रकार वे अन्य तमाम वस्तुओं को भी विपरीत मान लेते हैं। जो कर्म नहीं करने चाहिए, जिनका शास्त्रों में निषेध किया गया है, उनको वे पूरी तत्परता से करते हैं और जो करने योग्य शास्त्र विहित कर्म हैं, उनको नहीं करते। अज्ञान के कारण सब कुछ शास्त्रों के विपरीत ही करते हैं। परिमामस्वरूप अपने जीवन में तरह-तरह के दुख प्राप्त करते हैं। उनका व्यवहार बुद्धिमान व्यक्तियों के ठीक विपरीत होता है। उनके द्वारा स्वयं के साथ-साथ समाज का भी अहित होता है। रामचरित मानस के सुंदरकांड में विभीषण बुद्धि के विषय में रावण से कहते हैं 'सुमति कुमति सब के उर रहहीं, नाथ पुरान निगम अस कहहीं। जहां सुमति तहं संपति नाना, जहां कुमति तहं विपति निदाना।' हे नाथ, पुराण और वेद ऐसा कहते हैं कि सुमति (अच्छी बुद्धि) और कुमति (बुरी बुद्धि) सबके हृदय में रहती है, जहां सुबुद्धि है वहां नाना प्रकार की संपदाएं (सुख की स्थिति) रहती हैं और जहां कुबुद्धि है, वहां परिणाम में विपत्ति (दुख) रहती है।

सरकारी स्कूलों और कॉलेजों में डिजिटल कक्षाओं के लिए उचित सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं

डिजिटल शिक्षा की चुनौती

डा. वरिंद्र भाटिया

इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों एवं कंप्यूटर के माध्यम से इसका उपयोग किया जा सकता है। डिजिटल लाइब्रेरी को ऑनलाइन लाइब्रेरी, इंटरनेट लाइब्रेरी, डिजिटल रिपॉजिटरी या डिजिटल संग्रह के रूप में भी जाना जाता है। यह डिजिटल वस्तुओं का एक ऑनलाइन डेटाबेस है जिसमें टेक्स्ट, इमेज, ऑडियो, वीडियो, डिजिटल दस्तावेज के रूप में पुस्तकें शामिल हो सकती हैं। इस प्रकार की लाइब्रेरी को इंटरनेट के माध्यम से एक्सेस किया जा सकता है। प्रमुख अंतर यह है कि डिजिटल पुस्तकालय में संसाधन केवल मशीन-पटनीय रूप में उपलब्ध होते हैं। नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी में डिजिटल वस्तुओं का भंडार होगा, जैसे किताबें, लेख, छवियां, वीडियो और मल्टीमीडिया आदि।

देश में अब डिजिटल शिक्षा का जमाना है। इसमें डिजिटल लाइब्रेरी कल्चर में बदलाव महत्वपूर्ण रोल निभा सकता है। खासतौर से छात्रों और उनकी डिजिटल शिक्षा पर फोकस करते हुए कई अहम कदम उठाए जा रहे हैं। इसी दिशा में नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी को प्रमुख माना जा रहा है। हाल ही में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 1 फरवरी 2023 को इस संबंध में घोषणा की कि बच्चों और किशोरों के लिए एक राष्ट्रीय डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना की जाएगी ताकि विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों, भाषाओं, शैलियों और स्तरों पर गुणवत्तापूर्ण पुस्तकों की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके। डिजिटल लाइब्रेरी एक ऐसा पुस्तकालय है जिसमें पुस्तकों का संग्रह डिजिटल या इलेक्ट्रॉनिक प्रारूप में होता है। इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों एवं कंप्यूटर के माध्यम से इसका उपयोग किया जा सकता है। डिजिटल लाइब्रेरी को ऑनलाइन लाइब्रेरी, इंटरनेट लाइब्रेरी, डिजिटल रिपॉजिटरी या डिजिटल संग्रह के रूप में भी जाना जाता है। यह डिजिटल वस्तुओं का एक ऑनलाइन डेटाबेस है जिसमें टेक्स्ट, इमेज, ऑडियो, वीडियो, डिजिटल दस्तावेज के रूप में पुस्तकें शामिल हो सकती हैं। इस प्रकार की लाइब्रेरी को इंटरनेट के माध्यम से एक्सेस किया जा सकता है। प्रमुख अंतर यह है कि डिजिटल पुस्तकालय में संसाधन केवल मशीन-पठनीय रूप में उपलब्ध होते हैं। नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी में डिजिटल वस्तुओं का भंडार होगा, जैसे किताबें, लेख, छवियां, वीडियो और मल्टीमीडिया आदि। यह उपयोगकर्ताओं को इंटरनेट के जरिए पहुंच के लिए उपलब्ध कराए जाएंगे। नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी सूचना और ज्ञान तक पहुंच प्रदान करेगा। राष्ट्रीय डिजिटल लाइब्रेरी की शुरुआत से देश भर के सभी उपयोगकर्ता लाभान्वित होंगे। जानकारी की आसान खोज और पुनप्राप्ति के साथ-साथ जानकारी को सुरक्षित रखने की क्षमता से भविष्य की पीढियों को एक स्थायी तरीका भी मिलेगा। वित्त मंत्री ने राष्ट्रीय डिजिटल लाइब्रेरी स्थापित करने का प्रस्ताव समावेशी विकास के हिस्से के रूप में दिया है। भारतीय छात्र आने वाले वक्त में इसी नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी की मदद से अपना ज्ञान वर्धन करेंगे। विशेषज्ञों का मत है कि डिजिटल युग में भारत की तरफ से राष्ट्र निर्माण की दिशा में यह कदम सबसे कारगर साबित होगा। चूंकि बच्चों की सीखने की क्षमता अधिक होती है, ऐसे में उनके बढ़ते डिजिटल रुझान

के मद्देनजर नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी मील का पत्थर साबित हो सकती है। सरकार द्वारा बच्चों के लिए नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी की सुविधा पूरे देश में पंचायत और वार्ड स्तर पर देने की बात सामने आई है। अपने बजट भाषण में वित्त मंत्री ने भी कहा है कि राज्यों को बच्चों के लिए पंचायत और वार्ड स्तरों पर वर्चुअल पुस्तकालय स्थापित करने और राष्ट्रीय डिजिटल पुस्तकालय संसाधनों तक पहुंचने के लिए बुनियादी ढांचा देने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। ऐसे में राज्यों की ये जिम्मेदारी बनती है कि वे भी इस कार्य में रुचि लें और देश के विकास में योगदान अदा करें। डिजिटल साक्षरता में काम करने वाले गैर सरकारी संगठनों के साथ सहयोग भी इस पहल का एक हिस्सा होगा। वित्तीय साक्षरता को बढ़ाने के लिए वित्तीय क्षेत्र के नियामकों और संगठनों को इन पुस्तकालयों को आयु-उपयुक्त पठन सामग्री प्रदान करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। ज्ञात हो डिजिटल एपिग्राफी म्यूजियम में एक लाख प्राचीन शिलालेख मौजूद हैं। इन शिलालेखों के भंडार को एक डिजिटल एपिग्राफी में स्थापित किया जाएगा। रिपॉजिटरी पहले चरण में एक लाख प्राचीन शिलालेखों का डिजिटलीकरण करेगी। इससे देश में शिक्षा की नई संस्कृति का निर्माण करने और महामारी के समय सीखने के नुकसान की भरपाई की जा सकेगी। इस दिशा में नेशनल बुक ट्रस्ट, चिल्ड्रन बुक ट्रस्ट और अन्य सोर्स को इन भौतिक पुस्तकालयों को क्षेत्रीय भाषाओं और अंग्रेजी में गैर-पाठ्यचर्या संबंधी शीर्षक देने और भरने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। यह अध्ययन सामग्री की पहुंच के विस्तार के साथ छात्रों के बीच एक मजबूत पठन संस्कृति का भी निर्माण करेगा। स्पष्ट है कि सरकार के इस कदम से नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी की उपलब्धता की सुविधा से बच्चों को अधिक गुणवत्ता वाली किताबें पढने का मौका मिल सकेगा। महज इतना ही नहीं, नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी में बच्चों को तमाम भाषाओं, भौगोलिक, शैलियों और स्तरों की पुस्तकें भी आसानी से उपलब्ध होंगी। उल्लेखनीय है कि शिक्षा क्षेत्र के कई हितधारक डिजिटल प्लेटफॉर्म पर बच्चों और किशोरों के लिए विभिन्न विषयों में सीखने के संसाधन उपलब्ध कराने के लिए सरकार द्वारा लाए गए इस प्रस्ताव से बेहद खुश हैं। इसलिए उन्होंने नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना को एक महान नीतिगत उपाय बताया है। भारत डिजिटल शिक्षा की दिशा में तेजी से प्रगति कर रहा है जिसमें स्कूल, विश्वविद्यालय और कॉलेज द्वारा डिजिटलीकरण को अपनाने, इंटरनेट की पहुंच बढ़ाने और छात्रों की बढ़ती मांग से समर्थित है। देश में डिजिटल बुनियादी ढांचे को मजबूत करने पर सरकार के फोकस से डिजिटल शिक्षा को महत्वपूर्ण रूप से प्रेरित किया गया है जिसमें दूरदराज के क्षेत्रों में इंटरनेट कनेक्टिविटी प्रदान करना शामिल है। डिजिटल शिक्षा एक तकनीक या सीखने की विधि है जिसमें प्रौद्योगिकी और डिजिटल उपकरण शामिल हैं। यह एक नया और व्यापक तकनीकी क्षेत्र है जो किसी भी छात्र को ज्ञान प्राप्त करने और देश भर के किसी भी कोने से जानकारी प्राप्त करने में मदद करेगा। ऐसा माना जाता है कि भारत में डिजिटल शिक्षा और सीखने का भविष्य है। डिजिटल शिक्षा के जरिए कक्षाओं का शिक्षण अधिक मजेदार और संवादात्मक बन गया है। बच्चे इस पर अधिक ध्यान दे रहे हैं। वह न केवल इसे सुन रहे हैं, बल्कि इसे स्क्रीन पर देख भी रहे हैं, जिससे उनके सीखने की क्षमता में काफी इजाफा हो रहा है। ध्वनियों और दृश्यों के माध्यम से बच्चे आसानी से सीख रहे हैं। शैक्षणिक सामग्री छात्रों को विवरणों पर और अधिक ध्यान देने में मदद करती है जिससे वे अपनी गतिविधियों को अपने दम से पूरा करने में सक्षम होते हैं। ऑनलाइन स्क्रीन की सहायता से छात्र अपने भाषा कौशल में सुधार कर लेते हैं। ई-बुक से या ऑनलाइन अध्ययन सामग्री के जरिए वे नए शब्द सीखते हैं और अपनी शब्दावली का विस्तार करते हैं। एक छात्र अपने शिक्षक से कक्षा में प्रशिक्षण के दौरान प्रश्न पूछने से झिझकता है। लेकिन डिजिटल शिक्षा के माध्यम से भले ही वह एक बार में कुछ भी न समझ पाए, फिर भी वे अपनी दुविधा को मिटाने के लिए किरॉर्डिंग सत्र में शामिल हो कसते हैं।

व्यवस्था में गृहिणी की जगह

गृहिणी भी अपने परिवार को पूरा समय देती है। इस मामले में अदालत ने गृहिणी की भूमिका को राष्ट्र निर्माता बताते हुए बेहतर मुआवजा देने का आदेश दिया। दरअसल, घरेलू मोर्चे पर सब कुछ संभालने के बावजूद महिलाओं को कुछ न करने वाली भूमिका में देखा जाना हमारे यहां आम बात है। घर की जिम्मेदारियां संभालने वाली इन महिलाओं की आय को मौद्रिक रूप में न आंके जाने के कारण उनकी आपाधापी और योगदान को जरा कम करके ही देखा जाता है। सामाजिक-पारिवारिक बर्ताव से लेकर महिलाओं के लिए बनने वाली नीतियों और योजनाओं की रूपरेखा तक पर, उन्हें कमतर समझने की इस सोच का असर साफ दिखता है। तभी तो गृहिणियों के लिए कहीं कोई विशेष प्रावधान नजर नहीं आता। जबकि गृहिणियां अपने से ज्यादा प्राथमिकता अपनों और अपने से जुड़े संबंधों को देती हैं। ऐसे में गृहिणी की भूमिका पर न्यायाधीश का यह कहना कि 'एक मां और पत्नी के रूप में उनका योगदान अमूल्य है', वाकई विचारणीय है। इसका सीधा संदेश यही है कि महिलाओं की आम-सी लगने वाली इस भूमिका को खास नजरिए से समझा जाना आवश्यक है। गौरतलब है कि 2020 में मुंबई हाईकोर्ट ने भी एक महत्त्वपूर्ण आदेश में एक महिला की सड़क दुर्घटना में हुई मौत के मामले में उसके परिजनों को मुआवजा देने का आदेश दिया था।

हाल ही में केरल उच्च न्यायालय ने केरल राज्य सड़क परिवहन निगम को एक सड़क हादसे में पीड़िता को इस आधार पर मुआवजा देने से इनकार करने पर फटकार लगाई कि पीड़िता गृहिणी है। वह कोई पैसा नहीं कमाती, इस वजह से वह दिव्यांगता और अन्य सुविधाओं के लिए मिलने वाले मुआवजे की सुपात्र नहीं है। न्यायालय ने इस तर्क को अपमानजनक और समझ से परे बताया। न्यायालय ने कहा कि हादसे के लिए मुआवजा एक गृहिणी और कामकाजी महिला के लिए समान होना चाहिए। गृहिणी भी अपने परिवार को पूरा समय देती है। इस मामले में अदालत ने गृहिणी की भूमिका को राष्ट्र निर्माता बताते हुए बेहतर मुआवजा देने का आदेश दिया। दरअसल, घरेलू मोर्चे पर सब कुछ संभालने के बावजूद महिलाओं को कुछ न करने वाली भूमिका में देखा जाना हमारे यहां आम बात है। घर की जिम्मेदारियां संभालने वाली इन महिलाओं की आय को मौद्रिक रूप में न आंके जाने के कारण उनकी आपाधापी और योगदान को जरा कम करके ही देखा जाता है। सामाजिक-पारिवारिक बर्ताव से लेकर महिलाओं के लिए बनने वाली नीतियों और योजनाओं की रूपरेखा तक पर, उन्हें कमतर समझने की इस सोच का असर साफ दिखता है। तभी तो गृहिणियों के लिए कहीं कोई विशेष प्रावधान नजर नहीं आता। जबकि गृहिणियां अपने से ज्यादा प्राथमिकता अपनों और अपने से जुड़े संबंधों को देती हैं। ऐसे में गृहिणी की भूमिका पर न्यायाधीश का यह कहना कि 'एक मां और पत्नी के रूप में उनका योगदान अमूल्य है', वाकई विचारणीय है। इसका सीधा संदेश यही है कि महिलाओं की आम-सी लगने वाली इस भूमिका को खास नजरिए से समझा जाना आवश्यक है। गौरतलब है कि 2020 में मुंबई हाईकोर्ट ने भी एक महत्त्वपूर्ण आदेश में एक महिला की सड़क दुर्घटना में हुई मौत के मामले में उसके परिजनों को मुआवजा देने का आदेश दिया था। अदालत ने वाहन दुर्घटना पंचाट के उस आदेश को खारिज कर दिया था, जिसमें महिला के परिजनों को उसके गृहिणी होने की वजह से मुआवजा देने से इनकार किया गया था। तब भी न्यायालय ने बेहद संवेदनशील टिप्पणी की थी कि 'गृहिणी के रूप में एक महिला की भूमिका एक परिवार में सबसे महत्त्वपूर्ण और चुनौतीपूर्ण होती है। वास्तव में वह भावनात्मक रूप से परिवार को एक साथ रखती है। वह घर में पति का सहयोग करने वाला एक स्तंभ, अपने बच्चों के लिए एक मार्गदर्शक और परिवार के बुजुर्गों के लिए आश्रय की तरह होती है। वह एक दिन की भी छुट्टी लिए बिना दिन-रात काम करती है, भले वह कामकाजी महिला हो या न हो। हालांकि, वह जो काम करती है, उसकी कोई सराहना नहीं होती और उसे नौकरी नहीं माना जाता है। एक महिला द्वारा घर में दी जाने वाली सेवाओं को मौद्रिक दृष्टि से गिनना एक असंभव कार्य है, जो सैकड़ों घटकों से मिलकर बने होते है।' कोरोना काल में गृहिणियों द्वारा न केवल अपनों, बल्कि आस-पड़ोस के लोगों तक भी मदद पहुंचाने के कई उदाहरण सामने आए थे। घर तक सिमटी जिंदगी के तकलीफदेह दौर में भी घरेलू महिलाओं ने हर आपाधापी से जूझते हुए अपनों को संभाला था। दरअसल, न्यायिक मामलों में आई ये टिप्पणियां कहीं न कहीं समाज और परिवार को भी सजग करने वाली हैं। घरेलू महिलाओं की भागीदारी को लेकर सही मायने में जागरूक करती है। यकीनन, श्रम की अनदेखी और उपेक्षापूर्ण बर्ताव के मोर्चे पर समग्र समाज में जागरूकता और संवेदनशीलता जरूरी है। यों भी विभिन्न संस्थानों और संगठनों से लेकर घरेलू स्त्रियों के सगे-संबंधियों तक, सभी को उनकी इस सिमटी-सी दिखने वाली भूमिका के विस्तृत दायित्वों को समझने का प्रयास करना ही चाहिए। गौरतलब है कि पिछले साल ऐसे ही एक मामले में गुवाहाटी उच्च न्यायालय ने कहा था कि 'गृहिणियां काम नहीं करतीं या वे घर में आर्थिक योगदान नहीं देतीं, यह धारणा ही समस्यापूर्ण है। कई वर्षों से ऐसी समझ कायम है और इसे दूर किया जाना चाहिए।' समझना मुश्किल नहीं कि एक गृहिणी की बहुआयामी भूमिका को सही ढंग से समझे बिना उनके हिस्से सहयोग और सम्मान भी नहीं आ सकता। ऐसे में उपेक्षापूर्ण व्यवहार-विचार से उपजी अनदेखी उनके मान और मनोबल को ठेस पहुंचाती है। बावजूद इसके, अपनों-परायों का यह रुख कमोबेश दुनिया के हर भूभाग की गृहिणियों के हिस्से आता है, जबकि सच तो यह है कि उनके अवैतनिक कार्यों का मोल आंकना लगभग नामुमकिन है। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन की 2021 की रिपोर्ट बताती है कि विश्व में महिलाएं अवैतनिक घरेलू कार्यों के लिए कुल घंटों का छिहत्तर फीसद समय देती हैं। एशियाई देशों में यह आंकड़ा अस्सी फीसद से भी ज्यादा है। हमारे देश में ऐसी महिलाओं की आबादी करीब बीस करोड़ है। हर महीने उनके अवैतनिक घरेलू कार्यों का मौद्रिक आकलन औसतन चालीस हजार करोड़ रुपए तक पहुंचता है। वहीं आक्सफैम की 'टाइम टू केयर' की रिपोर्ट कहती है कि दुनिया भर में आधी आबादी साल भर में करीब दस हजार अरब डालर के अवैतनिक घरेलू कार्य करती है। ऐसे में उनकी इस भागीदारी का मोल समझना और स्वीकार करना आवश्यक है। यह स्वीकार्यता और समझ अपने ही आंगन में उनके काम को मान दिलाने की पहली शर्त है। यह कड़वा सच है कि गृहिणियों को दूसरों पर निर्भर व्यक्तित्व के रूप में ही देखा जाता है। जबकि आर्थिक रूप से सक्षम और कामकाजी मोर्चों पर व्यस्त परिजनों के जीवन की संभाल उनके ही हिस्से होती है। अपनी जिम्मेदारियां उठाने की व्यस्तता कामकाजी क्षेत्र में उनकी उत्पादकता को ही घटाएगी। ऐसे में परोक्ष रूप से हर गृहिणी अर्थोपार्जन की गतिविधियों में भागीदार होती है। हालांकि इसे समझने का भाव आज भी नदारद है। यही वजह है कि अब दुनिया के हर हिस्से में घरेलू मोर्चे पर डटी महिलाओं की भूमिका का आर्थिक मूल्यांकन करने की बात उठ रही है। बीते साल चीन में तलाक के मामले में आया एक फैसला काफी चर्चित हुआ था। उसमें न्यायालय ने कहा था कि शादी के बाद महिला ने पति के घर में पांच साल काम किया, इसलिए उसे पांच लाख रुपए का मुआवजा मिलना चाहिए। वह आदेश ऐतिहासिक माना गया। उसके बाद वहां घर के कामों के मेहनताने को लेकर बहस भी शुरू हुई। यह दुनिया के हर देश, हर समाज और हर परिवार से जुड़ा संवेदनशील विषय है। दरअसल, अनगिनत जिम्मेदारियां निभाने वाली गृहिणी की पारिवारिक, सामाजिक और आर्थिक भागीदारी की अनदेखी कई मोर्चों पर तकलीफदेह है। इस उपेक्षा के चलते गृहिणियों में अवसाद और आत्महत्या के आंकड़े भी बढ़ रहे हैं। उनके श्रम और सहभागिता को मान न मिलना अपराधबोध को भी जन्म देता है। नतीजतन, बहुत-सी शारीरिक, मानसिक व्याधियां भी उन्हें घेर लेती हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो के अनुसार 2019 में सर्वाधिक खुदकुशी करने वालों में दिहाड़ी मजदूरों के बाद गृहिणियों के आंकड़े ही रहे।

देश दुनीया से

विपक्ष को जोड़ना-तोड़ना ही सियासत

अगर इस देश में विपक्षी एकता का कोई स्थायी सूचकांक होता, तो सेंसेक्स और निफ्टी जैसे शेयर सूचकांक उसके सामने पानी भरते। भारत के विपक्ष की एकता को लेकर जिस तरह का उतार-चढ़ाव दैनिक खबरों में दिखाई देता है, वैसी उछाल और गिरावट के बारे में तो शेयर बाजार सपने में भी नहीं सोच सकता। इसे लेकर राजनीति में एक अन्योक्ति भी अक्सर सुनाई जाती है- हर उस सप्ताह, जिसमें मंगलवार नहीं होता, विपक्षी एकता के प्रयासों की खबर नहीं आती। कई बार ऐसा भी लगता है कि इस देश में विपक्षी एकता की कोशिशें और उसे पंक्चर करने के प्रयास ही असली राजनीति है, बाकी सब तो नीरस प्रेस विज्ञप्तियां हैं। कम या ज्यादा यह दुनिया के तकरीबन उन सभी लोकतंत्रों में होता है, जहां पर बहुदलीय व्यवस्था है। चुनावों में और कई मुद्दों पर विपक्षी दल एक साथ आ जाते हैं और बहुदलीय लोकतंत्र द्विदलीय व्यवस्था की तरह दिखने लगता है। इसको जरूरी भी माना जाता है। सत्ताधारी दल के नेता राज-राजेश्वर की तरह बर्ताव न करने लगें, इसके लिए एक मजबूत विपक्ष की जरूरत राजनीति शास्त्र के ककहरे में ही पढ़ा दी जाती है। फिर, विपक्ष ऐसा भी होना चाहिए, जो सत्ताधारी दल के सिर पर उसे अपदस्थ कर देने के खतरे की तरह हरदम खड़ा रहे। ऐसी जगहों में इसे एक सामान्य सी चीज माना जाता है। इसके विपरीत, भारतीय राजनीति के आदिकाल से विश्लेषकों और टिप्पणीकारों में विपक्षी एकता को लेकर उपहास का एक भाव रहा है। टूटा, बिखरा जैसे विशेषण उसके साथ जोड़े जाते रहे हैं और उसे 'भानुमती के कुनबे' जैसे ढेर सारे रूपकों से नवाजा जाता रहा है। आज भी मोटे तौर पर ऐसी ही सोच है। अक्सर हम सत्ताधारी दल को आदर्श मान लेते हैं और यह उम्मीद बांधते हैं कि उसे चुनौती देने के लिए विपक्ष को भी ठीक वैसा ही होना चाहिए। साल 2014 के बाद से तो ऐसा सोचने वालों की संख्या बढ़ी ही है। जब हम नई दिल्ली और कई राज्यों की सत्ता में बैठी भारतीय जनता पार्टी को देखते हैं, तो एक सिरे से दूसरे सिरे तक उसमें गजब की समानता दिखाई देती है। कई बार लगता है कि जैसे सबके सब एक ही सांचे में ढले हों या एक ही फैक्टरी से बनकर निकले हों। देश के किसी भी कोने से दिया गया हो, उसके सारे नेताओं के बयानों में अद्भुत साम्य होता है। उनका बचाव भी एक जैसा होता है और उनकी आक्रामकता भी। मानो सारी अभिव्यक्तियों और भंगिमाओं की एक ही कंप्यूटर में प्रोसेसिंग की गई हो। विपक्ष इस तरह का नहीं है। वह हो भी नहीं सकता। जिनको हम विपक्षी दल कहते हैं, उन सबका इतिहास अलग है और भूगोल भी। उनकी जमीन जुदा है और उनका आसमान भी एक-दूसरे से अलग है। कोई राष्ट्रीय है, कोई प्रादेशिक, कोई क्षेत्रीय, तो किसी का आधार किसी उप-जाति विशेष तक सीमित है। वे सब अलग-अलग अभिलाषाओं, अपेक्षाओं व लालसाओं का प्रतिनिधित्व करते हैं। इसलिए सबके मन अलग हैं, वचन अलग और कर्म भी। हर एक की मथुरा तीन लोक से न्यारी है। कुछ के बालहठ चंद खिलौना लैहों से बहुत आगे नहीं देख पाते। जब हमारा विपक्ष एकताबद्ध होने की बात करता है, तो उसके सामने एक चुनौती ऐसे बालहठ को अपनी उस सेना में शामिल करने की होती है, जिसे आगे बढ़कर नई दिल्ली के तपते सूरज को चुनौती देनी है। उनके आपसी अंतर्विरोध भी कम नहीं। कुछ दल हैं, जो एक-दूसरे के साथ बैठ नहीं सकते, तो कुछ ऐसे हैं, जो एक-दूसरे को देख भी नहीं सकते। एक राज्य में वे एक-दूसरे से गठजोड़ कर लेते हैं, तो दूसरे राज्य में एक-दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ते हैं। इन दिनों एक और नई चीज हुई है। हर दूसरे दल को तीसरा दल भारतीय जनता पार्टी की बी-टीम लगता है। वह उसे वोटकटवा मानता है, इसलिए उसके साथ खड़े होने का तो सवाल ही नहीं। बेशक, ये सारी बातें निराश करने वाली लग सकती हैं, लेकिन यही भारतीय राजनीति का यथार्थ है और इसे स्वीकार करके ही हम किसी नतीजे पर पहुंच सकते हैं। अपनी इन्हीं खामियों और इन्हीं अंतर्विरोधों के साथ विपक्ष ने भारतीय लोकतंत्र में अपनी एक अहम भूमिका निभाई है।

सत्ताधारी दल के नेता राज-राजेश्वर की तरह बर्ताव न करने लगें, इसके लिए एक मजबूत विपक्ष की जरूरत राजनीति शास्त्र के ककहरे में ही पढ़ा दी जाती है। फिर, विपक्ष ऐसा भी होना चाहिए, जो सत्ताधारी दल के सरि पर उसे अपदस्थ कर देने के खतरे की तरह हरदम खड़ा रहे। ऐसी जगहों में इसे एक सामान्य सी चीज माना जाता है। इसके विपरीत, भारतीय राजनीति के आदिकाल से विश्लेषकों और टिप्पणीकारों में विपक्षी एकता को लेकर उपहास का एक भाव रहा है। टूटा, बिखरा जैसे विशेषण उसके साथ जोड़े जाते रहे हैं और उसे 'भानुमती के कुनबे' जैसे ढेर सारे रूपकों से नवाजा जाता रहा है। आज भी मोटे तौर पर ऐसी ही सोच है। अक्सर हम सत्ताधारी दल को आदर्श मान लेते हैं और यह उम्मीद बांधते हैं कि उसे चुनौती देने के लिए विपक्ष को भी ठीक वैसा ही होना चाहिए।

नागरिक बोध

क्रोध मूर्खता से शुरू होकर पश्चाताप पर खत्म होता है

मानव अपमान पाकर क्रोधित होता है तो सम्मान पाकर फूला नही समाता है ।बात बात में आग बबूला होकर अपने आवेश को प्रकट करते है। क्रोध की अग्नि में स्वयं को जलाते हुए यह भी नही सोचते है कि क्रोध में इंसान इंसान नही रहता बल्कि हैवान बन जाता है। क्रोध करने का मतलब है दूसरे की गलती का दंड स्वयं को देना । इससे बड़ी मूर्खता और क्या हो सकती है। क्रोध मूर्खता से शुरू होकर पश्चाताप पर खत्म होता है। क्रोध मनुष्य का एक क्षणिक पागलपन है। लोहा भले ही गरम हो जाए पर हथौड़े को तो ठंडा ही रहना चाहिए। गरम हथौड़ा अपने को जला देता है। गोरखपुर के सहजनवा थाना क्षेत्र की घटना से रूह कांप उठती है। नींद में सो रहे घरवालों के खून से रंगे हाथों से कबूल किया कि मैंने पति और दो सौतेले बेटों को नींद में मार डाला। एक महिला की इस ख़ौफ़नाक साजिश से दिल कांप उठता है।आज महिला निष्ठुर और निर्दय बनकर पूरे परिवार को मौत के घाट उतार दिए जाते है। महिला ने अपने पति और सौतेले पुत्र की गला रेतकर हत्या कर दी। संतकबीरनगर जिले के मझगांव निवासी नीलम की दूसरी शादी थी। उसके पति की भी दूसरी शादी थी। उन्नाव सामूहिक दुष्कर्म के बाद हत्या से रोंगटे खड़े करने वाली घटना सामने आई है। अनुसूचित जाति की किशोरी की हत्या की घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। कानपुर देहात की घटना में दहेज की मांग थी। दहेज नही मिलने पर गला दबाकर हत्या कर दी गई। इन घटनाओं के पीछे क्रोध का कारण रहा है ।क्रोधावेश में उठाया गया कदम कभी कभी गले की फांस बन जाता है। अतः स्वयं पर नियंत्रण रखने की जरूरत है। उस व्यक्ति को शर्मिंदगी के साथ साथ जेल से बचने हेतु अर्थदंड भोगना पड़ता है। इन घटनाओ में अपराध करने वालो की जिंदगी नर्कागार हो जाती है। समाज मे बढ़ रही घटनाओं के पीछे क्रोध का अहम भाग रहा है। क्रोध में मनुष्य आपा खो देता है ।अब विचार कीजिये क्रोध में मनुष्य की क्या स्थिति हो जाती है? क्रोध में मनुष्य स्वयं पर नियंत्रण नही रख पाता है ।जिन लोगो की हत्या की गई है। उसके पीछे क्रोध का पागलपन है। उसके बाद प्रयाश्चित होता है ।लेकिन बहुत देर हो चुकी होती है। क्रोध जीवन के लिए घातक बन जाता है।

अवैध खनन के खिलाफ सख्त एक्शन लेने का उपायुक्त ने दिया निर्देश

प्रभात मंत्र संवाददाता

लातेहार : जिले में अवैध खनन के रोक थाम को लेकर उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में जिला अंतर्गत कोयला व बालू के अवैध खनन, परिवहन व भंडारण आदि की गहन समीक्षा कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि अवैध कोयला, पत्थर, बालू उठाव के रोकथाम के लिए पूर्व के बैठक में लिए गए निर्णय के अनुपालन की बिन्दुवार समीक्षा करते हुए जिला खनन पदाधिकारी को स्पष्ट निर्देशित किया कि जिले में अवैध खनन भंडारण एवं परिवहन नहीं हो। ऐसा सुनिश्चित करें। बैठक में जिला खनन पदाधिकारी द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि इस दो महीने के अंदर में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण के कुल 47 मामलों में 29 वाहनों को जब्त कर 22 प्राथमिकी दर्ज गई है। तथा 10,17,100.00 लाख रुपए जुर्माना राशि की वसूली की गई। उपायुक्त ने जिला खनन पदाधिकारी को अवैध खनन, परिवहन और भंडारण में संलग्न व्यक्तियों पर दर्ज प्राथमिकी की संख्या के बारे में जानकारी लेते हुए कई आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया। एवं जिला अंतर्गत अवैध खनन भंडारण एवं परिवहन रोकने को लेकर संबंधित पदाधिकारियों , थाना प्रभारियों को संयुक्त रूप से औचक छापेमारी करने एवं इसमें संलग्न व्यक्तियों पर कारवाई करने का निर्देश दिया तथा अनियमितता पाए जाने पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई करने की बात कही सीसीएल सहित सभी एजेंसियों के प्रतिनिधियों को उनके क्षेत्र में कहीं पर भी अवैध खनन ना हो इसके लिए उपायुक्त ने पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से संवेदनशील क्षेत्रों, एंट्री-एग्जिट प्वाइंट की मॉनिटरिंग करने के अलावे अन्य कई आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया। उपायुक्त द्वारा सभी कोल माइंस को निर्देशित करते हुए कहा गया की नव नामांकित होम गार्ड की सेवा 24 घंटे रखना सुनिश्चित करें एवं सभी संबंधित अधिकारियों को अवैध खनन के विरुद्ध किए गए कार्यों से संबंधित एक्शन टेकन रिपोर्ट ससमय जिला स्तर पर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन, वन प्रमंडल पदाधिकारी रोशन कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार शेखर कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी संतोष सिंह, जिला खनन पदाधिकारी श्री आनंद कुमार, सभी अंचल अधिकारी, कोल कंपनियों के अधिकारी समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

सरना धर्म महारैली को लेकर बारियातू प्रखंड क्षेत्र में चलाया गया सम्पर्क अभियान

प्रभात मंत्र संवाददाता

बारियातू : राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा के बैनर तले 12 मार्च को मोरावादी रांची मे सरना धर्म महारैली को सफल बनाने को लेकर कई गाँवो मे जनसंपर्क अभियान चलाया। राजी पड़हा सरना पर्थना सभा के जिला उपाध्यक्ष सुरेश उरांव, प्रखंड अध्यक्ष जयपाल उरांव, महासचिव रामप्रीत लोहरा, कोषाध्यक्ष राजदेव उरांव सहित दर्जनों आदिवासी युवाओं के साथ बारियातू प्रखंड कार्यालय होते हुए इटके, टोटी, अमरवाडीह, राजगुरु, भाटचतरा, विश्रामपुर, गोनिया बालूभाँग, लाटू, फूलसु कस्मार सहित दर्जनों गाँव मे बाईक से गांव- गाँव जाकर आयोजित महारैली मे शामिल होने की अपील की गई। वहीं जन संपर्क के दौरान आदिवासी महिला पुरुषों को बताया की 12 मार्च को सरना धर्म कोड लागू करने, अब तक हुए नियुक्ति मे एसटी एससी के रिक्त बाइकलॉग पर पुनः कराने की मांग, आदिवासियों को धर्मनांतरण पर रोक,आदिवासी मूल वासियों को संवैधानिक अधिकार सहित अन्य मांग को लेकर 12 मार्च को मोरावादी रांची मे महारैली का आयोजन किया जायेगा। उक्त महारैली मे क्षेत्रवासियों को अधिक से अधिक संख्या मे महिला पुरुषों को भाग लेने की अपील की है। मौके पर सुरेश उरांव, रमेश उरांव, रामसहाय उरांव, संदीप, कमलेश, सुनील, शनिदेव मनीष उरांव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

घरेलू गैस के दामों में बढ़ोतरी को लेकर कांग्रेसियों ने जताया आक्रोश

लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता): कांग्रेसियों ने घरेलू गैस सिलेंडर व कामर्शियल गैस सिलेंडर में कीमतों की बढ़ोतरी को लेकर सामाहारणालय गेट के पास किया विरोध प्रदर्शन। लातेहार जिला युवा कांग्रेस कमेटी के द्वारा युवा जिला अध्यक्ष अमित यादव के अध्क्षता मे केंद्र सरकार द्वारा घरेलु गैस सिलेंडर व कामर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत में बढ़ोतरी किये जाने पर अपना विरोध जताते हुए युवा जिला अध्यक्ष अमित यादव ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने होली से पहले एलपीजी गैस सिलेंडर के दामों में बढ़ोतरी कर जनता को महंगाई भरा तोहफा दिया है। कॉमर्शियल सिलेंडर के दाम बढ़ने से हर तरह का उत्पादन महँगा हो जाएगा। जिसका खासा असर गरीब और मध्यमवर्गीय परिवार पर पड़ेगा। युवा प्रदेश कोर्डिनेटर साजन कुमार ने कहा कि पिछले 1 वर्ष में भाजपा सरकार ने लगातार पांचवी बार घरेलु गैस सिलेंडरों की कीमतों में वृद्धि करने का काम किया है। बेलगाम होती महंगाई यह प्रमाणित करती है कि भाजपा की आर्थिक नीतियां पूरी तरह विफल है। जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र उरांव ने कहा कि एलपीजी सिलेंडर की कीमतें बढ़ाकर भाजपा खुद के लिए कब्र खोद रही है। जनता के साथ किये गए विश्वासघात का बदला जनता आगामी चुनावों में भाजपा के खिलाफ वोट देकर लेगी। विधानसभा अध्यक्ष मिथलेश पासवान ने कहा कि मुंबई के लोगों को महंगाई की दोहरी मार पड़ी है। मौके पर विधानसभा उपाध्यक्ष संतोष रजक, लातेहार प्रखंड अध्यक्ष मो.साजिद, मनिका प्रखंड अध्यक्ष ओमप्रकाश यादव, हेरहंज प्रखंड अध्यक्ष संदीप कुमार, विजेन्द्र उरांव, चंदन कुमार, बिकी यादव, कुलदीप, रंजीत, धनंजय, नकुल यादव, मो अख्तर, खलील, विशाल पासवान, नन्हे ,सत्येंद्र चंद्रवंशी सहित अन्य सभी कार्यकर्ता मौजूद थे।

ग्राम सभायें स्थापित करेंगी अपनी शासन प्रणाली

महुआडाड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता): ग्राम सभा अब तीसरी सरकार गई है। अब गाँव के लोग स्वयं बना सकेंगे। योजना बनाकर उनका कार्यान्वयन कर सकेंगे और आपसी विवादों का निपटान भी ग्राम न्यायालय में कर करेंगे। यह बातें सामाजिक कार्यकर्ता सह आदिवासी मामलों के विशेषज्ञ सुनील मिंज ने चटकपुर स्थित 21 पड़हा सभा के सम्मेलन में कही। उन्होंने आगे कहा पांचवी अनुसूची क्षेत्र के अंतर्गत आदिवासियों को जल, जंगल, जमीन और गाँव के सीमा के अंतर्गत आनेवाले गौण खनिजों के प्रबंधन का अधिकार है। उन्होंने यह भी कहा कि आदिवासियों की जमीन का हस्तान्तरण नहीं किया जा सकता है। लेकिन कथित विकास के नाम पर धडल्ले से छिनी जा जा रही है। इससे शिड्यूल एरिया को नन शिड्यूल एरिया में परिवर्तित होने का खतरा मंडराने लगा है। ग्राम स्वशासन अभियान के कार्यकर्त्ता फिलिप कुजूर ने कहा कि हमें आदिवासी इलाकों के हर गाँव में ग्राम सभा पुनर्गठन कर ग्राम सभा संघ बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने यह भी कहा कि आदिवासी इलाके में परम्परागत अगुवे नहीं के बराबर रह गए हैं। जिसका फिर से चयन करने की आवश्यकता है ताकि ग्राम सभा को रूढी प्रथा के अंतर्गत संचालित किया जा सके। नेतरहाट आन्दोलन के युवा नेता सह केन्द्रीय जनसंघर्ष समिति के सचिव जेरोम जेराल्ड कुजूर ने कहा कि राज्य के मुख्यमन्त्री हेमंत सोरेन ने अपने आश्वासन के बावजूद फिल्ड फायरिंग रेंज रद्द करने की अनुशंसा केंद्र सरकार का नहीं भेजी है। आगामी 23-23 मार्च को टूटुआपानी में संकल्प दिवस मनाये जाने की जानकारी दी। इस अवसर पर अनेक गांवों से आये हुए महिला पुरुषों ने सामूहिक कुरुख लोकनृत्य प्रस्तुत किया। मौके पर 21 पड़हा के पड़हा राजा सूबेदार कुजूर, रॉबर्ट टोप्पो, आनंद प्रकाश कुजूर, खिस्तोफर कुजूर, सिमोन कुजूर, सेबेरियुस मिंज, दिलीप लकड़ा, रुडोल्फ टोप्पो, ब्रिजमोहन मिंज आदि शामिल थे। कार्यक्रम का संचालन इग्नासियुस टोप्पो ने किया।

कुंदा में होली पर्व को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की हुई बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

चतरा/कुंदा : होली पर्व शांतिपूर्ण मनाये जाने को लेकर बुधवार को थाना परिसर में शांति समिति की बैठक बीडीओ सह सीओ खगेश कुमार ने किया जबकि संचालन थाना प्रभारी परमानंद मेहरा ने किया। बैठक में उपस्थित लोगों ने बारी बारी से गांव स्तर पर मनाये जाने वाला होली पर्व की स्थिति से अवगत कराया। बीडीओ तथा थाना प्रभारी ने संयुक्त रूप से लोगों को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व में शांति भंग करने व हुड़दंगियों पर पुलिस की विशेष नजर रहेगी। डीजे साउंड मालिकों को आगाह करते हुए कहा कि पर्व के दौरान, अश्लील, अभद्र व फुहार गाना बजाने पर पुलिसिया करवाई की जाएगी। होली में शराब पर प्रतिबंध के अलावे जबरन किसी को रंग व अबीर न लगाये। सभी लोग पर्व को आपसी भाई चारा के साथ मनाये। क्षेत्र में किसी भी तरह शांति भंग होने व झगड़ा होने की स्थिति पर तुरंत सूचना पुलिस को दें। इस मौके पर पूर्व जिप सदस्य पृथ्वी गंझू, मुखिया प्रतिनिधि अखिलेश प्रसाद यादव, सांसद प्रतिनिधि गंदौरी साव, अम्बिका सिंह भोक्ता, उपेंद्र कुमार भोगता, योगेंद्र कुमार भोगता, मंत्री प्रतिनिधि नगीना सिंह भोक्ता, रंजन यादव, रंजीत कुमार भोक्ता, भुईया समाज के युवा प्रखंड अध्यक्ष बीरेंद्र भारती समेत कई लोग मौजूद थे।

हंटरगंज पुलिस ने 48 बोतल अवैध शराब एक मोटर साइकिल एक मालवाहक गाड़ी के साथ दो को किया गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

चतरा : एसपी राकेश रंजन के बेहतर पुलिसिंग नेतृत्व का नतीजा है की रोज आए दिन अपराधी और गैर कानूनी काम करने वाले गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजे जा रहे हैं। ज्ञात हो की अपराध नियंत्रण हेतू लगातार थाना क्षेत्र में विभिन्न जगहों पर वाहन चेंकिग अभियान चलाने का निर्देश दिया गया था। निर्देशानुशार हंटरगंज पुलिस द्वारा पतसुगिया मोड में ग्राम सोनवर्षा के कडरुवा ढोढा के पास वाहन चेंकिंग की जा रही थी। वाहन चेकिंग के क्रम मे एक मोटरसाईकिल दो व्यक्तियों को बिना नम्बर प्लेट के संदिग्ध अवस्था में पकड़ गया तथा पकडे गए व्यक्तियों से पूछताछ करने पर बताया गया कि ये लोग अवैध देशी शराब का कारोबार करते है तथा बिहार राज्य में लेजाकर व्यापार करते है। व्यक्तियों के निशान देही पर बलुरी रोड से करीब 01 कि0मी0 की दूरी पर जंगल में मालवाहक टेम्पू के डाला से 04 पेटी अवैध देशी शराब जिसपर RESERVE wv RARE Wchisky - लिखा हुआ कुल 48 बोतल बरामद किया गया है। इस संबंध मे हण्टरगंज थाना कांड सं0-38/23 दर्ज कर आगे की करवाई की जा रही है। गिरफ्तार वेयक्तियों के पास से बिना नम्बर प्लेट का एक मोटरसाईकिल, एक मालवाक टेम्पो (टाटा ˏष्द्ध) नं0 बीआर 02 एटी 8238, चार पेटी अवैध देशी शराब जिसपर RESERVE - wv RARE Wchisky लिखा हुआ कुल 48 बोतल बरामद किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त देवलाल यादव उम्र करीब 24 वर्ष पिता तुलेश्वर यादव ग्राम बलुरी, मनिष कुमार उम्र करीब 20 वर्ष पिता मानकी ठाकुर ग्राम काशीकेवाल दोनो थाना हंटरगंज जिला चतरा के रहने वाले बताए जा रहे है। छापामारी दल में एस आई अनन्त साह, कृष्णा कुमारए एस आई सुखदेव भगत तथा थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

हाथियों के झुंड ने खेत में लगे फसल को रौंदा

प्रभात मंत्र संवाददाता

बालूमाथ : थानां क्षेत्र अंतर्गत मरंगलोइयां पंचायत के जिलंगा ग्राम में बीती रात हाथियों के झुंड ने विशेश्वर महतो के खेत में लगे कद्दू, प्याज, गेहूं, तथा अरविंद महतो के खेत में लगे प्याज, दामोदर महतो के खेत मे लगे गेहूं एवं प्याज, मटर, समेत सतेंद्र महतो, शिबू महतो, प्रसाद महतो, बालकिशन महतो, प्रयाग महतो, के खेत में लगे फसल को हाथियों के झुंड ने नष्ट कर दिया जिससे किसानों को लाखो का नुकसान बताया जा रहा है। सभी किसानो ने वन विभाग से नुकसान हुवे फसलों की मुवावजे की मांग की है। इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा ने किसानों से मुलाकात की साथ ही बर्बाद हुवे फसलो का जायजा लिया। और वन विभाग से हाथियों को क्षेत्र से दूर भगाने की बात कही ताकि ग्रामीणों को जान माल का नुकसान न हो सके। मौके पर अनूप वर्मा, चरकू महतो, कामेश्वर महतो, सुरेश महतो, परमेश्वर महतो, शिबू महतो, प्रमोद महतो समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

सामाजिक कार्यशाला का हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

बालूमाथ : मुख्यालय अंतर्गत गुरुवार को पंचायत सचिवालय में आदिवासी लोहरा समाज का प्रमंडलीय एक दिवसीय सामाजिक कार्यशाला का आयोजन नरेश लोहरा की अध्यक्षता में किया गया इस कार्यशाला में दो बिन्दुओ पर चर्चा की गई जिसमें लोहरा जाति की ख़तियानी त्रुटि की स्थाई समाधान तथा दूसरा पलामू प्रमंडल और उत्तरी छोटानागपुर क्षेत्र विशेष में सामाजिक संगठनात्मक कार्य से समाज और सरकारी विभागीय कार्य को विधिवत संचालित करने पर जोर दिया गया साथ ही सरहुल पर्व व सामाजिक मिलन समारोह का आयोजित करने का निर्णय लिया गया इस मौके पर राजू रामवृक्ष लोहरा, नरेश लोहरा सोनू लोहरा, रोहित लोहरा, राजू लोहरा, उमेश लोहरा, सुरेश लोहरा, ममता देवी, दीपक लोहरा, किशन देव लोहरा समेत कई लोग मौजूद रहे।

स्व. रफाएल सोरेंग के अंतिम संस्कार कार्यक्रम में शामिल हुई जोसिमा खाखा

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमडेगा : जिला परिषद सदस्य जोसिमा खाखा जेवियर स्कूल डोरंडा रांची के प्रिंसिपल फा फुलदेव सोरेंग के पिताजी रफाएल सोरेंग के अंतिम संस्कार कार्यक्रम में शामिल हुए। स्व रफाएल का अंतिम संस्कार उनके पैतृक निवास सिकरियाटांड़ में किया गया। मौके पर जोसिमा खाखा ने दिवंगत के पार्थिव शरीर पर कफ़न ओढाते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किया। साथ ही दिवंगत के आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना भी की। जोसिमा ने मृतक के परिजनों को भी ढांढस बंधाया। साथ ही इस दुख के घड़ी में परिजनों के साथ खड़ा रहने का भरोसा जताया। अंतिम संस्कार कार्यक्रम में फा संजय, फा रवि, पंसस प्रतिमा कूजुर, अंजली रानी, वार्ड नीलिमा सोरेंग, शिक्षक स्कॉलस्तिका सहित काफी संख्या में लोग शामिल हुए।

आंदोलनकारियों की समस्याओं के निदान पर हठधर्मिता छोड़ें हेमंत सोरेन : राजू महतो

लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा लोहरदगा जिला समिति की बैठक गुरुवार को कार्यकारी जिला अध्यक्ष अमर किन्डो की अध्यक्षता में हुई। बैठक में केन्द्रीय समिति के अध्यक्ष राजू महतो,वरीय उपाध्यक्ष अश्विनी कुजूर, जिला संयोजक प्रोफ़ेसर विनोद भगत आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे। मौके पर केन्द्रीय अध्यक्ष श्री महतो ने कहा कि आन्दोलनकारियों की समस्याओं और मांगों पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपनी हठधर्मिता छोड़ें और जल्द से जल्द निदान करें। मुख्यमंत्री की हठधर्मिता से आंदोलनकारियों झारखंड वासियों में तीव्र जनाक्रोश भड़क रहा है, जिससे उन्हें बड़ी कीमत चुकानी होगी। उन्होंने कहा कि झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के तत्वावधान में आगामी 16 मार्च को विधानसभा के समक्ष पारंपरिक हथियारों के साथ प्रदर्शन उसकी बानगी होगी। वरीय उपाध्यक्ष श्री कुजूर ने झारखंड सरकार द्वारा चिन्हितीकरण मामले को लेकर किए जा रहे कार्यकलापों पर असंतोष जाहिर किया। उन्होंने कहा कि चिन्हित सीनियर आंदोलनकारियों द्वारा पहचान करने वालों का एफिडेविट मांगा जाना, फार्म भरने के समय भी एफिडेविट का मांग किया जाना,आखिर इतनी जटिलता क्यों! उन्होंने कहा कि अपील करते हुए कहा कि वे आंदोलनकारी के पुत्र होने का हक अदा करें। बिना किसी दबाव के जेल जाने की बाध्यता समाप्त करते हुए सभी झारखंड आंदोलनकारियों को समान रूप से मान-सम्मान, पहचान, नियोजन, पेंशन आदि के मामले को अविलंब निष्पादित करें। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग किया है कि झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा का एक प्रतिनिधि मंडल के साथ जल्द वार्ता करें। ऐसा नहीं हुआ तो आगामी 16 मार्च को विधानसभा के समक्ष पारंपरिक हथियारों के साथ प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 16 मार्च को विधानसभा के समक्ष तीखा आंदोलन किया जाएगा। प्रोफेसर विनोद भगत ने कहा कि झारखंड राज्य बने 22 वर्ष से अधिक हो गए, लेकिन आंदोलनकारियों की समस्याओं का समाधान नहीं हो पाया है। चिन्हितीकरण आयोग का पुनर्गठन तो कर दी गई है, लेकिन पूर्ण रूप से पावर नहीं दी गई, जिससे सैकड़ों आंदोलनकारियों का चिन्हितीकरण कार्य अधर पर लटका है। उन्होंने कहा कि 16 मार्च को लोहरदगा जिले से पारंपरिक वेशभूषा और पारंपरिक हथियारों के साथ हजारों की संख्या में आंदोलनकारी भाग लेंगे। इसकी तैयारी को लेकर लोहरदगा प्रखंड के कुज्जी ग्राम में 05 मार्च को एवं सेन्हा प्रखंड में 12 मार्च को बैठक होगी। संबोधित करने वालों में केन्द्रीय महिला संयोजिका विनिता खलखो,एरेन कच्छप, इसरार अहमद, जिला सचिव विशेषण भगत, अमर किन्डो, प्रो. बुटन महली, दीपक वर्मा, जगदीश उरांव,कृष्णा ठाकुर, सीता उरांव, तरामनी मिंज, सालेन लकड़ा, बालोमनी बाखला आदि शामिल थे। बैठक का संचालन जिला सचिव विशेषण भगत ने की। मौके पर तारा खलखो, दिनेश साहू, सोमनाथ उरांव, चैतु मुंडा, मो. मनीरूद्दीन अंसारी, नागेंद्र साहु, प्रतिमा भारती, ललिता भगत, छोटन विश्वकर्मा, अनुभा टोप्पो, अफरोज शाह आदि सहित बड़ी संख्या में आंदोलनकारी मौजूद थे। सर्व सहमति से निर्णय लिया गया कि अगला बैठक आगामी 12 अप्रैल को किया जाएगा।

होली और शब-ए-बारात को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

चतरा : समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में होली और शब-ए-बारात के त्योहार को लेकर शांति समिति की बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से पुलिस अधीक्षक, राकेश रंजन समेत अन्य जिला स्तरीय वरीय पदाधिकारी, थाना प्रभारी एवं शांति समिति सदस्य के रूप में जिले के गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए। शांति समिति की बैठक में सदस्यों ने होली और शब-ए-बारात के मौके पर समुदाय की सुरक्षा को लेकर विस्तृत चर्चा की। समिति के सदस्यों ने इस मौके पर सुझाव दिए और अपने अनुभव साझा किए। पुलिस अधीक्षक श्री राकेश रंजन ने कहा कि सोशल मीडिया का लगातार मॉनिटरिंग की जा रहा है। सोशल मीडिया पर समुदाय विशेष पर किसी भी प्रकार के भड़काऊ पोस्ट या आपत्ति जनक पोस्ट करने वाले उपद्रवियों एवं असमाजिक तत्व के लोगो को किसी भी परिस्थिति में बख्शा नहीं जाएगा। डीजे पर आपत्तिजनक गाने विवादों को उत्पन्न करते है अंतः इनपर कड़ी नजर रखी जाएगी। उपायुक्त अबु इमरान ने कहा कि अफवाहों से बचें और खासकर सोशल मीडिया पर भड़काऊ व आपत्तिजनक पोस्ट से सावधान रहें और आपत्तिजनक पोस्ट करने वालो की सूचना अविलंब प्रशासन को दें। असमाजिक तत्वों और कानून को हाथ में लेने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।शांति समिति के इस बैठक में उपस्थित सभी गणमान्य लोगों ने अपने अपने क्षेत्र में पूर्व में मनाए गए त्योहारों की स्थिति से अवगत कराया साथ ही जिला स्तरीय बैठक में लिए गए निर्णय के अनुपालन करने एवं भाईचारगी व सौहार्दपूर्ण त्योहार मनाने की बात कही ।अंत में जिला प्रशासन ने समुदाय के सभी लोगों को होली और शब्बे बारात के जश्न को भाईचारगी व सौहार्दपूर्ण मनाने की बात कही।

उपचुनाव में ऐतिहासिक जीत पर भाजपाइयों में जश्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

बरवाडीह : रामगढ़ उपचुनाव में एनडीए की उम्मीदवार सुनीता चौधरी की ऐतिहासिक जीत पर भाजपाइयों में जश्न का माहौल देखा जा रहा है। जहां आजसू पार्टी से सुनीत चौधरी ने लगभग चालीस हजार से ज्यादा मतों के अंतर से कांग्रेस प्रत्याशी बजरंग महतो को मात देकर जीत हासिल की है। वहीं रामगढ़ उपचुनाव में मिली ऐतिहासिक सफलता को आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर अहम माना जा रहा है। इस मौके पर बरवाडीह मंडल इकाई भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं में जश्न का माहौल देखा गया जिसमें भाजपाइयों ने नारों के साथ जमकर आतिशबाजी की। मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता कन्हाई प्रसाद ने कहा कि वर्तमान सरकार भ्रष्टाचार की गंगा में डुबकी लगाए हुए है। वर्तमान सरकार ने रोजगार को चौपट कर दिया है। हर क्षेत्र और तबके के लोग दुसरे प्रदेशों में पलायन कर चुके हैं। वहीं उप प्रमुख विरेन्द्र जयसवाल ने कहा कि इस सरकार की सारी योजनाएं विफल हो चुकी है जैसे हरा राशन कार्डधारियों को अनाज नहीं मिल रहा है। पेट्रोल सब्सिडी योजना फेल हो चुकी है इस तरह उनके झूठे वादे तीन लाख का आवास कही नजर नहीं आ रहा है। वहीं भाजयुमो अध्यक्ष विकास कुमार सिंह ने कहा कि वर्तमान सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है कोई किसी को नहीं सुन रहा है। उपचुनाव की जीत बता रही है कि सरकार और उनके पुरा कुंबा चुनाव में तन मन धन का प्रयोग किए पर उन्हें मुंह की खानी पड़ी। आनेवाले समय में भाजपा एकबार फिर बहुमत के साथ सरकार में आएगी। मौके पर प्रमुख सुशीला देवी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नीरज सिंह, उपाध्यक्ष सुनील सिंह, अल्पसंख्यक मोर्चा प्रखण्ड अध्यक्ष अख्तर खान, मजहर अंसारी पंचायत समिति सदस्य प्रवीण कुमार, शिबू साव, उपाध्यक्ष मनोज सिंह चेरो, दिलीप पासवान, ननदेव सिंह, पवन कुमार, राजीव सिन्हा समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

प्रभात मंत्र

रामगढ़/हजारीबाग

रांची, शुक्रवार, 3 मार्च 2023 | पेज 8

संक्षिप्त खबरें

एनडीए के प्रत्याशी सुनीता चौधरी को उपचुनाव में जीत के लिए बधाई : संतोष महतो

रजरप्पा (प्रभात मंत्र संवाददाता): रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में 22 हज़ार वोटों के भारी अंतर से यूपीए के प्रत्याशी बजरंग महतो को हराया जो जनमत द्वारा की गई बिलकुल स्वाभाविक जीत है।लोकतंत्र के महापर्व में अंततः जीत उसी की होती है जिसके पक्ष में ज़्यादा लोग मतदान करते हैं।संतोष महतो ने कहा कि -इस उपचुनाव में रामगढ़ की जनता ने झारखण्ड प्रत्याशी को सुना,समझा और खूब प्यार दिया इसके लिए मैं हमेशा उनका शुक्रगुज़ार रहूँगा।जनता मुझे पसंद करती है ये हर जनसभा में खुल कर सामने आया है और लोगों ने भविष्य के नेता के रूप में मुझे स्वीकार भी किया है।लेकिन इस उपचुनाव में छात्रों,किसानों,महिलाओं सहित तमाम वर्ग के लोगों ने यूपीए सरकार के ख़िलाफ़ अपने विरोध को दिखाया है जो की वाजिब भी है।वर्तमान सरकार ने सभी वर्गों के साथ शिक्षा स्वास्थ्य और रोज़गार सहित अन्य मुद्दों पर धोखा देने का काम किया है और इसके बदले इस सरकार को हराकर सबक़ सिखाना ज़रूरी था।हेमंत सोरेन सहित पूरा सरकार रामगढ़ में आकर छाती पीट रहा था कि हर उपचुनाव में उनकी जीत होती रही है इसलिए इनको एक सबक़ देने का मन रामगढ़ के लोगों ने बनाया और भारी अंतर से हराकर अपनी भावना दिखा दी है।झारखण्ड पार्टी ने जनभावना से जुड़े मुद्दे यानि केजी से पीएचडी तक की शिक्षा ज़िले में उपलब्ध कराने ,स्वास्थ्य सेवाओं की समुचित व्यवस्था और क्षेत्र के लोगों को जिले में ही रोज़गार दिलाने के मुद्दे समझाने की कोशिश की जिसे रामगढ़ के लोगों ने भविष्य की राजनीति के तौर पर स्वीकार किया और वादा भी किया कि अगले चुनाव में मुझे मौक़ा देंगे यही वास्तविक जीत है।सरकार को इस उपचुनाव से चेतने की ज़रूरत है कि वो छात्रों युवाओं के भविष्य का सपना दिखाकर जो सत्ता हासिल की है वो अब पूरा नही करने का ख़ामियाज़ा भुगतना पड़ेगा।सुनीता चौधरी को जो ज़िम्मेदारी मिली है मुझे उम्मीद है उसे वो पूरा करेंगी और क्षेत्र के लोगों को उनकी अपेक्षाओं के अनुरूप प्रतिनिधित्व दे सकेंगी यही अपेक्षा सबकी है। साथ ही वादा करता हूँ कि -झारखण्ड पार्टी राज्य की मूल पार्टी है और इसलिए संघर्ष और आंदोलन के लिए सतत जनता के बीच रहकर जन मुद्दों को उठाता रहूँगा।

रामगढ़ में सुनीता चौधरी की जीत पर बड़कागांव में एनडीए कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता): रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में आजसू प्रत्याशी सुनीता चौधरी की प्रचंड जीत के बाद बड़कागांव प्रखंड के आजसू और भाजपा कार्यकर्ताओं ने बड़कागांव मुख्य चौक में एक दूसरे को मिठाई खिलाकर व आतिशबाजी कर जीत का जश्न मनाया। आजसू के केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा ने कहा कि यह जीत हमारे पार्टी और एनडीए दल के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण जीत है। आने वाले 2024 के लोकसभा और विधानसभा चुनाव में प्रचंड बहुमत के साथ एनडीए गठबंधन की सरकार बनेगी। आजसू प्रवक्ता तपेश्वर कुमार तापस ने कहा कि रामगढ़ में आजसू पार्टी की सुनीता चौधरी की यह जीत बहुत मायने रखती है। वहां की जनता ने यूपीए गठबंधन को नकार दिया। मौके पर मुख्य रूप से आजसू पार्टी के अनुसूचित जनजाति के प्रखंड अध्यक्ष तूलेश्वर राम, प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष फिरोज खान, जिला उपाध्यक्ष रवि राम, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष घनश्याम जायसवाल, भाजयूमो के जिला सोशल मीडिया प्रभारी शिव शंकर उर्फ शिबू मेहता, राजेश श्रीवास्तव, सुगन साव, कृष्णा लाल, मेवालाल नाग, राम ठाकुर, कमलेश कशेरा, प्रदीप महतो, विनोद महतो, अहमद रजा, रवि जयसवाल, विनोद राम, बिट्टू राय, सुभाष सिंह, शनि कुमार, बदल कुमार, अर्जुन कुमार सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

23 रामगढ़ विधानसभा उप निर्वाचन चुनाव 2023 शांतिपूर्ण संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : गुरुवार को मतगणना समाप्त होने के उपरांत रामगढ़ जिले में 23 रामगढ़ विधानसभा उप निर्वाचन 2023 शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, रामगढ़ माधवी मिश्रा ने सामान्य प्रेक्षक, पुलिस प्रेक्षक, व्यय प्रेक्षक, सभी प्रशासनिक व पुलिस

अधिकारियों/कर्मियों, जिले के सभी अधिकारियों/कर्मियों, दंडाधिकारियों, पुलिस बल के जवानों, मास्टर ट्रेनरों, मतदान पदाधिकारियों, मतगणना पर्यवेक्षको, मतगणना सहायकों, प्रत्याशियों, मीडिया प्रतिनिधियों, जिलेवासियों एवं प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष रूप से शांतिपूर्ण तरीके से व सफलतापूर्वक उप निर्वाचन संपन्न कराने में शामिल सभी की सराहना करते हुए सभी का धन्यवाद किया।

बितका भंवरी हत्याकांड का हुआ उद्भेदन

रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता): रामगढ़ पुलिस ने कांग्रेस विधायक प्रतिनिधि राजकिशोर उर्फ बितका बाउरी हत्या काण्ड मामले में संलिप्त तीन आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। जिसका उद्भेदन पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस अधीक्षक पीयुष पांडे ने किया। सौदा बस्ती निवासी राजकिशोर बाउरी उर्फ बितका बाउरी उम्र करीब 35 वर्ष पे0- स्व0 सिरिया बाउरी ग्राम- सौदा बस्ती थाना- भुरकुंडा ओ0पी0 को सौदा बस्ती के एचपी पेट्रोल पम्प के सामने मोटरसाईकिल सवार तीन अज्ञात अपरधकर्मियों ने गोली मार कर हत्या कर भाग निकले थे। उक्त संबंध में पतरातु (भुरकुंडा) थाना कांड सं0-30/2023, दिनांक- 26.02.2023 धारा 302/34/120क भा0द0वि0 एवं 27 आर्म्स एक्ट दर्ज कर कांड के महता को देखते हुए कांड के त्वरित अनुसंधान एवं उद्भेदन हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पतरातु के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। जिसके फलस्वरूप घटना में सम्मिलित तीन अपराधकर्मी गिरफ्तार किये गये हैं, जो पांडे गिरोह के सक्रिय सदस्य हैं। इस घटना में शामिल अन्य अपराधकर्मियों के विरुद्ध लगातार छापामारी की जा रही है।

कड़ी सुरक्षा के बीच होगा जी 20 शिखर सम्मेलन

प्रभात मंत्र संवाददाता

पतरातू : जी 20 शिखर सम्मेलन को सफल बनाने के लिए पांच वरीय अधिकारियों की जिम्मेवारी दी गई।इनमें राहुल पुरवार मनीष रंजन अमिताभ कौशल कृपा झा और उमाशंकर सिंह आदि उच्च अधिकारियों के नाम शामिल है।पतरातु रिसोर्ट में आयोजित काम कार्यक्रम कि जिम्मेवारी अमिताभ कौशल को दी गई है टीम की अगुवाई कोडरमा डी डी सी नोडल पदाधिकारी ऋतुराज कर रहे हैं और उनकी टीम में उत्कर्ष कुमार श्रीकांत और सुजीत कुमार सिंह है।टीम का स्वागत करने के लिए सांस्कृतिक निदेशालय के साथ समन्वय बनाना और लाइव प्रदर्शन आदि कार्यक्रम शामिल है।जबकि जिला प्रशासन की ओर से सभी संबंधितो को पास जारी करने की जिम्मेवारी सौपी गई है। यातायात और वाहनों की उपलब्धता एवं चालकों और वाहनों की सुरक्षा जांच के लिए केंद्रीय टीएमसी एवं लेक रिसोर्ट् एटीएस जवानों की निगरानी में होंगे।

रामगढ़ उपचुनाव में जीत से विष्णुगढ़ में एनडीए ने मनाया जश्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

विष्णुगढ : विष्णुगढ प्रखण्ड मुख्यालय के सात मील चौक में भाजपा आजसू के कार्यकर्ताओ ने रामगढ़ उपचुनाव में एनडीए गठबंधन प्रत्याशी सुनीता चौधरी की बम्पर जीत की खुशी में जमकर आतिशबाजी की गई । भाजपा-आजसू कार्यकर्ताओ ने एक दूसरे मिठाई खिलाकर, गुलाल लगाकर जीत की बधाई दी। इस मौके पर भाजपा मंडल महामंत्री गुरु प्रसाद साव ने कहा कि रामगढ़ की जीत हेमन्त सोरेन को संदेश है,जिस तरह से

गलत नियोजन नीति बनाई,पारा शिक्षकों को धोखा,राज्य में बढ़ती अपराधिक घटनाएं, पूरे प्रदेश के सभी प्रखण्डो मे प्रखण्ड कार्यालय एवं अंचल कार्यालयों में व्याप्त भ्रष्टाचार झारखंड सरकार की इन सभी की विफलताओं पर जनता ने मुहर लगाई है।आने वाले लोकसभा चुनाव एवं विधानसभा के चुनाव में फिर एक बार झारखंड में डबल इंजिन की सरकार बनेगी । विष्णुगढ आजसू प्रखण्ड अध्यक्ष अजय कुमार मंडल ने कहा कि ये तो ट्रेलर है,अबकी बार फिर से एनडीए गठबंधन की सरकार बनेगी ये इस चुनाव की जीत के साथ तय हो गया। इस मौके पर मुख्य रूप से भाजयुमों जिलाउपाध्यक्ष हिरामन महतो, भाजपा मंडल महामंत्री गुरु प्रसाद साव, आजसू प्रखण्ड अध्यक्ष अजय कुमार मंडल,दीपू अकेला,गौतम वर्मा,प्रकाश कुमार महतो,पवन कुमार राय,लिलो महतो,महेंद्र कुमार महतो, बाबू खान,राजा कुमार समेत काफी संख्या में कार्यकर्ताओं संग ग्रामीण मौजूद थे ।

गाल्होबार मुखिया मंजू देवी ने किया शैक्षणिक किट का वितरण

प्रभात मंत्र संवाददाता

विष्णुगढ़ : विष्णुगढ प्रखंड अंतर्गत गाल्होवार पंचायत के राजकीय मध्य विद्यालय गाल्होवार में सरकार द्वारा शैक्षणिक सत्र 2022-2023 हेतु कक्षा प्रथम से लेकर कक्षाअष्टम तक पाँच सौ छात्र-छात्राओं के बीच शैक्षणिक किट नोटबुक (कॉपी) का गाल्होवार मुखिया मंजू देवी, मुखिया प्रतिनिधि छोटी शर्मा, पंचायत समिति सदस्य मुलिया देवी,वार्ड सदस्य राकेश कुमार प्रधानाध्यापक प्रदीप राम के द्वारा वितरण किया गया। वितरण के मौके पर मुखिया मंजू देवी ने बच्चों से अपील की कहा कि बच्चे पढ़ाई पर ध्यान दें, मोबाइल से दूर रहे,और पूरी एकाग्रता से पढाई करें ।इसलिए जरूरत पड़ने पर ही मोबाइल फोन का इस्तेमाल करें, अपने विद्यालय

एवं माता-पिता का नाम रोशन करें। इस मौके पर मुख्य रूप से विद्यालय प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रदीप राम,द्वारका प्रसाद महतो, रोहित लाल महतो,धनेश्वर महतो, मानिकचंद दास,विनय कुमार, संतोष रजक,प्रदीप ठाकुर अध्यक्ष,सूरज पाठक (वार्ड सदस्य प्रतिनिधि),अरशद अंसारी (वार्ड सदस्य प्रतिनिधि)समेत विद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

युवा समाजसेवी के होली मिलन समारोह में उमड़ा जनसैलाब

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : झिंझिरिया पुल स्थित समाज सेवी प्रदीप प्रसाद के कार्यालय में गुरुवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसमे हजारों की संख्या में श्री प्रसाद के समर्थको ने भाग लिया। होली मिलन समारोह की शुरुआत गीत संगीत और चैता गीत के साथ किया गया। उक्त समारोह में आम नागरिकों के बीच जमकर रंग-गुलाल उड़ाए गए। साथ ही एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगा होली की बधाई दी गई। मौके पर समाज सेवी प्रदीप प्रसाद ने कहा कि होली के रंग नफरतों को मिटा देता है। लोग आपसी प्रेम और संद्भावना के साथ होली मनाएं। कार्यक्रम में लजीज व्यंजनों का भी लोगों ने लुत्फ उठाया। होली मिलन कार्यक्रम मे हरिश श्रीवास्तव , हर्ष अजमेरा , विवेकानंद सिंह , भुनेश्वर पटेल , दिलीप वर्मा , मनोज मोदी ,भैया अभिमन्यु , बटेश्वर प्रसाद मेहता , अर्जून साव , मनोज

गुप्ता , कृष्ण प्रसाद , अजय गुप्ता ,रमेश चन्द्र प्रसाद , सुमित सिन्हा , अमन कुमार , इन्दूशेखर शेखर सिंह , कौलेश्वर रजक , विजय सिंह भोगता , संजय सिंह , श्री प्रकाश झा , विकास केशरी , अर्जून यादव , कमल गोप , गणेश गोप , धनंजय सिंह , राजेश गुप्ता , राजेन्द्र कुशवाहा , रामचन्द्र कुशवाहा , यासिन अंसारी , मो मुर्तजा, रंजीत राम, बुधन राम समेत राजनीतिक दल के नेताओं , कार्यकर्ताओं सहित हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे ।

मुखिया ने अपने निजी खर्च से लगाया चापाकल

प्रभात मंत्र संवाददाता

बरही : प्रखंड स्थित में जहां विभिन्न पंचायत के मुखिया पंचायत की विकास योजनाओं और कार्यों के लिए सरकार पर निर्भर हैं, वहीं क्षेत्र में ऐसे भी मुखिया हैं, जो ग्रामीणों की समस्याओं को दूर करने के लिए सरकार के भरोसे नहीं छोड़ते है। ऐसे ही एक मुखिया हैं, धनवार पंचायत के राजेन्द्र प्रसाद जिन्होंने बरदाग के ग्रामीणों की मांग पर बरदाग स्थित दुर्गा मंडप में पानी की जरूरतों को देखते हुए अपने निजी खर्च से चापाकल लगवाया, और ग्रामीणों की मांग को पूरा किया गया। चापाकल का उद्घाटन ग्रामीणों के साथ मिलकर कर किया। इसके लिए लाभवांतित होने वाले ग्रामीणों ने उन्हें साधुवाद दिया। मौके पर मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि करीब 50 घर के लोग पानी की समस्या से लगातार जूझ रहे थे। सरकारी स्तर पर यहां पेयजल की व्यवस्था नहीं होने के कारण प्रतिदिन लोग पानी के लिए परेशान रहते थे, ग्रामीणों के इस दर्द से वह काफी चिंतित रहते थे, किंतु उनके पास चापाकल लगाने के लिए मुखिया मद में राशि नहीं रहने के कारण चापाकल लगवाने में असमर्थ थे।

झारखंड फेयर प्राइस डीलर एसोसिएशन की कोर कमेटी की बैठक संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : रेड रोज मैरिज हॉल इंदरपुरी फेयर प्राइस डीलर एसोसिएशन झारखंड की कोर कमेटी की बैठक गुरुवार को हुई। बैठक में 16 एजेंडो पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में राष्ट्रीय कार्यकारिणी अध्यक्ष ओंकार नाथ झा ने कहा कि जन वितरण विक्रेताओं को लैंडिंग लॉस यानी शॉर्टेज प्रति क्विंटल 1किलो गोदाम से दिया जाए ।पीडीएस डीलर राशन वितरण के साथ-साथ सरकार के अन्य महत्वपूर्ण काम भी ससमय आदेशानुसार करते हैं,लेकिन सरकार नाम मात्र का कमीशन देती है जो फिलहाल बंद है। महासचिव संजय टूडू ने कहा कि पूर्व की भांति अनुकंपा चालू किया जाए। प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश प्रसाद ने कहा कि अगर हमारी लंबित मांगे राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार नहीं मानती हैं तो 22 मार्च को दिल्ली पार्लियामेंट

का घेराव पूरे भारतवर्ष के जन वितरण विक्रेता एवं उनके परिजन करेंगे।वहीं जिला अध्यक्ष नंदू प्रसाद ने कहा कि हमारी पहले की कमीशन आठ-दस महीना से लंबित है। मौके पर झारखंड प्रदेश अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी अध्यक्ष ओंकार नाथ झा, प्रदेश महासचिव संजय टूडू, प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश प्रसाद,रमेश सिंह, कामेश्वर दुबे,मनोहर सिंह, राकेश बंसल ,अब्दुल अंसारी, पंकज दुबे, सुनील सिन्हा,धनेश्वर प्रसाद,दिलीप पासवान, अरुण राणा ,कोचन महतो,राम प्रकाश वर्मा, महावीर राम,अनिल कुमार साहू,सहदेव राव, मनोहर राम,डोमन पांडे, आरती देवी, अर्चना सिन्हा,सरस्वती देवी, मोहम्मद जलील,सरोज सिंह समेत कई अन्य उपस्थित थें।

राजकीय मध्य विद्यालय बेंदगी में विदाई समारोह का आयोजन

बरही : प्रखंड अंतर्गत राजकीय मध्य विद्यालय बेंदगी में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष दिनेश साव ने किया। मौके पर जिप सदस्य प्रीति गुप्ता, रसोईया धमना पंचायत के मुखिया गोविंद साहू, राष्टपति पुरस्कार से सम्मानित सह पूर्व शिक्षक इशो सिंह, देवधारी प्रजापति आदि मौजूद थे। मौके पर शिक्षक राजेंद्र प्रसाद केसरी को विदाई दी गई। मौके पर उपस्थित अतिथियों ने कहा कि राजकीय मध्य विद्यालय बेंदगी में इनका कार्यकाल सराहनीय रहा, इनके द्वारा बच्चों को अच्छी शिक्षा दी गई। वही बच्चों ने भी इनके कार्यो को सराहा और कहा कि सदा आप याद रहेंगे। वही शिक्षक राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि विद्यालय के साथ-साथ यहां के बच्चों से भी मेरा काफी लगाव हो गया था, पंचायतवासी भी हमें काफी सहयोग किए इसके लिए सभी साधुवाद के पात्र हैं।

जनप्रतिनिधियों ने भक्ति जागरण कार्यक्रम का किया उद्घाटन

बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड अंतर्गत मलकोको पंचायत के बेलहरा में बुधवार रात्रि भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। जिसमे बतौर मुख्य अतिथि जिला जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व जीप प्रतिनिधि मो कयूम, उप प्रमुख देवलाल कुशवाहा, स्थानीय मुखिया विजय यादव एवं विजैया पंचायत के पूर्व मुखिया दशरथ यादव शामिल हुए। जहां सभी अतिथियों का फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। वहीं धनबाद से चलकर आए संगम म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारों ने रात भर भक्ति गीत गाकर भक्तों को झुमाया। मौके पर पंसस प्रतिनिधि रोहित यादव, विकास यादव, समाजसेवी रघु मोदी, महेश यादव, युगल यादव, बैजनाथ यादव, दिनेश कुमार यादव, संजय यादव, केदार यादव, परमेश्वर पंडित, संजय पाण्डेय एवं दिलीप कुमार सहित सैकड़ों अन्य लोग मौजूद थे।

बड़कागांव प्रखंड पंचायत समिति की बैठक

बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड सभागार भवन बड़कागांव में प्रखंड पंचायत समिति की मासिक बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता बड़कागांव प्रमुख फुलवा देवी एवं संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार पांडे ने किया। बैठक में जल एवं स्वच्छता विभाग, प्रधानमंत्री आवास, कृषि एवं खाद्य आपूर्ति विभाग, कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग और मनरेगा के अलावा कई विभाग के पदाधिकारी उपस्थित हुए। जिन विभाग के पदाधिकारी उपस्थित नहीं हुए उन्हें शो काउज लेटर भेजा गया। बारी-बारी से सभी विभाग के कार्यों की समीक्षा की गई। प्रखंड में शिक्षा विभाग की लचर व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए प्रखंड शिक्षा समिति के अध्यक्ष उप प्रमुख बचन देव कुमार एवं सदस्य रितेश कुमार ठाकुर को हर स्कूल में जाकर शिक्षा व्यवस्था का निरीक्षण करने का काम सौंपा गया। वहीं पेयजल एवं स्वच्छता विभाग को गर्मी में पानी की तंगी को देखते हुए खराब पड़े जल मीनारों एवं चापानलों को दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया। बिजली विभाग को बिजली व्यवस्था सुधार करने के लिए कहा गया। प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में बनाए जा रहे सोख्ता गड्ढा में अनियमितता बरतने के मामले को लेकर जांच कमेटी गठन की गई। जांच कमेटी के सदस्यों के द्वारा जल्द पंचायतों में सोख्ता गड्ढा का निरीक्षण किया जाएगा और रिपोर्ट प्रखंड में सौंपा जाएगा। छात्र-छात्राओं को जाति, आवासीय और आय बनने में विलंब होने को लेकर उप प्रमुख ने अंचलाधिकारी को काम में गति लाने के लिए कहा। इसके अलावा अन्य कई विभागों के कार्यों का समीक्षा किया गया। बैठक में अंचलाधिकारी अमित किस्कू, उपेंद्र प्रसाद, कृष्णा राम, रंजीत चौबे, प्रभु राम, फयूम अंसारी, मोहन महतो, गणेश साव, उर्मिला कुमारी, कोशिला कुमारी, सुमन कुमारी, शोभा देवी, बभनी देवी, गीता देवी, रमणिका कुमारी, शबनम प्रवीण, सांसद प्रतिनिधि जुगनू सिंह, श्रीकांत निराला, चिकित्सा प्रभारी डॉ बीएन प्रसाद, रवि रंजन, आशीष पासवान, रिंकू रवि, भास्कर राज, प्रह्लाद गुप्ता, प्रदीप तिर्की, राहुल कुमार, एएसआई शिवा आनंद, कनीय अभियंता मोहम्मद खुर्शीद, मोहम्मद समसुद्दीन, अरविंद कौशल के अलावा पंचायत सचिव एवं कई मनोनीत सदस्य उपस्थित थे।

एनटीपीसी आईटीआई से प्रशिक्षित 30 छात्रों को मिला प्लेसमेंट

प्रभात मंत्र संवाददाता

बड़कागांव : एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना द्वारा शुरू की गई माइनिंग एंड इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट (मैती) जिले में रंग ला रही है। पिछले कुछ वर्षों में इस आईटीआई से प्रशिक्षण लेकर बड़कागांव एवं आसपास क्षेत्रों के सैकड़ों छात्रों को रोजगार मिला है। बीते दिन भी इसी कड़ी को जारी रखते हुए एनटीपीसी मैती ने शत प्रतिशत बच्चों को प्लेसमेंट दिलवाकर एक नया कीर्तिमान रच दिया है। केरेडारी कोयला खनन परियोजना द्वारा स्पॉन्सर्ड सभी 30 बच्चों को 3 महीने की ट्रेनिंग के बाद प्लेसमेंट मिल गया है। इन छात्रों को प्रतिष्ठित जेबीएम ग्रुप और इनोड्या प्रेसिपेटर्स प्राइवेट लिमिटेड

ने ऑफर लेटर जारी किया है। इन सभी छात्रों को विभिन्न कैटेगरी जैसे इलेक्ट्रिशियन, वेल्डिंग, बेसिक कम्प्यूटर नॉलेज जैसे विषय में प्रशिक्षण दी गई है। इन छात्रों को अब इन दोनों ही ग्रुप में ट्रेनी, वेल्डर और अन्य महत्वपूर्ण पदों पर काम करने का मौका मिलेगा। आपको बता दें कि इससे पहले भी इस आईटीआई में प्रशिक्षण लेने वाले कुल 360 छात्रों में से 357 छात्रों का प्लेसमेंट दिया जा चुका है।

श्री रानी सती मंदिर से निकली प्रभु श्री श्याम की भव्य शोभा यात्रा

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : श्री श्याम भक्त परिवार द्वारा आयोजित श्री श्याम फाल्गुन निशान ध्वज यात्रा एवं एकादशी कीर्तन कार्यक्रम के प्रथम दिन निशान ध्वज यात्रा के साथ भव्य शोभायात्रा मालवीय मार्ग स्थित राणी सती मंदिर से निकाली गयी। सर्वप्रथम निशान पूजन श्री राणी सती मंदिर के पुजारी शशिकांत मिश्रा ने विधिवत रूप से संपन्न कराया। जिसके पश्चात बाबा श्याम की आरती के साथ प्रारंभ हुआ निशान ध्वज यात्रा। भव्य शोभायात्रा में महिलाएं लाल पीली साड़ी एवं पुरुष कुर्ता पजामा में शामिल हुए। पूरे शोभायात्रा के दौरान श्याम प्रेमियों के द्वारा जय श्री श्याम के जयकारों की गूंज से शहर गूंजता रहा। श्याम

प्रेमियों ने बाबा के अनेकों भजनों पर जमकर नृत्य किया। शोभा यात्रा के दौरान कई श्याम प्रेमियों के द्वारा अपने निवास स्थान एवं प्रतिष्ठान के बाहर बाबा श्याम की आरती कर उनका दर्शन किया गया। शोभा यात्रा श्री रानी सती मन्दिर,बंगाली दुर्गा स्थान, महावीर स्थान चौक,कुम्हार टोली कुआँ चौक,बजरंगी चौक, गोला चौक, मोहन सिनेमा चौक, खण्डेलवाल चौक, बड़ा बाजार झंडा चौक,बंशीलाल चौक, भगत सिंह चौक, कांग्रेस ऑफिस चौक, पैगोडा चौक,झंडा चौक,विधायक कार्यालय,जेवर चौक,जादो बाबु चौक,कानी बाजार चौक होते हुए मुनका बगीचा प्रांगण पहुंचकर समाप्त हुई,तत्पश्चात सभी श्याम प्रेमियों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

नक्सलियों ने ईंट भट्ठा में धावा बोला माजदूरों को गोली मारकर किया घायल

मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र में नक्सलियों की धमक, सहमे कोयलांचल के व्यवसायी

प्रभात मंत्र संवाददाता

खलारी : मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र में नक्सलियों ने ईट भट्ठा में धावा बोला, दो माजदूरों को गोली मार कर किया घयाल. बताना चाहते है मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र सीमांत जोभीया में (मैक्लुस्कीगंज (राँची) व लातेहार) स्थित राजन साहू के ईट भट्ठा में मध्य रात्रि लगभग 12 बजे हथियार से लैस सात से आठ की संख्या में भाकपा माओवादी नक्सलियों ने ईट भट्ठा में आकर धमके. उसके बाद रात में ईट भट्ठा में काम कर रहे मजदूर (कोल फायरिंग मैन) से हथियार दिखाते हुये ईट भट्ठा संचालक का मोबाइल न0 मांगा. मजदूर कुछ बोल पाते उतने में ही दो माजदूरों को पैर (जांघ)में गोली मार दी. उसके बाद एक गोली हवाई फायरिंग करते हुये माओवादियों ने लिखा हुआ पर्चा छोड़ कर चले गये. इससे पूर्व उसी रात मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र के मायापुर पंचायत छापर टोला में स्थित आरिफ अंसारी भट्ठा में बीते रात्रि 10 बजे आकर गोली बरी किया. उक्त भट्ठा में दो चार राउंड फायरिंग करने के बाद भट्ठा संचालक को धमकाते हुये लहजे में कहा कि जब तक आगे बात नही होती है तब तक भट्ठा बंद रहेगा. इसकी जानकारी तुरन्त मैक्लुस्कीगंज थाना प्रभारी को दिया गया तो थाना प्रभारी हुटाप के तरफ ही पेट्रोलिंग कर रहे थे. घटना के बाद थाना प्रभारी व पुलिस बल घटना स्थल पर पहुँच कर माओवादी के निशानदेही पर धर पकड़ पूरी रात चालू रहा.राजन साहू के ईट भट्ठा में फायरिंग मैंन राजकुमार सिंह लातेहार सासंग निवासी,सोमरा उराँव माण्डर कैम्बो निवासी को जांघ में गोली मार दिया गया. जिसे एम्बुलेंस के माध्यम से राँची रिम्स भेजा गया. घटना के बाद से खलारी डीएसपी, मैक्लुस्कीगंज थाना प्रभारी सहित पुलिस बल घटना का जायजा लिया। ईट भट्ठा में पहला गोली बारी की घटना आरिफ अंसारी के ईट भट्ठा पर रात्रि 10 बजे किया गया. घटना के सूचना मैक्लुस्कीगंज पुलिस को दिया गया. मैक्लुस्कीगंज पुलिस छापर हुटाप की ओर ही पेट्रोलिंग कर रही थी. तुरन्त घटना स्थल पर पहुँचे. अथवा जांच पड़ताल कर माओवादी का पीछा किया गया. हालात इनकाउंटर का नौबत बन गया था. लेकिन पास में जंगल है,जंगल का फायदा उठाकर भागने में सफर रहे. नक्सलियों की जंगल दौरा में पुलिस के हाथ खाली रही. चोर पुलिस के खेल में रात्रि 12 बजे लपरा पंचायत के जोभीया में राजन साहू के ईट भट्ठा में माजदूरों को गोली मार कर नक्सली पर्चा छोड़ फरार हो गये. माओवादियों ने ऊतरी कोइल जोन एरिया रिजनल कमिटी के नाम पर्चा में लिखा कि दलाल,कोल व्यवसाय, ठेकेदार,ईट व्यवसाय होस में आव,पुलिस की दलाली बंद करो, जंगल जमीन का नुकसान बंद करो सहित अन्य लिखा गया.

क्या कहते है खलारी डीएसपी- घटना के संबध में खलारी डीएसपी ने बताया कि रविन्द्र गंझू के दस्ते का बताया जाता जा रहा है. मैक्लुस्कीगंज, चँदवा,चान्हो,खलारी सहित पूरे क्षेत्र में अपराधियों का धर पकड़ जारी है।

प्रभावित प्रतिरोध मंच ने चूरी परियोजना प्रबंधन को 12 सूत्री मांग पत्र सौंपा

खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रभावित प्रतिरोध मंच ने चूरी परियोजना प्रबंधन पदाधिकारी कमल मांझी को 12 सूत्री मांग पत्र सौंपा गया. 12 सूत्री मांग पत्र के माध्यम से जॉय माइनिंग कंपनी में स्थानीय बेरोजगार युवकों को नौकरी देने, परियोजना से सटे ग्रामीण एरिया में बिजली, पानी ,सड़क की व्यवस्था करने, कॉलोनी की रोड लाइट दुरुस्त करने, खेल मैदान का सुंदरीकरण करने, परियोजना के लिए नई स्कूल बस एवं एंबुलेंस की व्यवस्था,चूरी पुल के दोनो बगल गार्डवाल बनाने, चूरी बिजली सबस्टेशन में 1000 केवीए का ट्रांसफार्मर लगाने, रोड मोड में कोयले का आवंटन बढ़ाने, 25त्न लोडिंग का काम मजदूरों से कराने, स्थानीय संवेदक को काम देने, लंबित रैयत को नौकरी मुआवजा देने, डकरा महाप्रबंधक कार्यालय से लेकर लायंस क्लब तक सड़क के दोनों किनारे पैदल आने-जाने के लिए फुटपाथ बनाने सहित 12 सूत्री मांग पत्र सौंपा गया. मांग पत्र के माध्यम से प्रबंधन को 10 दिनों का समय दिया गया, प्रबंधन ससमय यदि 10 दिनों में मांग पूरा नहीं करती है, तो 13 मार्च को परियोजना कार्यालय के समक्ष धरना दिया जाएगा. जिसके बाद आगे आंदोलन की रणनीति तय की जाएगी. मौके पर मंच के अध्यक्ष नागेश्वर महतो, सुनील सिंह, अशोक महतो, सोनू पांडे,मनोज महतो, सोनू पांडे, दुर्गा महतो, राम अवतार राम, संतोष महतो, इंटेक्स मद्रासी, मनीष महतो, भोला पांडे, राजेश महतो, गुड्डू चौहान, दीपक महतो शामिल थे।

मदरसा इस्लामिया कसीमुल उलूम में जलसा ए दस्तार बंदी

रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता): मदरसा इस्लामिया कासिम उलूम जामा मस्जिद पिस्का नगड़ी का वार्षिक भव्य जलसा ए दस्तार बंदी व ईसलाह मुआशरा कांफ्रेंस का आयोजन 1 मार्च 2023 कि रात्री किया गया। जिसमें मदरसे के पास आउट हुफ्फाज कराम (पवित्र कुरान को याद करने वाला) की दस्तार बंदी की गई। कांफ्रेंस में मुख्य अतिथि दारुल उलूम वक्फ, देवबंद के शेख हदीस हजरत मौलाना फरीदुद्दीन ने कहा कि धार्मिक पाठशालाएं इस्लाम की किला होती हैं। जहां मुस्लिम बच्चो को धार्मिक ज्ञान से लैस किया जाता है। धार्मिक शिक्षा का आधार पवित्र कुरान से है और पवित्र कुरान के साथ हदीसें हैं। उन्होंने कहा कि पवित्र कुरान पवित्र पैगंबर पर उतरी थी। वहीं इमारत शरिया रांची काजी शरीयत हजरत मौलाना मुफ्ती अनवर कासमी ने अपने संबोधन में कहा, ऐ लोगों आपस में एकता पैदा करो। अपने धन की रक्षा करो और इसे अपने बच्चों को पढ़ाने में खर्च करो।

कार्यालयः–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमण्डल
E-mail :forest-gumla@jharkhandmail.gov.in
Mobile No. – 8987790115 Pin Code - 835207

आवश्यक सूचना

सूचित किया जाता है कि दिनांक 26.01.2023 को गुप्त सूचना के आधार पर मांझाटोली–रामरेखाधाम मार्ग पर ग्राम–जरजट्टा, थाना–सुरसांग के पास से 11 पीस साल बोटा सहित एक पीकअप संख्या– JH07C 4886 को वनकर्मियों के द्वारा जप्त कर हेमराज उरॉव, वनरक्षी के अभिरक्षा मे सुरक्षित रखा गया है। उक्त जप्त वन पदार्थ सहित वाहन के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में अधिहरण की कार्रवाई प्रारम्भ की गई है।

अतः समाचार पत्रों के माध्यम से जप्त वन पदार्थ के दावेदार (यदि कोई हो) एवं सम्बन्धित सभी को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 10.03.2023 को प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में 11:00 बजे पूर्वाह्न स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा उपलब्ध साक्ष्यों एवं अभिलेखों के आधार पर एक पक्षीय निर्णय ले लिया जायेगा।

प्राधिकृत पदाधिकारी,
–सह–
वन प्रमंडल पदाधिकारी,
गुमला वन प्रमंडल।

PR 291684 (Forest, Environment and Climate Changes) 22-233 (D)

राजीव गांधी सेवाकेंद्र में विकलांगता शिविर का आयोजन कर विकलांगता प्रमाण पत्र निर्गत किया

खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता): राजीव गांधी सेवाकेंद्र, खलारी में विकलांगता शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में सदर अस्पताल रांची के चिकित्सकों के द्वारा विकलांग व्यक्तियों के शारीरिक परीक्षण के उपरांत विकलांगता प्रमाण पत्र निर्गत किया गया. शिविर में ऑर्थो के डॉ अरुण कुमार बाखला, नेत्र के डॉ वत्सल लाल, ईएनटी के डॉक्टर के वी अग्रवाल, मनोचिकित्सक वीणा एम, नेत्र सहायक संदीप कुमार ,ऑडियो कन्हैया कुमार, अरुण कुमार के द्वारा दिव्यांगजनों का जांच किया गया. शिविर में खलारी प्रखंड के सभी दिव्यांग उपस्थित हुए. शिविर में कुल 50 दिव्यांगजनो का जांच किया गया. जिसमें से ऑर्थो के 30, नेत्र के 6, मनोचिकित्सक के 6, ईएनटी के 8 लोगो ने जांच किय्या गया. शिविर में डॉ इरशाद, महिला पर्यवेक्षिका सुषमा कुमारी,एमपीडब्ल्यू सुमित कुमार, सुवाला कुमारी, प्रियंका कुमारी शर्मा,मुनु शर्मा ,बहलु मुंडा, बसंत मुंडा,विजय कुमार गुप्ता, नवीन कुमार, असित कुमार, अजित कुमार सिन्हा, सरिता एक्का का सहयोग रहा।

कार्यालयः जिला शिक्षा पदाधिकारी, पलामू
नया समाहरणालय परिसर, ब्लॉक–C मेदिनीनगर, पलामू
(झारखण्ड) 822101 Email – deo.palamu@gmail.com

अतिअल्पकालीन निविदा सूचना

सरकार के सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग (माध्यमिक शिक्षा निदेशालय), राँची के पत्रांक–12/यो1–06/2022(खण्ड)(SO/64)–1724 दिनांक–30.11.2022 के कंडिका–5 के अनुसार पुस्तकालय में पुस्तक का क्रय किया जाना है। उक्त के आलोक में संलग्न सूची के पुस्तक आपूर्ति हेतु इच्छुक निविदादाता/आपूर्तिकर्त्ता से प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है।

I.	निविदा जमा करने की तिथि एवं समय	:–	दिनांक 10.03.2023 को 05 बजे तक
II.	निविदा जमा करने का स्थान	:–	कार्यालय जिला शिक्षा पदाधिकारी, पलामू समाहरणालय परिसर, ब्लॉक 'सी0', मेदिनीनगर, पलामू
III.	निविदा खोलने की तिथि एवं समय	:–	दिनांक–11.03.2023 को 04:00 बजे
IV.	निविदा खोलने का स्थान	:–	उपायुक्त, पलामू के कार्यालय वेश्म।

नोटः– निविदा संबंधित शर्ते एवं पुस्तकों की सूची जिला के अधिकारिक वेबसाईट Palamu.nic.in पर देखा जा सकता है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
पलामू

PR 291649 District(22-23)#D

DIRECTORATE OF AGRICULTURE, JHARKHAND, RANCHI
Krishi Bhawan, Kanke Road, Ranchi-834008

Request for Proposal-Notice
RFP Reference No.: Agri/09/2022-23Dated: 01-03-2023

1	Name of Work	Request for Proposal for DEVELOPMENT AND MAINTAINANCE OF ONLINE APPL ICATION PROCESS OF PDMC (Per Drop More Crop) SCHEME UNDER RKVY Cafeteria (Rashtriya Krishi Vikas Yojana) for 2022 -23 to 2026-27
2	Time of completion	9 weeks
3	Document Fee	INR 10000 (Rupees Ten thousand only) Only demand draft to be made in favour of Director Agriculture Jharkhand payable at Ranchi. Note: DD should only be made from any nationalized bank.
4	Date of publication of RFP on website	02.03.2023 from 05:00 pm.
5	RFP downloading start date	02.03.2023 from 05:00 pm.
6	Date & Place of Pre-Bid Meeting	06.03.2023 at 04:00 pm at Krishi Bhawan, Kanke Road, Ranchi-834008.
7	Last date and time for online submission of RFP	13.03.2023 upto 05:00 pm
8	Last date of submission of hard copy of RFP document cost	14.03.2023 upto 02:00 pm.
9	RFP opening date and place	14.03.2023 at 03:00 pm at Krishi Bhawan, Kanke Road, Ranchi-834008.
10	Name & address of the RFP Inviting Authority	Chandan Kumar, Director Agriculture, Jharkhand, Ranchi.
11	Contact no. of procurement officer	9835345613/9431159401
12	Helpline no. of procurement cell	0651-2233549

Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Sd/-
Director Agriculture, Jharkhand, Ranchi.

PR.NO.291671 Agriculture(22-23):D

पूर्व मध्य रेल

ई–ऑक्शन सूचना सं.: Catering-1/2023

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेलवे, धनबाद द्वारा पाँच (05) वर्षों की अवधि के लिए धनबाद मंडल के अंतर्गत GMU एवं SMU के लिए D और E श्रेणी स्टेशन पर खान–पान सेवा के लिए ई–ऑक्शन आमंत्रित किया जाना है। विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:–

क्र. सं.	ठेके का प्रकार	लॉट संख्या	ठेका अवधी	सभी लॉट के लिए ई–नीलामी की तारीख और समय
1	खान–पान सेवा	Catg-DHN-TET-GMU-65-23-1	05 वर्ष	15.03.2023, 13:00 बजे से
2	खान–पान सेवा	Catg-DHN-PUS-GMU-66-23-1	05 वर्ष	15.03.2023, 13:00 बजे से
3	खान–पान सेवा	Catg-DHN-PKA-GMU-57-23-1	05 वर्ष	15.03.2023, 13:00 बजे से
4	खान–पान सेवा	Catg-DHN-BRWD-GMU-53-23-1	05 वर्ष	15.03.2023, 13:00 बजे से
5	खान–पान सेवा	Catg-DHN-TET-SMU-64-23-1	05 वर्ष	15.03.2023, 13:00 बजे से
6	खान–पान सेवा	Catg-DHN-PUS-SMU-67-23-1	05 वर्ष	15.03.2023, 13:00 बजे से
7	खान–पान सेवा	Catg-DHN-BRWD-SMU-55-23-1	05 वर्ष	15.03.2023, 13:00 बजे से
8	खान–पान सेवा	Catg-DHN-BRWD-SMU-56-23-1	05 वर्ष	15.03.2023, 13:00 बजे से
9	खान–पान सेवा	Catg-DHN-BRWD-SMU-54-23-1	05 वर्ष	15.03.2023, 13:00 बजे से
10	खान–पान सेवा	Catg-DHN-PKA-SMU-62-23-1	05 वर्ष	15.03.2023, 13:00 बजे से
11	खान–पान सेवा	Catg-DHN-TET-SMU-63-23-1	05 वर्ष	15.03.2023, 13:00 बजे से

Catalogue No.- Catering-1/2023 Website:- www.ireps.gov.in

Note- (1) The e-Auction will be online on the IREPS (e-Auction leasing portal) on the prescribed date and time. (2) Desirous of participating in the e-Auction shall pay Rs. 10000/- + GST (non-refundable) Online submission of one time registration is required and also having current account with State Bank of India (SBI) linked to IREPS, Payment/Deduction of Security Deposit (EMD) online from the same account. (3) Complete information about the terms and conditions related to e-Auction is available in the e-Auction leasing selection of the IREPS portal (www.ireps.gov.in)

पीआर/02242/डीएचएन/सीओएमएल/टी/22–23/72

मंडल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य)
पूर्व मध्य रेल/धनबाद।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल,चतरा
जतराहीबाग, चतरा– 825401 फोन नं0–06541–253273
Email ID: eedwsd.chatra01@gmail.com

–::–आम सूचना–::–

एतद् द्वारा चतरा जिला क्षेत्रान्तर्गत प्रखण्ड यथा चतरा/ कान्हाचट्टी/ ईटखोरी/ मयूरहण्ड/ गिद्धौर/ पत्थलगड्डा/ सिमरिया/ टण्डवा/लावालौंग/हंटरगंज/प्रतापपुर एवं कुंदा के आमजनों को सूचित किया जाता है कि ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखकर उक्त क्षेत्रों में प्रर्याप्त जलापूर्ति सुनिश्चित करने हेतु पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा अंतर्गत जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष (Control Room) का गठन किया गया है, नियंत्रण कक्ष के प्रभारी श्री अरविंद कुमार सिंह, सहायक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमण्डल, चतरा एवं उनके अधीनस्थ कर्मचारी के रुप में श्री अमित कुमार तथा श्री वासुदेव उरांव पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा नियंत्रण कक्ष में रहेंगे। साथ ही उक्त क्षेत्र के ग्रामीण जनता नलकूप मरम्मति/ग्रामीण पाईप जलापूर्ति योजनाओं के मरम्मति कि शिकायत कार्यालय अवधि में पंजी में अथवा लिखित आवेदन से शिकायत दर्ज करा सकते है। शिकायत प्राप्त होने पर उसके निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई की जायेगी। पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमण्डल चतरा/सिमरिया/हंटरगंज में भी संबंधित ग्रामीणों द्वारा शिकायत दर्ज कराया जा सकता है एवं राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष के Toll Free No.18003456502 पर भी शिकायत दर्ज कराया जा सकता है।

पेयजलापूर्ति संबंधित शिकायत को निराकरण हेतु प्रखण्डों में पदस्थापित सहायक अभियंता/कनीय अभियंता का नाम एवं मोबाईल न0 निम्ननांकित है, जिन से पेयजलापूर्ति की समस्या के समाधान हेतु उनसे सीधे संपर्क किया जा सकता है–

क्र0	प्रखण्ड का नाम	कनीय अभियंता का नाम एवं मोबाईल न0	सहायक अभियंता का नाम एवं मोबाईल न0
1	चतरा (ग्रामीण)	श्री राकेश कुमार पाल 8936083121	श्री अरविंद कुमार सिंह 9931972161
2	कान्हाचट्टी		
3	चतरा शहरी जलापूर्ति		
4	ईटखोरी	श्री मंगल सिंह बहान्दा 8674928011	
5	मयूरहण्ड		
6	गिद्धौर		
7	पत्थलगड्डा		
8	प्रतापपुर	श्री देव आनन्द 8210245054	
9	कुंदा		
10	हंटरगंज (जोरी)	श्री राकेश कुमार पाल 8936083121	
11	सिमरिया	श्री अविनाश कुमार 8294772343	मो0 फैसल अंसारी मो0 न0– 8851790994
12	लावालौंग		
13	टण्डवा		

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल,चतरा

PR 291668 Drinking Water and Sanitation(22-23).D

स्टेफ्री और कियारा आडवाणी का हुआ गठबंधन

रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता): महिलाओं की माहवारी संबंधी स्वच्छता में भारत के अग्रणी ब्रांड्स में से एक, स्टेफ्री ने आज बॉलिवुड सुपरस्टार और लोकप्रिय युवा आईकन, कियारा आडवाणी को अपना ब्रांड एम्बेसडर और स्टेफ्री सिक्योर ग्स् पैड्स के लिए अपने नए कैम्पेन का चेहरा बनाया है। कियारा आडवाणी आधुनिक भारत की महिलाओं का प्रतिनिधित्व करती हैं, और ब्रांड के सिद्धांत एवं अवधारणा का प्रदर्शन करेंगी।स्टेफ्री हमेशा से महिला सशक्तीकरण का समर्थक रहा है, और उन्हें अपने सपनों की ओर बढ़ने में मदद करता है। वित्तीय आत्मनिर्भरता की ओर युवा महिलाओं का सफर आसान नहीं होता, उन्हें अनेक समस्याओं, लोगों के दृष्टिकोण और जीवन की वास्तविकताओं से समझौता करना पड़ता है, जिनमें माहवारी भी एक है, जो उनके सपनों के मार्ग में बाधा बन जाती है, और कभी-कभी इसके कारण मौका उनके हाथ से निकल जाता है।

कोहोर्ट-1 के सफल चयन के बाद, यूसैड ने कोहोर्ट-2 के लिए आवेदन मांगा

रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता): यूनाईटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट (यूसैड) मूमेंटम कंट्री एंड ग्लोबल लीडरशिपः इंडिया-यश प्रोजेक्ट, जिसका नेतृत्व जॉन हॉपकिंस एफिलिएट, झपीगो अग्रणी सोशल एंटरप्राईज़ इनक्यूबेटर, विलग्रो के साथ करते हैं, ने यश एंट्रेप्रेन्योर्स प्रोग्राम के कोहोर्ट-2 के लिए आवेदन मंगाए हैं। यह प्रोग्राम भारत में युवाओं के लिए परिवार नियोजन और प्रजनन स्वास्थ्य (एफपी/आरएच) के परिणामों में सुधार लाने की क्षमता वाले इनोवेटिव बिज़नेस मॉडल्स को बढ़ावा देने पर केंद्रित होगा। कोहोर्ट-1 की विरासत को आगे बढ़ाते हुए यह प्रोग्राम मुख्य पब्लिक और प्राईवेट सेक्टर के स्टेकहोल्डर्स के साथ साझेदारियों का उपयोग कर एंट्रप्रेन्योरशिप के परिवेश को आकार देगा ताकि संभावनापूर्ण एवं किफायती एफपी/आरएच इनोवेशंस का विस्तार हो सके। इस प्रोग्राम के अंतर्गत 10 लाख रु. तक की फंडिंग तथा विलग्रो की ओर से टेक्निकल सहायता, मेंटरिंग, और इन्क्यूबेशन में सहयोग दिया जाएगा।

कुरकुरे ने सारा अली खान को बनाया अपना नया ब्रांड एंबेसडर

रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता): भारत के सबसे पसंदीदा स्नैक ब्रांड्स में शुमार कुरकुरे ने अपनी ब्रांड फैमिली में एक नई शख्सियत को जोड़ा है। कुरकुरे ने लोकप्रिय अभिनेत्री और बॉलीवुड स्टार सारा अली खान को अपना नया ब्रांड एंबेसडर बनाया है। सारा ने अपने खास अंदाज में मनोरंजक इंस्टाग्राम रील बनाकर इस गठजोड़ के बारे में जानकारी साझा की है।सारा ने अपने अनूठे अंदाज में एक चटपटी सी कविता के साथ इस मसालेदार गठजोड़ के बारे में जानकारी दी है। उनकी यह कविता सभी के चेहरे पर मुस्कान ले आती है, 'तो कल मैंने शेयर की थी एक चटपटी न्यूज। फन, मसाला, मस्ती, दोज आर योर क्लूज। इल विल टेक अवे ऑल योर ब्लूज, नो मैटर व्हाट फ्लेवर यू चूज... इट्स टाइम टु टेल यू हैप्पिली, सारा इज नाउ ए पार्ट ऑफ द कुरकुरे फैमिली।'स्वादिष्ट उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला और कहानी कहने (स्टोरीटेलिंग) के अनूठे अंदाज के साथ पिछले 20 साल में ब्रांड ने सबसे सादा और सामान्य पलों को खास बना दिया है।

दुमका समाहरणालय, (जिला भू-अर्जन शाखा)

–: अधिघोषणा :–
(अधिनियम–30/2013 की धारा–19(1) के अधीन)

संख्या–331/जि0भू0अ0 दुमका, दिनांक–25.02.2023

चूँकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतित होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा परियोजना बारापलासी से ठाढ़ीमोड़ पथ चौड़ीकरण परियोजना हेतु ग्राम–गादीदेवली, थाना–जामा, थाना संख्या–07, अंचल–जामा, जिला–दुमका के कुल–1.35 एकड़ भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खण्ड है, जो मानक माप से कमोवेश 1.35 एकड़ यानि 0.546 हेक्टेयर है और जो ग्राम–गादीदेवली, थाना–जामा, थाना संख्या–07, अंचल–जामा, जिला–दुमका में है, जिसका विवरण निम्नलिखित है :–

क्र. स.	खाता सं0	सर्वे भूखंड सं0	स्वामित्व का प्रकार	भूमि का प्रकार	अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में)	हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता	सीमा (भूखंड सं0) उत्तर	दक्षिण	पूरब	पश्चिम
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1.	37	330	ज0 रै0	वाड़ी दो	0.015	परन सिंह वो रघु सिंह पिता समर सिंह।	331	330अंश	सड़क	329
2.	37	331	ज0 रै0	वाड़ी दो	0.02		सड़क	सड़क	332	328
3.	37	746	ज0 रै0	वाड़ी दो	0.02		744	747	745	सड़क
4.	37	747	ज0 रै0	वाड़ी दो	0.02		746	747अंश	748	सड़क
5.	37	739	ज0 रै0	वाड़ी दो	0.02	पान सिंह पिता नापल सिंह।	738	740	739 अंश	सड़क
6.	13	333	ज0 रै0	धानी दो	0.07	चरण मुर्मू पिता टवरू मुर्मू।	334	332	सड़क	336
7.	13	334	ज0 रै0	वाड़ी दो	0.01		सड़क	333	सड़क	335
8.	13	711	ज0 रै0	धानी एक	0.04		710	712	सड़क	710
9.	19	348	ज0 रै0	वाड़ी दो	0.03	जुगु मुर्मू पिता हरी मुर्मू।	358	सड़क	सड़क	349
10.	19	358	ज0 रै0	वाड़ी दो	0.08		सड़क	348	सड़क	364
11.	19	741	ज0 रै0	वाड़ी दो	0.02	सुखला मुर्मू पिता नोक्लू मुर्मू।	740	742	741 अंश	सड़क
12.	19	742	ज0 रै0	वाड़ी दो	0.02		741	743	742 अंश	सड़क
13.	19	743	ज0 रै0	वाड़ी दो	0.015		742	744	743 अंश	सड़क
14.	19	744	ज0 रै0	वाड़ी दो	0.01		743	745	744 अंश	सड़क
15.	19	730	ज0 रै0	वाड़ी दो	0.02		729	731	730 अंश	सड़क
16.	81	360	ज0 रै0	वाड़ी दो	0.04	चुरला सिंह पिता खेमनराना सिंह।	717	सड़क	सड़क	361
17.	84	650	ज0 रै0	मकान	0.015	खुदु प्रसाद पिता गोरख प्र0 लाल।	सड़क	651	सड़क	648
18.	84	651	ज0 रै0	वाड़ी दो	0.015		650	652	सड़क	648
19.	84	652	ज0 रै0	मकान	0.02		651	653	सड़क	649
20.	10	654	ज0 रै0	वाड़ी दो	0.04	गुजु साह वो छोटो राय साह वो नारायण साह।	653	658	सड़क	सड़क
21.	65	657	ज0 रै0	वाड़ी दो	0.035	राम चरित साह वो चतरगुन साह पिता जगरनाथ साह।	658	656	सड़क	सड़क
22.	65	659	ज0 रै0	मकान	0.015		657	660	सड़क	सड़क
23.	7	664	ज0 रै0	मकान मय सहन	0.01	गोपाल साह पिता राम किषुन साह।	663	780	सड़क	780
24.	80	666	ज0 रै0	वाड़ी दो	0.025	सावित्री रोताईन पिता छोटन पुजहर।	780	667	सड़क	665
25.	41	667	ज0 रै0	मकान मय सहन	0.035	बंकु पुजहर पिता सतोखी पुजहर।	666	670	सड़क	668
26.	41	676	ज0 रै0	मकान मय सहन	0.01		सड़क	677	सड़क	675
27.	41	677	ज0 रै0	मकान मय सहन	0.01		676	679	सड़क	675
28.	41	681	ज0 रै0	मकान मय सहन	0.005		679	683	सड़क	675
29.	41	686	ज0 रै0	मकान मय सहन	0.01		684	691	689	675
30.	41	689	ज0 रै0	मकान मय सहन	0.015		685	690	688	686
31.	41	719	ज0 रै0	वाड़ी दो	0.05		719अंश	सड़क	सड़क	सड़क
32.	41	697	ज0 रै0	मकान मय सहन	0.015		691	701	699	696
33.	41	704	ज0 रै0	वाड़ी दो	0.03		701	705	सड़क	703
34.	41	705	ज0 रै0	वाड़ी दो	0.03		704	706	सड़क	512
35.	41	706	ज0 रै0	वाड़ी दो	0.035		705	सड़क	सड़क	509
36.	68	678	ज0 रै0	सहन	0.01	रोशन मंडल पिता जलधारी मंडल।	सड़क	सड़क	678 अंश	679
37.	68	682	ज0 रै0	सहन	0.025					
38.	82	701	ज0 रै0	मकान मय सहन	0.04	हरिहर साह पिता लक्ष्मण साह।	697	703	सड़क	702
39.	34	690	ज0 रै0	मकान मय सहन	0.01	बैजनाथ साह पिता शिवप्रसाद साह।	689	698	सड़क	691
40.	15	734	ज0 रै0	वाड़ी दो	0.02	चेचे हेम्ब्रम पिता मंडल हेम्ब्रम।	733	735	734 अंश	सड़क
41.	15	735	ज0 रै0	वाड़ी दो	0.01		734	736	735 अंश	सड़क
42.	15	736	ज0 रै0	वाड़ी दो	0.01		735	737	736 अंश	सड़क
43.	15	737	ज0 रै0	वाड़ी दो	0.015		736	738	737 अंश	सड़क
44.	15	738	ज0 रै0	वाड़ी दो	0.01		737	739	738 अंश	सड़क
45.	15	712	ज0 रै0	वाड़ी दो	0.03		711	715	सड़क	713
46.	40	717	ज0 रै0	वाड़ी दो	0.02	पुरन सिंह वो गुही सिंह पिता मेघु सिंह।	714	360	सड़क	714
47.	40	723	ज0 रै0	वाड़ी दो	0.02		721	724	722	सड़क
48.	75	715	ज0 रै0	वाड़ी दो	0.04	शिवलाल मुर्मू पिता जेठा मुर्मू।	712	714	सड़क	714
49.	75	724	ज0 रै0	वाड़ी दो	0.01		723	725	724 अंश	सड़क
50.	75	725	ज0 रै0	वाड़ी दो	0.01		724	726	725 अंश	सड़क
51.	75	726	ज0 रै0	वाड़ी दो	0.01		725	727	726 अंश	सड़क
52.	75	728	ज0 रै0	वाड़ी दो	0.035		727	729	728 अंश	सड़क
53.	75	729	ज0 रै0	वाड़ी दो	0.03		728	730	729 अंश	सड़क
54.		727	ज0 रै0	वाड़ी दो	0.015	सुखला मुर्मू पिता नोक्लू मुर्मू।	726	728	727 अंश	सड़क
55.		731	ज0 रै0	वाड़ी दो	0.02		730	732	731 अंश	सड़क
56.		780	ज0 रै0	वाड़ी दो	0.01	जगदीश मंडल पिता बनारसी मंडल।				
57.	28	732	ज0 रै0	वाड़ी दो	0.015	दरवारी मुर्मू वो मंडल मुर्मू पिता छोटा सोमाय मुर्मू।	731	733	732 अंश	सड़क
58.	28	733	ज0 रै0	वाड़ी दो	0.015		732	734	733 अंश	सड़क
59.	24	740	ज0 रै0	वाड़ी दो	0.04	ठाकुर मुर्मू पिता मराक मुर्मू।	739	741	740 अंश	सड़क
60.	92	363	अनावादी	पुरानी परती	0.01	झारखंड सरकार	सड़क	365	सड़क	सड़क

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम सं0–30/2013 की धारा–15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जाँच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किये गये है, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत् है।

ग्राम–.......X......, थाना–.......X......, थाना सं0–.......X......, अंचल–.......X......, जिला–.......X......, रकवा–.......X.... एकड़ जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, दुमका के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

ह0/– उपायुक्त, दुमका।

PR.NO.291591 Land Reforms(22-23):D

प्रभात मंत्र

धनबाद/गिरिडीह

रांची, शुक्रवार, 03 मार्च 2023 | पेज 10

गुनाहों से छुटकारा पाने वाली रात है शब-ए-बरात : मुफ्ती शाहकार आलम कासमी

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : नवां इस्लामी महीना शाबान की 14/15 की दरमियानी रात को शब ए बरात के नाम से जाना जाता है। इस्लाम में इस रात का खास महत्व है। इस रात में ईश्वर अपने बंदों के गुनाहों को माफ करता है और आने वाले 1 साल में पैदा होने और मरने वाले लोगों का नाम रजिस्टर में लिखता है।

शब-ए-बरात में करने वाले काम

इस रात में बंदों को अपने ईश्वर की इबादत करनी चाहिए। अपनो से गिला शिकवा खत्म करना चाहिए। अपने माता पिता की सेवा करनी चाहिए। खुद को और समाज को नशा से मुक्त करना चाहिए। एक दूसरे के जान माल की सुरक्षा की फिक्र करनी चाहिए। जो लोग समाज में बुराइयां फैलाते हैं और इस तरह की नेक काम नहीं करते हैं तो ईश्वर उनपर इस तरह की रात में भी दया नही करता है।

शब-ए-बरात में ना करने वाले काम

बहुत से लोग इस अवसर पर कुछ ऐसे कार्य करते हैं जिससे ईश्वर नाराज़ होता है, जैसे हल्ला गुल्ला करना, हुल्लरबाजी करना, बाइक स्टंट करना, डीजे बजाना, पटाखा फोड़ना। इस तरह के काम करने वाले लोग खुद का भी नुकसान करते हैं और समाज का भी नुकसान करते हैं। जैसे पटाखा फोड़ने से वातारण में प्रदूषण फैलता है जिसका बहुत व्यापक परिणाम होता है। कई बार पटाखों से कई लोगों की जान माल दुकानों के राख होनी की सूचना प्राप्त होती है। इसलिए मुसलमानों को चाहिए कि वो केवल वही काम करे जिसे उनके पैगंबर मोहम्मद ने बताया है। हर ऐसे काम से बचने की कोशिश करे जिससे उनको या उनके किसी पड़ोसी को अथवा किसी बीमार को या उनके महान भारत देश को नुकसान पहुंचे। उक्त सारी बातें शमशेर नगर, बाई पास रोड स्थित मदनी मस्जिद के ईमाम मुफ्ती शाहकार आलम कासमी ने कही।

नाबालिक के साथ अश्लील हरकत करते ई-रिक्शा चालक को स्थानीय लोगों ने पकड़ा

गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) : गिरिडीह ज़िले में धार्मिक स्थल में अश्लील हरकत करते हुए एक ई रिक्शा चालक को स्थानीय लोगों ने पकड़ कर उसकी जमकर धुनाई कर दी. घटना नगर थाना क्षेत्र के बाभन टोली की है. मिली जानकारी के अनुसार बताया जा रहा है कि ई- रिक्शा चालक आफताब ने नाबालिग को लेकर टोटो से धार्मिक स्थल पहुंचा और उसके साथ अश्लील हरकत करना शुरू कर दिया. घटना के समय वहां पुजारी नही थे. मौके पर मौजूद पुजारी की मां ने दोनों को अश्लील हरकत करते देख इसकी जानकारी स्थानीय लोगों को दी. मामले की जानकारी मिलने के बाद ही मौके पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों के साथ हिंदू संगठनों के शुभम झा, रविशंकर पांडेय समेत कई लोग पहुंचे. लेकिन तब तक नाबालिग धार्मिक स्थल से खुद को बचाकर निकल गई. जबकि टोटो चालक आफताब को स्थानीय लोगों ने दबोच कर जमकर उसकी पिटाई कर दी।

राम कथा जीवन जीने की एक शैली है : देवी चित्रा शुक्ला

बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता) : प्रखंड क्षेत्र के चोंगाखार पंचायत के ग्राम चरगो में आयोजित शत् चंडी रुद्र महायज्ञ में वृंदावन से पधारे मानस मर्मज्ञ सुश्री चित्रा शुक्ला जी ने श्रोताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मनुष्य माया के चक्कर में फंसते जाते हैं फंसते जाते हैं इसी माया के मोह में मनुष्यों की लालसा बढती जाती है. जिसके कारण मनुष्यों को अपने जीवन में अनेक कठिनाईयों का सामना करना पडता है।

रंगारंग होली मिलन समारोह संपन्न

धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) : गुरुवार को झारखंड लोक कला मंच के द्वारा झारखंड के कलाकार एवं यूट्यूबर भाइयों के लिए होली मिलन समारोह का आयोजन झारखंड लोक कला मंच के संपूर्ण परिवार के द्वारा धैया रानीबांध स्थित आमंत्रण विवाह स्थल में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का प्रारंभ कलाकार भाइयों के द्वारा दीप प्रज्वलित एवं गणेश वंदना प्रस्तुत कर किया गया।

चप्पे-चप्पे पर तैनात रहेगी पुलिस : उपायुक्त

जिला स्तरीय शान्ति समिति की बैठक संपन्न

त्योहार के मौके पर डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध, शराबियों पर रहेगी पुलिस की पैनी नजर

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : धनबाद जिला में शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली और शब-ए-बारात का पर्व सम्पन्न कराने को लेकर आज टाउन हॉल में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी संदीप सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शान्ति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में वरीय पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार समेत जिला के अन्य संबंधित वरीय पदाधिकारी एवं शांति समिति के सदस्यों के रूप में विभिन्न प्रखंडों से आए जन प्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए। बैठक में उपायुक्त, वरीय पुलिस अधीक्षक एवं अनुमंडल पदाधिकारी धनबाद द्वारा जिला में सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली पर्व संपन्न कराने की बात कहते हुए उपस्थित शांति समिति के सदस्यों का स्वागत करते हुए बैठक की कार्रवाई प्रारंभ की गई। बैठक में उपायुक्त संदीप सिंह ने शांति समिति सदस्यों का स्वागत करते हुए आपस में मिलकर त्यौहारों को मनाने का अपील की। उन्होंने सोशल मीडिया पर फैलाए जाने वाले अफवाहों से बचने को कहा। उन्होंने कहा कि त्योहारों के दौरान भड़काऊ गाना बजाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी, इसलिए कोई भी व्यक्ति भड़काऊ गाने ना बजाएं। सड़क दुर्घटना जैसे मामलों को देखते हुए उन्होंने ड्रिंक एवं ड्राइव मामले में भी उन्होंने प्रकाश डालते हुए समिति के सदस्यों के माध्यम से आम जनों से अपील किया कि त्योहारों के दौरान शराब का सेवन कर वाहन ना चलाएं। ऐसे मामले में पकड़े जाने पर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त ने कहा कि त्योहार के मद्देनजर चप्पे-चप्पे पर पुलिस की तैनाती रहेगी। अवैध शराब के धंधेबाजों पर नकेल कसने का काम शुरू कर दिया गया है। ड्राई डे होने की वजह से किसी को भी सड़क पर शराब पीकर हुड़दंग करने की इजाजत नहीं होगी। डीजे पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। अनावश्यक रूप से लोगों को परेशान नहीं करने जबरन रंग नहीं डालने का निर्देश जारी किया गया है। वैसे लोग जो विधि व्यवस्था में खलल उत्पन्न करेंगे उन पर कार्यवाई की जाएगी। जिले में शांतिपूर्ण तरीके से होली संपन्न हो इसके लिए तमाम मुकम्मल व्यवस्था किए जा रहे हैं।

त्योहारों को देखते हुए आगजनी जैसी घटनाओं को लेकर उपायुक्त ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि हाल ही में धनबाद में कई आग की घटना घटी है जिससे कई लोगो की जान गई है, ऐसे में होलिका दहन में सावधानी बरतें। भीड़-भाड़ वाले स्थानों, हाट, बाजार में खासा ध्यान रखा जाए। उन्होंने थाना प्रभारी को निर्देश देते हुए कहा कि होलिका दहन में कोई हुड़दंगई न हो इसका ध्यान रखे ताकि आग की स्थिति न बने। उन्होंने लोगो से अपील कि की सुरक्षित तरीके से खाली स्थानों पर होलिका दहन करें। उपायुक्त ने डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का सख्त निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जिले में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए, अश्लील गाने बजाकर अश्लीलता फैलाने से रोकने के लिए डीजे और बॉक्स पर त्योहार में पूर्ण प्रतिबंध रहेगी। उन्होंने अनुमंडल पदाधिकारी को निर्देषित किया कि डीजे भाड़े पर लगाने वालों को सख्त आदेश दे कि वो त्योहार के वक्त डीजे भाड़े पर नही देंगे। पकड़े जाने पर त्वरित कार्रवाई होगी। बैठक में वरीय पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार ने सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए उपस्थित थाना प्रभारी को त्योहारों के दौरान असामाजिक तत्व को चिन्हित करने एवं पूरी तरह सक्रिय होकर कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने त्योहारों के दौरान सक्रिय होकर पेट्रोलिंग, सोशल मीडिया पर भावनाओं को भड़काने वाले पोस्ट पर पैनी नजर बनाए रखने समेत अन्य विषयों को लेकर विभिन्न प्रकार के दिशा निर्देश दिए। उन्होंने पदाधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को आपस में समन्वय बनाए रखने को कहा जिससे त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की सूचना पर त्वरित कार्रवाई की जा सके। शांति समिति के सदस्यों के माध्यम से उन्होंने आमजनों से अपील किया कि त्यौहार के दौरान किसी भी अप्रिय घटना की सूचना पर टोल फ्री नंबर 100 डायल कर पुलिस प्रशासन को जरूर दें।

जिससे समय पर कार्रवाई की जा सके।

नही थम रहे कोयला चोरी व अवैध खनन के मामले, सांसद ने कहा

बीसीसीएल, इसीएल व सीसीएल भी फेल

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : कोयला, खान और इस्पात संबंधी संसद की स्थायी समिति की बैठक नयी दिल्ली के संसद भवन एनेक्सी में बुलायी गयी। इसमें झारखंड में बड़े पैमाने पर हो रही कोयला चोरी व अवैध खनन का मुद्दा छाया रहा। विश्वस्त सूत्रों ने बताया कि धनबाद सांसद पशुपतिनाथ सिंह, राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश और चतरा सांसद सुनील सिंह ने कोयला चोरी व अवैध खनन का मुद्दा जोर-शोर से उठाते हुए इस पर अंकुश लगाने की जरूरत बतायी। नेताओं ने कहा कि झारखंड में संचालित कोल इंडिया की सहायक कंपनियों बीसीसीएल, इसीएल व सीसीएल में अवैध खनन के साथ-साथ ट्रांसपोर्टिंग की आड़ में बड़े पैमाने पर कोयला की चोरी हो रही है।

पुख्ता इंतजाम करने की है जरूरत

सांसद ने कोल सेक्टर की मौजूदा व्यवस्था को कोयला चोरी रोकने में असफल बताते हुए कहा कि इस पर गंभीर मंथन करने और पुख्ता प्रबंध करने की जरूरत है, ताकि कोयला चोरी पर अंकुश लग सके। सदस्यों ने इसके लिए जीपीएस ट्रेकिंग सिस्टम समेत अन्य व्यवस्था को और प्रभावी बनाने व सही से मॉनिटरिंग का भी सुझाव दिया

झरिया मास्टर प्लान के क्रियान्वयन और विस्थापितों की समस्या भी रखी

सांसद पीएन सिंह ने झरिया मास्टर प्लान के क्रियान्वयन व विस्थापितों की समस्याओं को भी प्रमुखता से रखा। साथ ही प्रशिक्षित अभ्यर्थियों को आउटसोर्सिंग कंपनियों में प्राथमिकता के आधार पर नियोजन देने पर जोर दिया। साथ ही, अनुदान मांगों पर भी चर्चा हुई। बैठक में सांसद आदित्य साहू, औरंगाबाद सांसद सुशील सिंह, कोयला सचिव अमृत लाल मीणा, कोल इंडिया चेयरमैन प्रमोद अग्रवाल, बीसीसीएल सीएमडी समीरन दत्ता, सीसीएल सीएमडी पीएम प्रसाद, इसीएल सीएमडी एपी पंडा के अलावा अन्य सभी अनुषंगी कंपनियों के सीएमडी उपस्थित थे।

घटवाल समाज के आरक्षण विरोधी बयान पर विधायक का पुतला दहन

धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) : घटवाल समाज के आरक्षण विरोधी बयान पर विशनपुर विधायक चमरा लिंडा का धनबाद के रणधीर वर्मा चौक पर किया गया पुतला दहन। बता दे की झारखंड के राज में एक प्रोग्राम के तहत विधायक चमरा लिंडा ने गढ़वाल घटवार को आरक्षण देते हुए एसटी वर्ग में शामिल होने का विरोध करते हुए ध्यान दिया था जिसे लेकर कमेटी के सदस्यों ने रोष जताया था। उसी को लेकर धनबाद के रणधीर वर्मा चौक पर धनबाद जिला घटवाल घटवार के लोगों ने चमरा लिंडा का पुतला दहन किया है। वहीं घटवाल घटवार आदिवासी समाज के प्रदेश संयोजक सहदेव प्रसाद ने बताया के 16 फरवरी 2023 को एक आदिवासी प्रोग्राम के तहत विशनपुर विधायक चमरा लिंडा ने समाज के प्रति अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया था जिसे लेकर पूरे राज्य भर में पुतला दहन कर विरोध जताया जा रहा है।

पोक्सो एक्ट को लेकर जागरूकता शिविर का आयोजन

एसडीपीओ, प्रमुख, जिप सदस्य व बीससूत्री अध्यक्ष हुए शामिल

प्रभात मंत्र संवाददाता

सरिया : सरिया टेन प्लस टू की सैकड़ों छात्र छात्राओं के बीच पॉक्सो एक्ट की जानकारी व जागरूकता को लेकर गुरुवार को सरिया टेन प्लस टू हाई स्कूल में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि बगोदर सरिया एस डी पीओ नौशाद आलम रहे जबकि विशिष्ट अतिथि प्रमुख प्रीति कुमारी,जीप सदस्य अनूप पांडेय एवं बिससूत्री अध्यक्ष मुरली मनोहर मंडल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रबंधन समिति के अध्यक्ष संदीप तर्वे एवं संचालन शिक्षक निर्णय कुमार ने किया। पोक्सो एक्ट की जानकारी देते हुए एस डीपीओ ने कहा कि 18 वर्ष से नीचे की किसी भी लड़कियों को गलत नियत से देखना, ब्यनगात्मक टिपणी करना या सेक्सुयल हरासमेंट करना इस एक्ट के तहत आता है इन कानूनों का उलंघन करने वालो लोगो पर त्वरित कार्रवाई की जाती है पुलिस इस मामले की जांच बहुत ही गहनता से करती है । आगे कहा कि आप सब इधर उधर की बातों गुड़ नाइट गुड मॉर्निंग से बचे अधिकतर समय पढ़ाई पर दे सारी बाते अपने गार्जियन से जरूर शेयर करे। छात्राओं का हौसला अफजाई करते हुए कहा कि आजकल आईएस जैसी परीक्षाओं में सबसे अधिक सफलताएं लड़कियों को ही मिल रही है। प्रमुख प्रीति कुमारी नै इस एक्ट से जुड़ी कुछ जानकारियां दी जबकि जीप सदस्य अनूप पांडेय एवं मुरली मनोहर मंडल ने छात्रों को हर संभव सहायता की बात कही। कार्यक्रम में संतोष चौरसिया ,सुनील कुमार, दिलीप सर , लखन, समेत अन्य लोगो ने सहयोग किया।

गैस सिलेंडर में वृद्धि करते हुए जनता को दिया तोहफा : आनंद

प्रभात मंत्र संवाददाता

टुंडी : टुंडी प्रखंड कांग्रेस कमिटी अध्यक्ष मोदक ने आज एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए केंद्र सरकार के खिलाफ कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि इस सरकार की गलत नीतियों से परेशान हैं ही ऊपर से होली जैसे पर्व को देखते हुए घरेलू गैस सिलेंडर पर पचास रुपए की वृद्धि एवं व्यवसायिक सिलेंडरों पर तीन सौ पचास की वृद्धि कर जनताओं को एक बहुत बड़ी पीड़ा

देने का काम किया है। एक और जनता पहले से ही कमरतोड़ मंहगाई से त्रस्त है और होली के मद्देनजर इस तरह का निर्णय लेना कही तक उचित नहीं है।2024 की चुनावों में जनता हर बिषयों का हिसाब लेगी। केंद्र की ग़लत नीतियों के कारण जनता अब अपने को असहाय महसूस कर रही है। बड़ा बड़ा सपना दिखाकर केंद्र की सत्ता हासिल करने वाले मोदी जी की नैया इस बार पार नहीं लगेगी आगे श्री मोदक ने कहा 2024 में कांग्रेस की सरकार बनते ही महंगाई एवं बेरोजगारी हमलोग का घोषणापत्रों की पहली पृष्ठ होगी।

टुंडी महिला हेल्प डेस्क प्रभारी प्रयास रंग लाया

आपसी समझौता कराने पर लड़की गई ससुराल

प्रभात मंत्र संवाददाता

टुंडी : टुंडी थाना के महिला हेल्प डेस्क प्रभारी ममता कुमारी के द्वारा कई वर्षों से चली आ रही विवाद का निपटारा आज गुरूवार को अपने कार्यालय में दोनों पक्षों को बुलाकर लिखित आवेदन पर के साथ आपसी समझौता कराकर लड़की को लड़के के साथ विदाई करा दिया। विदित हो कि नाजमीन खातून की निकाह कई वर्ष पूर्व इरशाद अंसारी पिता स्व लाल मोहम्मद गांव भगुडीह थाना टुंडी के साथ हुआ है कुछ दिन ठीकठाक चलने के बाद आपसी विवाद शुरू हो गया जिससे कई वर्षों तक पति पत्नी अलग रहने लगे इसी बीच लड़की के पिता मेहबूब अंसारी ने इसकी शिकायत टुंडी हेल्प डेस्क प्रभारी ममता कुमारी को आवेदन देकर वस्तु स्थिति से अवगत कराया। आवेदन मिलते ही टुंडी हेल्प डेस्क प्रभारी ममता कुमारी से दोनों पक्षों को थाना में यथाशीघ्र हाजिर होने की बात कही।

इस पर दोनों पक्षों ने आज अपना अपना पक्ष रखा और लिखित आवेदन देकर फिर दोबारा ऐसी ग़लती न करने पर हेल्प डेस्क प्रभारी ने निजी मुचलके पर लड़की को लड़के के परिवारों के समक्ष विदा कराने में अहम भूमिका निभाई। कई वर्षों के बाद दोनों परिवारों का मिलन होने पर दोनों पक्षों ने हेल्प डेस्क प्रभारी ममता कुमारी को भूरि भूरि प्रशंसा किया एवं आगे से ऐसी ग़लती न करने के साथ दोनों पक्षों के लोग बड़े ही उत्साह के साथ विदा हुए।

होली के अवसर पर चलेंगी व 03 जोड़ी होली स्पेशल ट्रेनें

प्रभात मंत्र संवाददाता

हाजीपुर : होली के अवसर पर यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर रेलवे द्वारा कई स्पेषल ट्रेनों का परिचालन करने का निर्णय लिया गया है । इनमें से अब तक 33 जोड़ी स्पेषल ट्रेनों की सूचना पूर्व में प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी जा चुकी है ।

इसी क्रम में और 03 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों का परिचालन करने का निर्णय लिया गया है जिनका विवरण निम्नानुसार है -

1.गाड़ी सं. 08113/08114 शालीमार-पटना-षालीमार होली स्पेषल (गया-कोडरमा- बरकाकाना-मुरी-टाटा के रास्ते) - 08113 शालीमार-पटना होली स्पेषल 06 मार्च, 2023 (सोमवार) को शालीमार से 18.10 बजे खुलकर मंगलवार को 11.30 बजे पटना पहुंचेगी । वापसी में, गाड़ी सं. 08114 पटना-षालीमार होली स्पेषल 07 मार्च, 2023 (मंगलवार) को पटना से 12.30 बजे खुलकर बुधवार को 04.00 बजे शालीमार पहुंचेगी ।

2.गाड़ी सं. 08793/08794 दुर्ग-पटना-दुर्ग होली स्पेषल (गया-कोडरमा- बोकारो-रांची-रायगढ़-रायपुर के रास्ते) 08793 दुर्ग-पटना होली स्पेशल 06 मार्च, 2023 (सोमवार) को दुर्ग से 14.30 बजे खुलकर मंगलवार को 09.30 बजे पटना पहुंचेगी । वापसी में, गाड़ी सं. 08794 पटना-दुर्ग होली स्पेषल 09 मार्च, 2023 (गुरूवार) को पटना से 21.00 बजे खुलकर शुक्रवार को 19.10 बजे दुर्ग पहुंचेगी ।

3.गाड़ी सं. 05671/05672 गुवाहाटी-रांची-गुवाहाटी साप्ताहिक स्पेषल (सिलीगुड़ी-मालदा टाउन-आसनसोल-धनबाद-बोकारो के रास्ते) - गाड़ी सं. 05671 गुवाहाटी-रांची स्पेषल दिनांक 04.03.23 से 15.04.23 तक सप्ताह के प्रत्येक शनिवार को गुवाहाटी से 11.40 बजे खुलकर रविवार को 14.25 बजे रांची पहुंचेगी । गाड़ी सं. 05672 रांची-गुवाहाटी स्पेशल दिनांक 05.03.23 से 16.04.23 तक सप्ताह के प्रत्येक रविवार को रांची से 20.30 बजे खुलकर सोमवार को 23.45 बजे गुवाहाटी पहुंचेगी। इस प्रकार अब तक होली के अवसर पर पूर्व मध्य रेल क्षेत्राधिकार से खुलने/गुजरने वाली कुल 36 जोड़ी स्पेषल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है । इन स्पेषल ट्रेनों द्वारा कुल 168 फेरे लगाए जायेंगे ।

मधुबन थाना प्रभारी ने सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का किया आयोजन

मधुबन(प्रभात मंत्र संवाददाता) : सरस्वती विद्या मंदिर, सिनीडीह में सड़क सुरक्षा नियम के तहत मधुबन थाना प्रभारी चंदन कुमार सिंह ने बंदना सभा में बच्चों को अवगत कराया। चंदन कुमार सिंह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के पूर्ववर्ती छात्र है। उन्होंने बताया कि आजकल 15 साल से 45 साल तक के बाइकर्स का अधिक से अधिक सड़क दुर्घटना हो रही है। उन्होंने यह भी बताया कि इस को रोका नहीं जा सकता परंतु कम जरूर किया जा सकता है। सड़क सुरक्षा पर उन्होंने बच्चों को यह बताया कि अभी आपके पढ़ने का समय है, आप उसी पर ध्यान दीजिए जब समय आएगा तब आप बाइक का उपयोग करें ,यही आपके हित में भी होगा। उन्होंने बताया कि जब आप कार ड्राइव करें तो निश्चित रूप से सीट बेल्ट का उपयोग करें।

झरिया में फागुन महोत्सव की हुई शुरुआत

झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) : श्री श्याम मित्र मिलन मंदिर समिति झरिया द्वारा तीन दिवसीय रंग-रंगीला फागुन महोत्सव गुरूवार से शुरु हुई। तीन दिनों तक चलने वाले फाल्गुन महोत्सव के पहले दिन गुरुवार को लगभग 11 बजे झरिया धाम से प्रचलित लाल बाजार स्थित श्री श्याम मंदिर मे मुख्य पुजारी कैलाश पांडेय द्वारा निशान पूजा कराया गया जिसके बाद भव्य निशान शोभा यात्रा निकाली गई। जहा भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागनी सिंह ने भी झरिया धाम पहुंच कर श्री श्याम बाबा के चरणों मे माथा टेक कोयलांचल वासियों के सुख समृद्धि की कामना कर भव्य निशान शोभायात्रा में सम्मिलित हुई। रंग अबीर गुलाल व पुष्पवर्षा करते हुए निशान शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्याम भक्त शामिल हुए। सभी अपने हाथों में श्याम निशान लहराते हुए चल रहे थे। निशान यात्रा शहर के लाल बाजार , लक्ष्मनिया मोड़, बाटा मोड़, चार नंबर मेन रोड, धर्मशाला रोड होते हुए पुनः श्री श्याम मंदिर पहुंची। गह जगह तोरणद्वार बनाए गए थे। साथ ही कई सामाजिक संस्थाओं द्वारा बाबा श्याम के भक्तों के लिए जूस व फलाहार की वयस्था की गई थी।

थर्ड जेंडर की श्वेता किन्नर हुई आइकॉन मनोनीत किन्नर समाज में खुशी की लहर

प्रभात मंत्र संवाददाता

झरिया : झरखंड किन्नर समाज की अध्यक्ष छमछम देवी के आवास जामाडोबा शास्त्रीनगर में प्रदेश चुनाव आयोग द्वारा थर्ड जेंडर के श्वेता किन्नर को आइकॉन मनोनीत किये जाने से पूरे समाज के लोगो ने हर्ष व्यक्त करते हुए स्वागत किया गया है। इस अवसर पर आइकॉन चुने जाने पर श्वेता ने बताया है की वह अपने समाज से आयोग द्वारा जो भी मतदाताओं को जागरूक करने की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी, उसे भरपूर सहयोग करेगी। इसके लिए चुनाव आयोग को बधाई दी गई है।

वही छमछम देवी ने बताया है की 10 दिन पूर्व झरिया के सीओ परमेश्वर कुशवाहा आवास पहुंच कर जानकारी दी थी की मेरे पोती चेला श्वेता का चयन की गई हैं तो समाज के लोग खुश हो गए है। हमारे समाज के लोगों को भी अब समाज में बराबरी का हक मिलेगा। किन्नर समाज के लोगो ने मिठाई बांटी तथा बधाई गीत गा कर खुशियां मनाई हैं। इस अवसर पर विभा किन्नर, काजल किन्नर, रेखा किन्नर, राखी किन्नर, मालती किन्नर आदि उपस्थित थीं।

गिरिडीह में रामगढ़ उपचुनाव समेत तीन राज्यों में

एनडीए की जीत पर मना जश्न, विजय जुलूस निकला

प्रभात मंत्र संवाददाता

गिरिडीह : तीन राज्यों समेत रामगढ़ उपचुनाव में एनडीए को मिली बंपर जीत पर भाजपा और आजसू कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को शहर में विजय जुलूस निकाला. भाजपा जिलाध्यक्ष महादेव दुबे के नेतृत्व में निकले विजय जुलूस में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुरेश साहु, सांसद प्रतिनिधि दिनेश यादव,भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री विनीता कुमारी, विनय सिंह, रंजन सिन्हा, यदुनंदन पाठक, संजीत सिंह पप्पू, नवीन सिन्हा, सुभाष चन्द्र सिन्हा, सुरेश मंडल, महेश राम, आजसू नेता गुड्डु यादव, प्रियंका शर्मा समेत कई नेताओं का जुटान झंडा मैदान में हुआ. जहां से दोनों दलों के नेता गाजे-बाजे के साथ हाथों में झंडा लिए निकले और शहर भ्रमण करते हुए टावर चौक पहुंचा. जहां लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर और मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी. इस दौरान जमकर आतिशबाजी भी की गई.इस मौके पर भाजपा अध्यक्ष महादेव दुबे ने कहा कि रामगढ़ की जीत के बाद हेमंत सरकार के जाने की उल्टी गिनती भी शुरु हो चुकी है क्योंकि झूठ की बुनियाद पर यह सरकार अधिक दिनों तक

नहीं चलने वाली. देश की जनता सिर्फ मोदी की बातों पर यकीन करती है और जनकल्याण की योजनाओं से जुड़ कर जनता अब मोदी सरकार पर भरोसा कर रही है. उन्होंने कहा कि रामगढ़ की जीत सिर्फ एक ट्रेलर है. आने वाले दिनों में हेमंत सरकार का अब अधिक दिनों तक जनता को गुमराह नहीं करने वाली. विजय जुलूस में एनडीए के कई कार्यकर्ता शामिल हुए।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
लोहरदगा/सिमडेगा
रांची, शुक्रवार, 03 मार्च 2023 | पेज 11

उपायुक्त ने विभिन्न योजनाओं को लेकर पदाधिकारियों के साथ की बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज कल्याण विभाग, समाज कल्याण, कृषि, पशुपालन, गव्य विकास, मत्स्य, सहकारिता, खेल, पर्यटन, सामाजिक सुरक्षा विभाग के वित्तीय वर्षों में आवंटन व व्यय की समीक्षा की गई। कल्याण विभाग अंतर्गत सरना/मसना घेराबंदी, धुमकुड़िया हाउस निर्माण, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना, बिरसा आवास निर्माण आदि की समीक्षा की गई। समाज कल्याण अंतर्गत सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, सामूहिक विवाह, अंतिम संस्कार सेमिनार मद में व्यय, केंद्र प्रयोजित अभियान मद में व्यय की समीक्षा की गई। कृषि में कर्मशाला, प्रशिक्षण, प्रचार-प्रसार मद, एनएफएसएम मद, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना मद की समीक्षा की गई और प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना की राशि व्यय हेतु सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों के बीच योजना का लक्ष्य निर्धारित कर लक्ष्य देने किये जाने का निदेश दिया गया। साथ ही, मत्स्य विभाग द्वारा निर्मित तालाब के पास भी पीएमकेएसवाई योजना का लाभ दिये जाने का निदेश दिया गया। विभिन्न विभागों में प्रचार-प्रसार मद में शेष रह गई राशि से नगर भवन, लोहरदगा में छात्र-छात्राओं के लिए कॅरियर काउंसलिंग-सह-रोजगार मेला आयोजित करने का निदेश दिया गया। साथ ही, इसमें जिला नियोजन पदाधिकारी के साथ समन्वय स्थापित किये जाने का भी निदेश दिया गया। आज की बैठक में समाजिक सुरक्षा कोषांग सहायक निदेशक, जिला सहकारिता पदाधिकारी, मत्स्य पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी/समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला खेल पदाधिकारी समेत अन्य विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

बीडीओ की अध्यक्षता में युवा सद्भावना मंच के तत्वावधान में शांति दूतों की हुई बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

कैरो-लोहरदगा : कैरो प्रखंड कार्यालय सभागार में 02 मार्च गुरुवार को युवा सद्भावना मंच के तत्वावधान मे शांति दूतों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो ने कहा कि आपसी सौहार्द बनाकर रखने में शांति दूतों का भी अहम सहयोग है। उन्होंने कहा कि अगर युवा चाह जाएंगे तो समाज में आपसी सौहार्द हमेशा बना रहेगा। हमें सभी जाति-धर्म,समुदाय को सम्मान करना चाहिए। शांति दूतों को समाज मे उनकी भूमिका व दायित्व की जानकारी देते हुए सहयोग करने की बात कही। उपस्थित शांति दूतों द्वारा भी अपने-अपने विचार रखे गए। वहीं सीओ कमलेश उरांव ने कहा किसी भी त्योहार को हमें आपस में मिलजुल कर मनाना चाहिए, ताकि आपसी सौहार्द की मिशाल कायम हो सके। उन्होंने कहा शांति दूत अपने-अपने क्षेत्र में आपसी सौहार्द को बनाए रखने में सहयोग प्रदान करें। मौके पर थाना के एसआई ऋषिकांत कुमार ने भी शांति दूतों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

डिजिटल क्लास रूम का रख रखाव में अभिभावकों का दायित्व सुनिश्चित हो : पंकज कुमार

सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड क्षेत्र के कुंदगड़ी ग्राम में संचालित प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण में समग्र ग्रामीण विकास कार्यक्रम के तहत एचडीएफसी बैंक और बाइफ संस्था के द्वारा स्मार्ट क्लास रूम का आयोजन किया गया और बाइफ संस्था के प्रोजेक्ट ऑफिसर पंकज कुमार, फील्ड गाइड सोनम दुलारी उरांव एवं विद्यालय के प्रधानाध्यापक वीरेंद्र कुमार सिंह तथा वीरेंद्र कुमार के द्वारा डिजिटल क्लास रूम के बारे में जानकारी दी गई। पंकज कुमार द्वारा जानकारी दी गई की डिजिटल क्लास रूम के लगने से स्कूल में बच्चों की उपस्थिति में बढ़ोतरी होगी और पढ़ने में मन लगेगा। साथ ही शहरी बच्चा और ग्रामीण बच्चो में जो टेक्नोलॉजी दूरी बन रहा है। वह दूरी कम होगी। डिजिटल क्लास के माध्यम से बच्चे पाठ्यपुस्तक का वीडियो, पढ़ना लिखना, पेंटिंग करना,वर्ण पहचानने सहित अन्य कार्य कर सकते है। और मनोरंजक तरीके से सीख सकते है। लेकीन विद्यालय के वस्तु को देख रेख करना अभिभावक का मुख्य दायित्व है। इस मौके पर विद्यालय समिति के अध्यक्ष अर्जुन उरांव, सहिया अनिता उरांव, वार्ड सदस्य सोमा भगतके अलावे समस्त अभिभावक गण उपस्थिति थे।

सफलता के लिए विद्यार्थियों को मेहनत करना आवश्यक है : रेणु मिश्रा

प्रभात मंत्र संवाददाता

सेन्हा-लोहरदगा : राजकीय उत्क्रमित बुनियादी उच्च विद्यालय प्रांगण सेन्हा में विद्यालय के जूनियर बच्चों द्वारा विदाई समारोह का आयोजन किया गया। सेन्हा प्रखंड मुख्यालय के समीप संचालित राजकीय उत्क्रमित बुनियादी उच्च विद्यालय प्रांगण में गुरुवार को जूनियर छात्र छात्राओं द्वारा विदाई समारोह सह संस्कृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित विदाई समारोह सह संस्कृति कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाध्यापिका रेणु मिश्रा तथा डॉक्टर बेजन्ती उरांव, चांदनी सहदेव, पी बाघ, रंजू कुमारी द्वारा दीप प्रज्वलित कर प्रारम्भ किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानाध्यापिका रेणु मिश्रा ने कहा कि बच्चों के सफलता के लिए लगातार मेहनत करने की आवश्यकता है। साथ ही कहा कि विद्यालय से छात्र छात्राएँ मैट्रिक की परीक्षा में शामिल होने जा रहे हैं। छात्र छात्राओं का साल भर की पढ़ाई के अनुसार आप परीक्षा में प्रत्येक प्रश्न का उत्तर देंगे कोई भी प्रश्न को छोड़ेंगे नहीं और सभी को सोच समझ उतर देने एवं विषय वार गहन अध्ययन करने की सलाह दी गई। आगे उन्होंने कहा इसके बाद भी आप पढ़ाई में लगातार मेहनत करते रहेंगे और छोटी छोटी प्रश्न को पहले हल करने पर जोर देते हुए छात्र छात्राओं की उज्जवल भविष्य का कामना की इसके अलावे कहा कि वर्ष 2023 में विद्यालय से मैट्रिक की परीक्षा में 139 बच्चे शामिल हो रहे हैं। परीक्षा केंद्र में आप समय से आधा घंटा पहले पहुंचेंगे। और अनुशासन गांव में रहेंगे कुछ दिन मोबाइल से दूरी बनाए रखें। वही विदाई समारोह के अवसर पर जूनियर छात्र छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

होली एवं शब-ए-बारात को लेकर कैरो थाना में शांति समिति की बैठक संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

कैरो-लोहरदगा : कैरो प्रखंड के कैरो थाना परिसर में 02 मार्च गुरुवार को आगामी त्यौहार होली एवं शब-ए बारात में शांति सद्भावना कायम रखने को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक कैरो प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो, अंचलाअधिकारी कमलेश उराँव, थाना प्रभारी शंखनाथ उंराव की संयुक्त अध्यक्षता में एवं प्रखंड उप-प्रमुख मधुलिका रानी,प्रखंड 20 सुत्रि अध्यक्ष अनीश अहमद खान व शांति समिति सदस्यों की उपस्थिति मे बैठक आहुत की गयी । बैठक में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उपस्थित उपरोक्त पदाधिकारियों ने होली एवं शब-ए बारात के त्योहार में शांति-व्यवस्था बनाए रखने में एक-दूसरे को सहयोग करने की अपील की। साथ ही थानाध्यक्ष शंखनाथ उराँव ने कहा कि त्योहार में यदि सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाया तो वैसे लोगों को तुरंत जेल भेज दिया जाएगा। वहीं उप प्रमुख मधुलिका रानी ने कहि कि,आप पूरा प्रखण्ड वासी से अपील है सभी समुदायों से सब साथ रहकर एक दूसरे से मिलजुलकर आप लोग त्योहार खुशी खुशी मनाएं। किसी तरह का हुड़दंगी होता है तो रोकने का प्रयास किया जाए प्रखण्ड 20 सूत्री अध्यक्ष अनीश अहमद खान ने त्योहार के दौरान शरारती तत्वों पर नकेल कसने की मांग की पुलिस-प्रशासन से की है। बैठक में जेएमएम केंद्रीय समिति सदस्य समीद अंसारी ने कहा कि आप लोग से आग्रह है किसी तरह का उपद्रवियों को खैर नही भाजपा जिला उपाध्यक्ष सूरज मोहन साहू ने कहा कि रात्रि गस्ती को दिन एवं रात को भी पुलिसकर्मियों को रहने की आवश्कता है। भाजपा प्रदेश अल्पसंख्यक मोर्चा उपाध्यक्ष नाजीर खान ने कहा कि हमलोग का कैरो प्रखण्ड में तुंरत कोई भी चीज गलत ढंग से प्रयोग कर के माहौल को खराब करने में सहयोग करतें हैं इससे सभी लोग बाज आना चाहिए। एसआई ऋषि कांत शर्मा ने कहा कि शराब बुराई फैलता है इसको आप लोग रोकने का प्रयास कीजिए इससे बुराई रुक सकता है।

सड़क दुर्घटना में बस चालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज, पीड़िता की पत्नी के बयान पर होगी कारवाई

सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): कंडरा सड़क दुर्घटना मामला में बस चालक के विरुद्ध घायल युवक की पत्नी के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर कारवाई में जुटी पुलिस। सेन्हा थाना क्षेत्र के कंडरा चौक के समीप विगत 17 फरवरी को सड़क दुर्घटना हुई थी। जिस में मां और बेटा घायल हो गये थे। जिसका इलाज सदर अस्पताल में चल रहा था। घटना के उपरांत घायल का पहचान गुमला जिला अंतर्गत पुसो थाना क्षेत्र के भुरसो निवासी संजीत उराँव एवं घायल की मां गंदौरी देवी के रूप में किया गया था। जानकारी के अनुसार बता दें कि घायल युवक इलाजरत होने के कारण घायल संजीत उराँव की पत्नी मालती देवी ने बसंत बस जे एच 01 सी जी 9822 के चालक के विरुद्ध सेन्हा थाना में बयान देते हुए प्राथमिकी दर्ज करने का गुहार लगाई है। वहीं थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने बताते हुए कहा कि घायल संजीत उराँव के इलाजरत होने के कारण उसकी पत्नी मलती देवी के बयान पर सेन्हा थाना कांड संख्या 29/23 दर्ज कर धारा 279, 337, 338, 427 आईपीसी के तहत पुलिस द्वारा कारवाई आरम्भ है। साथ ही उन्होंने कहा घटना की सूचना पर त्वरित कारवाई करते हुए क्षतिग्रस्त वाहन को जब्त कर थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया है।

रामगढ़ उपचुनाव आजसू प्रत्याशी की जीत पर लोहरदगा आजसू पार्टी ने दिया बधाई

लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में एनडीए प्रत्याशी आजसू नेत्री सुनीता चौधरी की रिकॉर्ड मतों से विजयी होने पर लोहरदगा जिला आजसू पार्टी ने हार्दिक बधाई देते हुए आशा व्यक्त की है कि सुनीता चौधरी रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधि बनकर निश्चित रूप से रामगढ़ क्षेत्र की समुचित विकास करने में अहम योगदान करेगी। बधाई देने वालों में ओम प्रकाश भारती, राम नारायण प्रसाद, निरू शांति भगत, सूरज अग्रवाल, लाल गुडडू नाथ शाहदेव, अरविंद यादव, राजू गुप्ता, रामनंदन प्रसाद, देवेंद्र साहू, अंजू देवी, रामचंद्र गिरि, विलियम कुजुर, अरविंद पाठक, संजू सिंह, अनीता साहू, शाहिद अंसारी, नरेश साहू, भैयाराम उरांव, बिपिन बिहारी सिंह, सरवर खान,जहांगीर अंसारी, साजिद कलाल, मुन्ना अग्रवाल, प्रदीप ठाकुर, सलीम पांडू, अवधेश पाठक, लाल पंचम नाथ शाहदेव, लालदेव टाना भगत, परमेश्वर भगत, राजेंद्र लोहरा, कलीम खान,अशोक साहू, आकाश यादव, वीरेंद्र चौहान, परमेश्वर उरांव, शनिचरवा प्रधान, सलामत अंसारी, रुपेश आईद, दिलीप साहू, सीताराम भगत,नंद किशोर साहू, मुरारी कुमार, रूपा देवी, मालती उरांव, बरिया देवी, मुनिया उरांव, इंदिरा प्रधान, गौरी देवी, अनिल साहू,परमेश्वर महतो, रामचंद्र उरांव, कंचन राम, महेंद्र उरांव, अंगद महतो, आनंद राम, मनोज उरांव, चंद्रकिशोर भगत, रामचंद्र उरांव, संतोष पाठक, नवाज खान, गुड्डू खान, रामसेवक सिंह, पारसनाथ उरांव, मजहर अंसारी आदि प्रमुख हैं।

अज्ञात बीमारी से कोलमडेगा में 20 बकरियों की मौत

पशुपालकों ने पशुपालन विभाग से लगाया मदद की गुहार

प्रभात मंत्र संवाददाता

जलडेगा : जलडेगा के कोलमडेगा में अज्ञात बीमारी के कारण लगभग बीस बकरियों की मौत का मामला सामने आया है। इधर, एक साथ बड़ी संख्या में बकरियों की मौत के बाद बकरी पालक परिवारों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। हजारों रुपए की बकरियां मौत का शिकार हो चुकी हैं, लेकिन बीमारी थमने का नाम नहीं ले रही। वहीं कई अन्य बकरियां भी बीमारी से ग्रसित है। जिसके कारण पशुपालकों में इस बीमारी को लेकर काफी चिंता नजर आ रही है। पशुपालको ने बताया की अज्ञात बीमारी के कारण बकरियों की हो रही मौत के कारणों का अभी तक पता नहीं लग पाया है। इस कारण पशुपालक काफी चिंतित नजर आ रहे हैं। लोगों ने पशुपालन विभाग से मदद की गुहार लगाई है।

आपसी सौहार्द के साथ मनाएं पर्व : बीडीओ

प्रभात मंत्र संवाददाता

सेन्हा-लोहरदगा : आगामी होली एवं शबे बारात को लेकर थाना परिसर सेन्हा प्रांगण में शांति समिति सदस्यों के साथ हुआ बैठक प्रखंड प्रशासन व पुलिस प्रशासन सहित पंचायत जनप्रतिनिधि रहे मौजूद। सेन्हा प्रखंड क्षेत्र में दोनों समुदाय शांति व सौहार्द के साथ पर्व मनाने को लेकर शांति समिति का बैठक थाना परिसर में प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ आयोजित शांति समिति का बैठक के दौरान होली पर्व एवं शबे बारात मनाने को लेकर एवं तैयारियों पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया साथ ही रंगों का त्यौहार पर चर्चा करते हुए थाना क्षेत्र में विधि व्यवस्था का जायजा लिया गया। वहीं शबे बारात पर्व का भी जानकारी लिया गया। पर्व के दौरान दोनों समुदाय के गणमान्य लोगों से विचार विमर्श करते हुए भाईचारे के साथ पर्व मनाने को लेकर निर्णय लिया गया। वहीं प्रशासन की ओर से गाइडलाइन जारी करते हुए बताया गया कि होली पर्व मनाने के दौरान अश्लील और भड़काऊ गाना नही बजाने एवं सोशल मिडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट वायरल नही करने तथा अफवाह का शिकार होने से बचने को लेकर जानकारी देते हुए गाइडलाइन पालन करने पर जोर दिया गया। वहीं शबे बारात के दौरान विशेष समुदाय अपने रीति रिवाज के अनुसार फातिहा एवं नमाज अदा करें साथ ही किसी प्रकार की समस्या हो तो यथाशीघ्र प्रखंड प्रशासन या पुलिस प्रशासन को सूचित करने की बात कही गई।

झामुमो जिला समिति की बैठक संगठन को लेकर हुई चर्चा

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला समिति की बैठक जिला अध्यक्ष मुजम्मिल अहमद की अध्यक्षता में की गई। जिसमें मुख्य रुप से झामुमो के जिला अध्यक्ष ने सभी प्रखंड अध्यक्ष एवं पंचायत अध्यक्ष को दिशा निर्देश दिया कि आने वाले 15 दिनों के अंदर बूथ कमेटी का लिस्ट जिला कार्यालय को जमा करें। जिलाध्यक्ष ने कहा कि आने वाले चुनाव के लिए झारखंड मुक्ति मोर्चा पूरा तैयार है। जिला अध्यक्ष ने कहा कि कार्यकर्ता अपने अपने बूथ में जाकर काम करे सरकार के द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं के बारे में सभी को बताए और कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन जो चुनाव के समय वादा किए थे उसे निभाने का कार्य कर रहे है। जिला अध्यक्ष ने कहा जब से झामुमो की सरकार बनी है। झारखंड का विकास हो रहा है नही तो मैं तो भारतीय जनता पार्टी झारखंड को विनाश की ओर पहुंचाने का काम किया था।

उपायुक्त ने हर्बल गुलाल निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया निरीक्षण

लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने आज जेएसएलपीएस के सीएमटीसी, भवन में हर्बल गुलाल निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण किया। जेएसएलपीएस की दीदीयों द्वारा पलाश के फूल, चुकंदर, पालक, गुलाब जल के जरिये ये हर्बल गुलाल तैयार किये गये हैं। उपायुक्त द्वारा दीदीयों के इस प्रयास को सराहा गया और होली त्यौहार को देखते हुए प्रशासनिक पदाधिकारियों से इस हर्बल गुलाल का प्रयोग करने की अपील की गई। आज इस मौके पर कार्यपालक दण्डाधिकारी नारायण राम, जेएसएलपीएस डीपीएम, लोहरदगा प्रकाश रंजन, धारा महिला मंडल कुजरा, बादल आजीविका सखी मंडल पेशरार और किरण आजीविका सखी मंडल लोहरदगा समूह की दीदीयां उपस्थित रहीं।

मनरेगा योजना को जलछाजन में समाहित कर करेंगे काम

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमडेगा : बानो प्रखंड के कानारोंवा राजस्व ग्राम में क्लस्टर फैसिलिटेशन प्रोजेक्ट मनरेगा के द्वारा गांव का विकास हेतु मनरेगा योजना को जलछाजन में समायोजित कर एवं भौगोलिक सूचना प्रणाली के आधार पर कार्य किया जाएगा। इस कार्य को आगे बढ़ाने के लिए रोजगार दिवस के अवसर पर पंचायत सचिवालय किनारोंवा में सहभागी ग्रामीण मूल्यांकन का आयोजन किया गया। जिसमें प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठक ने लोगों को प्राकृतिक संसाधन का प्रबंधन हेतु मनरेगा को जलछाजन में समायोजित कर कार्य करने के लिए प्रेरित कर योजना को सफल बनाने में लोगों को सहयोग करने का दिशा निर्देश दिया?। प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी चारू प्रसाद ने सरकार द्वारा चलाई जा रही मनरेगा योजना को अच्छे से करने हेतु लोगों को सुझाव दिया। मनरेगा को जलछाजन के तहत सफल बनाने के लिए मौके पर उपस्थित एनआरएम एक्सपर्ट कुमार दीपेश, मुकेश पासवान, लाइवलीहुड एक्सपोर्ट सोनू सिंह और शैलेंद्र कुशवाहा ने नक्शा बनाकर लोगों को समझाने का प्रयास किया की मनरेगा योजना क्षेत्र के भौगोलिक स्थिति के अनुसार लिया जाएगा, जिसके तहत तेजी से बहते हुए पानी को फैलाकर धीरे किया जाएगा, और फिर धीरे-धीरे धरती के अंदर जाने के लिए? योजना को ऐसे सुव्यवस्थित किया जाएगा कि अधिकतर पानी भूमि के अंदर चला जायगा और धीरे-धीरे आंतरिक जल स्त्रोत ऊपर की ओर आ जाएगा जिससे हमारे क्षेत्र में जल की समस्या का समाधान होगा? साथ ही लोगों में आजीविका का असर बढ़ेगा जिससे गांव में बेरोजगारी की समस्या दूर होगी और गांव विकास की ओर बढ़ेगा। मौके पर उप मुखिया, रोजगार सेवक, ग्रामीण, स्वयं सहायता समूह की दीदी, आदि उपस्थित थे।

रामगढ़ उपचुनाव है ट्रेलर, 2024 में दिखेगा बाकी पिक्चर : लक्ष्मण बड़ाईक

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमडेगा : रामगढ़ उपचुनाव में एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी की जीत पर भारतीय जनता पार्टी एवं आजसू पार्टी ने संयुक्त रूप से विजय जुलूस का आयोजन किया विजय जुलूस में भाजपा एवं आजसू कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद आजसू पार्टी जिंदाबाद के नारे लगा रहे थे। कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर एवं लड्डू खिलाकर जीत की बधाई दी मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने कहा की रामगढ़ उपचुनाव ट्रेलर है बाकी पिक्चर 2024 में दिखेगा रामगढ़ उपचुनाव में जनता ने एनडीए प्रत्याशी को जीता कर यह बता दिया की गठबंधन सरकार सिर्फ लूट झूठ और भ्रष्टाचार की राजनीति कर रही है बहुत जल्द जनता इस भ्रष्टाचारी सरकार को उखाड़ फेंकेगी। आजसू जिला अध्यक्ष ध्रुपद पांडेय ने कहा कि रामगढ़ उपचुनाव में जिस तरह से एनडीए प्रत्याशी को जीत मिली है झारखंड की जनता ने यह साफ कर दिया कि वर्तमान सरकार से छुटकारा चाहती है। भाजपा नेता श्रद्धानंद बेसरा ने कहा की 2024 में गठबंधन सरकार का सूपड़ा साफ होगा और एनडीए की जीत होगी । सोशल मीडिया प्रभारी रवि गुप्ता ने कहा कि जिस तरह से जोहार यात्रा करके मुख्यमंत्री राज्य की जनता को ठगने का प्रयास कर रहे थे रामगढ़ की जनता ने बता दिया कि आपकी यात्रा ठग बंधन सरकार की अंतिम यात्रा है 2024 में भाजपा आजसू गठबंधन की सरकार होगी मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष संजय ठाकुर कोषाध्यक्ष अनुप प्रसाद बसंत नारायण माझी राकेश रविकांत सत्यनारायण प्रसाद अजय सिंह दीप नारायण दास अनिरुद्ध सिंह अशोक रजक महिला नेत्री सावित्री देवी पिंकी प्रसाद मौजूद थे।

महिला पुरुष हॉकी फुटबॉल टुर्नामेंट के दूसरे दिन सीओ ने बढ़ाया खिलाड़ियों का मनोबल, कहा खेल से निखरती है प्रतिभा

सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखण्ड खेल समिति जलडेगा के तत्वावधान में एस एस+2 हाई स्कूल खेल मैदान में महिला एवं पुरुष हॉकी एवं फुटबॉल टुर्नामेंट का दुसरे दिन महिला फुटबॉल मैच लम्बोई बनाम सावनाजारा के बीच खेला गया। जिसमें लम्बोई की टीम 1-0 से विजयी हुआ। महिला फुटबॉल मैच का उद्घाटन सीओ खगेन महतो ने लड़कीयों से परिचय एवं टॉस करा कर किया। इस दौरान सीओ डॉ खगेन महतो ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल हमे अनुशासन सिखाता है। साथ ही इस तरह के प्रतियोगिताओं से खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलता है। उन्होंने कहा कि खेल से समाज में सौहार्द व भाईचारगी का संदेश जाता है। इस दौरान सीओ ने खेल की उपलब्धि बताते हुए खिलाड़ियों के उज्वल भविष्य की कामना की।वहीं हॉकी के पक्ष दो मैच खेले गए, पहला मैच ओडगा तुरी टोली बनाम ब्रदर्स कल्ब लम्बोई के बीच खेला गया जिसमें ओडगा तुरी टोली 3-1 से विजयी हुआ। दुसरा मैच सेकेंड राउन्ड का मैच ओडगा तुरी टोली बनाम पतिअम्बा पुजार टोली के बीच खेला गया जिसमें ओडगा तुरी टोली की टीम 1-0 से विजयी रहा।

नागालैंड के अमीर विधायक बने सुखातो ए सेमा

कोहिमा : पूर्वोत्तर भारतीय राज्य नगालैंड विधानसभा चुनाव का परिणाम गुरुवार 2 मार्च को जारी हो गया. यहां मतगणना केंद्रों पर सुबह से ही काउंटिंग शुरू हो गई थी, दोपहर तक कई सीटों पर विजेताओं की तस्वीर साफ हो गई. इस राज्य में विधानसभा की कुल 60 सीटें हैं, जिनमें से 59 सीटों पर फरवरी के आखिरी हफ्ते में मतदान हुआ था. इनमें से कई सीटों पर करोड़पति उम्मीदवार खड़े हुए. यहां के सबसे अमीर माने जाने वाले उम्मीदवार की जीत हो गई है. वो उम्मीदवार हैं- डॉ. सुखातो ए सेमा. उनके पास 1 अरब रुपये से ज्यादा की प्रॉपर्टी है. एडीआर की रिपोर्ट में बताया गया था कि डॉ. सुखातो ए सेमा 160 करोड़ रुपये की चल और अचल संपत्ति के साथ अमीर उम्मीदवारों में शीर्ष पर हैं. सुखातो लोक जनशक्ति पार्टी के उम्मीदवार हैं, जिन्होंने नगालैंड की पुगोबोटो जुन्हेबोटो सीट से चुनाव लड़ा. बता दें कि वह लोक जनशक्ति पार्टी का उम्मीदवार होने से पहले बीजेपी में थे. वो राजसी ठाठ-बाट से जीते हैं. इस बात की गवाही उनके परिधान देते हैं.चुनाव आयोग के पास दायर चुनावी हलफनामे के अनुसार उनका पेशा डॉक्टरी है. उनकी शैक्षिक योग्यता- स्नातकोत्तर, और आयु है- 65 वर्ष. उनकी कुल घोषित संपत्ति 160.2 करोड़ रुपये है. जिसमें 11.3 करोड़ रुपये चल संपत्ति और 148.9 करोड़ रुपये अचल संपत्ति है. नगालैंड के अमीर उम्मीदवारों की लिस्ट में दूसरे नंबर पर एनडीपीपी के मुख्यमंत्री नेफियू रिय हैं, जिनकी संपत्ति 46 करोड़ रुपये से अधिक है. वो भी चुनाव जीत गए हैं. उनके बाद बीजेपी के एआर काहुली सेमा, जिनकी 34 करोड़ रुपये की संपत्ति है, वे भी अमीर उम्मीदवारों की लिस्ट में हैं.

पूजा सिंघल ईडी की अदालत में सशरीर हुई हाजिर, सुनवाई तीन को

रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता): मनी लॉन्ड्रिंग की आरोपित निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल गुरुवार को ईडी के विशेष न्यायाधीश प्रभात कुमार शर्मा की अदालत में सशरीर हाजिर हुई। मनरेगा घोटाला के केस में पूजा सिंघल की ओर से अदालत में डिस्चार्ज पिटीशन दाखिल किया जाना था लेकिन व्यक्तिगत कारणों से उन्होंने डिस्चार्ज याचिका दाखिल नहीं की। इसके बाद अदालत ने उन्हें निर्देश दिया कि शुक्रवार को अगर डिस्चार्ज का आवेदन फाइल नहीं किया गया, तो कोर्ट चार्ज फ्रेम की प्रक्रिया शुरू करेगा। उल्लेखनीय है कि पूजा सिंघल पर खूंटी मनरेगा घोटाला के जरिए करोड़ों रुपये की संपत्ति अर्जित कर घोटाले के जरिये कमाए हुए पैसों को अलग-अलग जगह निवेश करने का आरोप हैं। पूजा सिंघल फिलहाल प्रोविजनल बेल पर हैं। उन्हें सुप्रीम कोर्ट ने कई शर्तों के साथ दो महीने की जमानत दी है।

दुर्ग - पटना होली स्पेशल ट्रेन (वाया - रांची) का परिचालन छह मार्च को

रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता): यात्रियों की सुविधा एवं होली फेस्टिवल के अवसर पर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए ट्रेन संख्या 08793/08794 दुर्ग - पटना - दुर्ग होली स्पेशल ट्रेन (वाया ङ्क रांची) का परिचालन होगा। ट्रेन संख्या 08793 दुर्ग - पटना होली स्पेशल ट्रेन (वाया - रांची) दिनांक 06/03/2023 (सोमवार) को दुर्ग से प्रस्थान करेगी। इस ट्रेन का दुर्ग प्रस्थान (सोमवार) 15:00 बजे, हटिया आगमन 00:55 बजे प्रस्थान 01:00 बजे, रांची आगमन 01:15 बजे प्रस्थान 01:20 बजे, मूरी आगमन 02:20 बजे प्रस्थान 02:22 बजे तथा पटना आगमन (मंगलवार) 09:30 बजे होगा। ट्रेन संख्या 08794 पटना - दुर्ग होली स्पेशल ट्रेन (वाया - रांची) दिनांक 09/03/2023 (गुरुवार) को पटना से प्रस्थान करेगी। इस ट्रेन का पटना प्रस्थान (गुरुवार) 21:00 बजे, मूरी आगमन 06:28 बजे प्रस्थान 06:30 बजे, रांची आगमन 08:00 बजे प्रस्थान 08:05 बजे, हटिया आगमन 08:20 बजे प्रस्थान 08:25 बजे एवं दुर्ग आगमन (शुक्रवार) 19:10 बजे होगा। इन ट्रेनों में एसएलआरडी के 02 कोच, सामान्य श्रेणी के 04 कोच, द्वितीय श्रेणी स्लीपर क्लास के 12 कोच एवं वातानुकूलित 3-टियर के 02 कोच, कुल 20 कोच होंगे।

बड़ी लापरवाही : मां को कुत्ते ने काटा और वैक्सीन लगा दी बेटी को

धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता): कुत्ता काटा मां को और एंटी रैबिज वैक्सीन लगा दी बेटी को। मामला निरसा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का है। निरसा के मुगमा निवासी पूनम देवी को 25 दिन पूर्व आवारा कुत्ते ने काट लिया था। उसका रूटीन वैक्सीनेशन निरसा सीएचसी में चल रहा था। 27 फरवरी को चौथा एवं अंतिम सुई लेने के लिए पूनम अपनी 4 वर्षीया पुत्री आरोही के साथ निरसा सीएचसी पहुंचा था। वहां स्वास्थ्य कर्मी माणिक चंद्र मंडल ने एंटी रैबीज इंजेक्शन निकाल पूनम की जगह में उसकी बेटी आरोही को लगा दी। जब पूनम ने हल्ला करना शुरू किया तो स्वास्थ्य कर्मी मानिक मौके से फरार हो गया। उसके बाद उसने पंचायत प्रतिनिधियों से इसकी शिकायत की। फिर बुधवार को पंचायत प्रतिनिधियों का एक प्रतिनिधिमंडल सीएचसी प्रभारी डॉ पुष्पा कुमारी से मिला। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व प्रखंड प्रमुख आशा कुमारी दास कर रही थी। इस दौरान पंचायत प्रतिनिधियों ने मुगमा निवासी पूनम देवी को कुत्ता काटने के बाद उसे एंटी रैबीज इंजेक्शन लगाने के स्थान पर उसके 4 वर्षीय पुत्री आरोही कुमारी को वैक्सीन देने का आरोप लगाया। स्वास्थ्यकर्मी पर कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। इस पर सीएचसी प्रभारी डॉ पुष्पा कुमारी ने गुरुवार को स्वास्थ्य कर्मी की लापरवाही के खिलाफ वरीय पदाधिकारियों से शिकायत करने की बात कही। शिकायत मिलने के बाद बच्ची का स्वास्थ्य की जानकारी ली। फिलहाल बच्ची पूर्ण रूप से स्वस्थ है। एंटी रैबीज वैक्सीन का कोई साइड इफेक्ट नहीं होता है। मामला लापरवाही से जुड़ा हुआ है। इसलिए स्वास्थ्य कर्मी के खिलाफ शिकायत की जाएगी।

मुस्लिम अल्पसंख्यकों को नजरंदाज करना महागठबंधन को पड़ा भारी

परवेज कुरैशी @ प्रभात मंत्र

रांची : आजसू प्रत्याशी सुनीता चौधरी ने भारी मतों से जीत कर गठबंधन की सरकार से रामगढ़ सीट छीन ली। या यूं कहें कि सुनीता चौधरी के जरिए आजसू का रामगढ़ विधानसभा में पुनः वापसी हो गई,और भाजपा में जान आ गई। बता दे कि कांग्रेस के विधायक रही ममता देवी के जेल जाने के बाद यहां पर उपचुनाव हुआ था। ममता देवी के पति बजरंग महतो को कांग्रेस की तरफ से उम्मीदवार बनाया गया था। महागठबंधन आरजेडी और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनके झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं का कांग्रेस प्रत्याशी बजरंग महतो को जिताने के लिए जी तोड़ मेहनत की ,बावजूद इसके भारी मतों से हार मिली। वहीं भाजपा ने अपने सहयोगी पार्टी आजसू को जिताने के एड़ी चोटी एक कर दी और उन्हें सफलता मिली।

मुस्लिम अल्पसंख्यक नाखुशः कांग्रेस को सबसे बड़ा झटका लगा है, क्योंकि कांग्रेस में एक नहीं कई खामियां नजर आ रही है। रामगढ़ उपचुनाव झारखंड का यह पांचवा उपचुनाव था । 4 उप चुनाव में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बीजेपी के सभी प्रत्याशियों को हराकर कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा की जीत दिलाई थी। पांचवा में भी यही टारगेट था, लेकिन कांग्रेस के कारण यह हार का मुंह देखने को मिली। क्योंकि मुसलमान जो कभी कांग्रेस का वोट बैंक होती थी,अब कांग्रेस इसे नजरअंदाज कर रही है। अल्पसंख्यकों को दरकिनार कर वह उप चुनाव में गई थी। शुरुआत में जब झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के द्वारा कांग्रेस के जिला अध्यक्षों के चुनने की बात आई तो मुसलमानों को नजरअंदाज किया था , जिसके लिए मुस्लिमों ने विरोध भी किया, कुछ जिलों पर मुसलमानों को वाली पोप की तरह जिला अध्यक्ष बना दिया गया। वहीं 10 जून 2022 को डेली मार्केट थाना अंतर्गत दुर्भाग्यपूर्ण हिंसक घटना हुई थी, जिसमें दो बच्चे की मौत हुई थी, इस पूरे मामले में बंधु तिर्की ही आगे आये थे,जिस कारण से मांडर उपचुनाव में बेटी नेहा को सफलता मिली थी, लेकिन कांग्रेस के सभी लीडरों ने इस पूरे मामले में चुप्पी साधी रही । इतना ही नहीं अल्पसंख्यकों के कई लंबित मामले हैं जिस पर भी कांग्रेस चुप रहना बेहतर समझ रही हैं। इसी क्रम में रायपुर महाधिवेशन के दौरान 26 फरवरी 2023 को देश के विभिन्न अखबारों में एक विज्ञापन जारी किया गया था, जिसमें कांग्रेस के महात्मा गांधी से लेकर राहुल गांधी सरीखे तमाम बड़े लीडरों को विज्ञापन में जगह दी गई थी, लेकिन देश के स्वतंत्रता सेनानी प्रथम शिक्षा मंत्री मौलाना आजाद को उस पोस्टर से गायब कर दिया गया था। इसके ठीक दूसरे ही दिन रामगढ़ उपचुनाव 27 फरवरी को होना था, जैसे ही मौलाना आजाद की तस्वीर उस विज्ञापन में नहीं दिखी इसे सोशल साइट में वायरल किया गया, नतीजा वोट के दिन काफी संख्या में मुसलमानों ने कांग्रेस से दूरी बना ली, इतना ही नहीं रांची शहर से भी कुछ मुस्लिम संगठनों के गणमान्य लोगों ने कांग्रेस के खिलाफ रामगढ़ उपचुनाव में पहुंचे और मुस्लिम संगठनों के साथ बैठक कर उसे जागरूक किया, नतीजा जिससे सीधे आजसू को लाभ मिला।

कांग्रेस की वजह से हेमंत को नुकसानः कांग्रेस के इस कार्य शैली के कारण मुस्लिम अल्पसंख्यक वर्ग न सिर्फ कांग्रेस से नाराज हैं , बल्कि कहीं न कहीं हेमंत सोरेन को भी आगामी चुनावों में इसका नुकसान पहुंचा सकता है। इसलिए समय रहते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को चाहिए की वे अल्पसंख्यकों को साथ लेकर चले।

आजसू और भाजपा का वोट एक हो गया

बता दें कि रामगढ़ उपचुनाव में कुल मतदाता 3,35,734 थे, 405 बूथों पर करीब 2,28152 मतदाताओं ने मतदान किया था, जिसमें महिलाएं 112221, पुरुष 11,5931 थे। देर शाम तक आजसू प्रत्याशी सुनीता चौधरी को 1,13,243 मत मिले थे, जबकि 2019 चुनाव में 71,226 ही मत प्राप्त हुए थे। वहीं 2019 चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी ममता देवी को 99,944 मत प्राप्त हुए थे, लेकिन 2023 उप चुनाव में ममता देवी को सजा होने के बाद उसके पति बजरंग महतो ने 91,577 ही मत प्राप्त कर सकें। 2019 चुनाव भाजपा प्रत्याशी रणंजय कुंटू को 31,874 मत प्राप्त हुआ था। इस उप चुनाव में भाजपा और आजसू मिल गये तो आजसू के प्रत्याशी को सीधे लाभ मिला।

विश्वविद्यालय में अच्छा पठन पाठन जरुरी : राज्यपाल

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : राज्यपाल सह कुलाधिपति सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि किसी भी विश्वविद्यालय के लिए अच्छे भवन और इंफ्रास्ट्रक्चर आवश्यक हैं लेकिन अच्छा पठन-पाठन, शोध और शिक्षकों का पढ़ाना सबसे आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सिर्फ अच्छे भवन और सुविधाओं से ही किसी विश्वविद्यालय को अच्छा नहीं कह सकते। वे गुरुवार को राजभवन में राज्य के सभी स्टेट और प्राइवेट विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की उपस्थिति में नैक के स्टेटवाइज एनालिसिस रिपोर्ट संबंधित पुस्तक जारी होने के बाद बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि डिजिटलाइजेशन तथा शिक्षकों और गैर शैक्षणिक कर्मियों की कमी भी जल्द दूर की जायेगी। अच्छा ग्रेड प्राप्त करने वाले विश्वविद्यालय को मैं स्वयं आकर सम्मानित करूंगा। नैक की रिपोर्ट को नैक के असिस्टेंट एडवाइजर डॉ. डीके कांबले ने जारी किया। यह एनालिसिस रिपोर्ट पुस्तक 2020 में तैयार किया गया था, जिसे बनाने में नैक टीम के एक्सपर्ट और रांची विश्वविद्यालय की डा. स्मृति सिंह का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है। यह स्टेटवाइज एनालिसिस रिपोर्ट पुस्तक सभी स्टेट एवं प्राइवेट विश्वविद्यालयों को उपलब्ध कराया जायेगा। साथ ही नैक के वेबसाइट पर भी उपलब्ध होगा। नैक की टीम के तीनों सदस्यों ने इस पुस्तक को जारी करने के साथ कहा कि सभी विश्वविद्यालय रिपोर्ट पुस्तक के अनुसार नैक के लिए तैयारी करें। मौके पर सेक्रेटरी एचआरडी राहुल पुरवार ने कहा कि सभी विश्वविद्यालयों में डिजिटलाइजेशन की प्रक्रिया पूरी होगी और जल्द ही सभी विश्वविद्यालयों में शिक्षकों एवं कर्मियों की कमी दूर की जायेगी। हम इसके लिये नियुक्तियां निकालने जा रहे हैं। इससे पूर्व कार्यक्रम के शुरूआत में डा. निलेश पांडेय ने सभी का स्वागत किया। इस दौरान रांची विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. अजीत कुमार सिन्हा, कुलसचिव डॉ. मुकुंद चंद्र मेहता, पीजी केमिस्ट्री विभाग की प्राध्यापक डॉ. स्मृति सिंह तथा नैक टीम के सदस्य रांची डॉ. नीलेश पांडेय, डॉ. श्रीकांत स्वामी और डॉ. डीके कामले उपस्थित थे।

कोडरमा की पूजा और पार्वती को मिलेगा स्वच्छ सुजल शक्ति सम्मान

राष्ट्रपति चार मार्च को करेंगी सम्मानित

प्रभात मंत्र संवाददाता

कोडरमा : अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर चार मार्च को कोडरमा की दो ग्रामीण महिलाएं पूजा और पार्वती राष्ट्रपति के हाथों विज्ञान भवन, नई दिल्ली में स्वच्छ सुजल शक्ति सम्मान पुरस्कार सम्मानित होंगी। दोनों गुरुवार को नई दिल्ली के लिए रवाना हो गई। कोडरमा जिले के अर्कोसा गांव की पूजा देवी को जैविक एवं अजैविक कचरा सिंगल प्लास्टिक मुक्त ग्राम की श्रेणी में और जरगा पंचायत के कंझाटांड के पार्वती देवी को जल संरक्षण के लिए कैच दा रैन का पुरस्कार दिया जाएगा। झारखंड को कुल तीन पुरस्कार दिया जाएगा, जिसमें दो कोडरमा जिले को मिल रहा है। कोडरमा उपायुक्त आदित्य रंजन समेत तमाम आला अधिकारियों ने जिला मुख्यालय से इन दोनों महिलाओं को रवाना किया। उपायुक्त ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर कोडरमा की दो महिलाओं को राष्ट्रपति के हाथों सम्मान मिलना गौरव का पल है। नई दिल्ली रवाना होने से पहले पूजा देवी और पार्वती देवी ने प्लास्टिक मुक्त और जल संरक्षण के अभियान को लेकर अपने अनुभव साझा किया और सम्मान को लेकर खुशियां जाहिर की। इस दौरान डीएफओ सूरज कुमार और एसडीओ संदीप कुमार मीणा के अलावा ग्रामीण भी मौजूद थे।

हमारे लिए चुनाव नतीजे उत्साहजनक भी हैं और निराशाजनक भी : जयराम रमेश

एजेंसी

नई दिल्ली : पूर्वोत्तर के तीन राज्य त्रिपुरा, मेघालय और नगालैंड के अलावा विधानसभा उपचुनाव के चुनावी नतीजों की तस्वीर काफी हद तक साफ हो चुकी है. दो राज्य त्रिपुरा और नगालैंड में बीजेपी गठबंधन की सरकार बनने रास्ता साफ हो गया है जबकि मेघालय में पेंच फंसा हुआ है. वहीं, उपचुनाव के नतीजों में कांग्रेस की अच्छी परफॉर्मेंस देखने को मिली है. इन नतीजों पर कांग्रेस की भी प्रतिक्रिया आई है. कांग्रेस का कहना है कि पार्टी के लिए ये नतीजे मिले जुले हैं. त्रिपुरा से काफी उम्मीदें थीं तो वहीं नगालैंड का पता था कि क्या होगा. कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने कहा कि हमारे लिए चुनाव नतीजे उत्साहजनक भी हैं और निराशाजनक भी हैं. बंगाल में हमारा खाता खुला है. महाराष्ट्र में 30 साल के बाद आरएसएसङ्कबीजेपी के गढ़ में कांग्रेस जीती है. चुनाव नतीजे पर जयराम रमेश ने कहा कि उत्तर पूर्वी राज्यों में से त्रिपुरा में हमें बहुमत की उम्मीद थी. नगालैंड में हमें पता था कि बीजेपी जोड़ तोड़ कर सरकार बना लेगी. मेघालय में पिछली बार हमारे 21 विधायक थे जो छोड़ कर चले गए. हमने वहां युवा नेताओं को टिकट देकर भविष्य की कांग्रेस तैयार की है. नतीजे को स्वीकार करते हैं, हमें संगठन को मजबूत करना है.

शिक्षा, सुरक्षा व सर्वांगीण विकास प्राथमिकता : शिवानी

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर : ज्योति प्रकाश महिला बीएड कॉलेज के सभागार में नए सत्र 22-24 की प्रशिक्षु छात्राओं का स्वागत कॉलेज परिवार एवं पुराने सत्र की छात्राओं के द्वारा भव्य तरीके से किया गया। इस मौके पर महाविद्यालय की डायरेक्टर शिवानी आनंद तथा प्राचार्य डॉ. अनुपम गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर सत्र 2022-24 का आरंभ किया। इस मौके पर 2021-23 की छात्राओं के द्वारा स्वागत गीत एवं रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर प्रारंभ किया गया साथ ही साथ सत्र 2020-22 की छात्राओं का विदाई समारोह का आयोजन भी किया गया। सत्र 2020 -22 के टॉप 3 छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। छात्रों ने महाविद्यालय में बिताए हुए अपने अनुभव को नए सत्र के विद्यार्थियों के साथ साझा किया। ज्योति प्रकाश महाविद्यालय के निदेशक शिवानी आनंद ने नए छात्राओं का अभिवादन करते हुए कहा कि ज्योति प्रकाश महिला बीएड कॉलेज अपने अनुशासन और शिक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहेगा। डायरेक्टर शिवानी ने बताया कॉलेज मैं पढ़ने वाली छात्राओं को बेहतर शिक्षा सुरक्षा एवं सर सर्वांगीण विकास मेरी प्राथमिकता है। इस मौके पर कॉलेज परिवार के सभी शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी एवं सभी छात्राएं उपस्थित थे।

बंगाल की सागरदिघी सीट पर कांग्रेस को मिली जीत

एजेंसी

कोलकाता : पश्चिम बंगाल में सागरदिघी विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में कांग्रेस को जीत मिली है. पार्टी की इस जीत पर कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी ने प्रतिक्रिय दी. उन्होंने राज्य की सत्ता पर काबिज तृणमूल कांग्रेस, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और बीजेपी पर जमकर निशाना साधा और कहा कि इन लोगों ने मुसलमानों के साथ गद्दारी की है. मुर्शिदाबाद में चौधरी ने कहा कि तृणमूल ने मुसलमानों के साथ गद्दारी की है, पूरे बंगाल के मुसलमान जानते हैं कि टीएमसी और बीजेपी मिली हुई हैं. इतना ही नहीं तृणमूल बीजेपी की दलाली करती है. मुलसमानों को एक बार ठगा जा सकता है लेकिन बार-बार नहीं. उन्होंने आगे कहा कि मुर्शिदाबाद में टीएमसी ने पुलिस की मदद से लोगों पर अत्याचार किए. जनता को लालच देकर कितनी बार कांग्रेस को हराया. तब मैंने कहा था कि कांग्रेस हारने वाली नहीं है और आज ये सिद्ध हो गया कि कांग्रेस हारने वाली नहीं, हराने वाली पार्टी है.

साउथ लीजेंड एसएस राजामौली और प्रभास को भा गई फिल्म गुलमोहर

एजेंसी

मुंबई : फिल्म गुलमोहर की रिलीज के लिए बस कुछ ही पल रह गए हैं। मुम्बई से लेकर दिल्ली और दुनिया के हर कोने में गुलमोहर की खुशबू महसूस हो रही है। हाल ही में रखी गयी गुलमोहर फ़िल्म की स्क्रीनिंग पर भी बड़ी संख्या में बॉलीवुड सितारों ने शिरकत की। उन्होंने इस फ़िल्म को गले लगाया और अब साउथ इंडस्ट्री के बड़े नामी चेहरे डायरेक्टर एसएस राजामौली और प्रभास ने भी इस फ़िल्म की खूबसूरती पर अपने मुहर लगा दी हैं। लीजेंड डायरेक्टर राजामौली ने अपने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर करके फ़िल्म के ट्रेलर की खूब तारीफ की है और शर्मिला टैगोर के कमबैक के साथ ही मनोज बाजपेयी की दमदार अदाकारी की तारीफ की है। प्रभास ने भी फ़िल्म की पूरी स्टार कास्ट को बधाई दी है।फ़िल्म गुलमोहर, पारिवारिक रिश्तों और उनके बीच के असमंजस और तालमेल की गहराई को दर्शाती हैं । ये ऐसी फिल्म है, जो आज के एकल परिवार को भी सामूहिक कुटुंब और उनके बीच की मजबूत भावनाओं और उतार-चढ़ाव की कहानी बयां करेगी, जो इस जमाने में कहीं गुम सी हो गयी है। 12 साल बाद फिल्मों में वापसी कर रही मशहूर अभिनेत्री शर्मिला टैगोर और सुपरस्टार मनोज बाजपेयी के पारिवारिक संवाद गुलमोहर की खुशबू की दास्तान बयान कर रहे हैं। फिल्म के प्रमुख कलाकारों में राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता - अमोल पालेकर, सिमरन, सूरज शर्मा, कावेरी सेठ और उत्सव झा भी शामिल हैं। गुलमोहर 3 मार्च, 2023 को केवल डिज़्नी पर रिलीज़ होने के लिए तैयार है।

यूनाइटेड मुस्लिम ऑफ इंडिया ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का किया स्वागत

एजेंसी

नई दिल्ली : ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक स्थलों एवं शहरों के नाम बदलने पर सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसले का यूनाइटेड मुस्लिम ऑफ इंडिया ने स्वागत किया है। इसके साथ ही न्यायालय के इस फैसले को देश का माहौल खराब करने वाली साम्प्रदायिक शक्तियों के लिए करारा जवाब बताया है। यूनाइटेड मुस्लिम ऑफ इंडिया के महासचिव डॉ. सैयद अहमद खान ने एक बयान में कहा कि ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक स्थलों के नाम बदलने की जनहित याचिका पर सुप्रीम कोर्ट का 27 फरवरी का फैसला अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने असामाजिक और शरारती तत्वों को फटकार लगाई है, जिससे शांतिप्रिय नागरिकों में खुशी की लहर दौड़ गई। गौरतलब है कि जस्टिस केएम जोसेफ और बीवी नागरत्ना की दो सदस्यीय सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने इस याचिका को खारिज करते हुए सवाल किया कि नाम बदलने से क्या हासिल होगा? सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में यह भी रेखांकित किया कि इस मुहिम से एक खास समुदाय की ओर उंगली उठती हुई दिखती है। इसमें खतरा यह है कि अपना समाज कहीं अतीत का कैदी बनकर न रह जाए। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि हमारा देश और समाज लंबे समय तक विदेशी हमले झेलता रहा है। मगर इनसे जूझने और उबरने का भी हमारा गौरवपूर्ण इतिहास रहा है। ऐसे में हम अपनी इच्छा के अनुसार इतिहास के किसी हिस्से को हटा कैसे सकते हैं? इतिहास सिर्फ जानने, समझने और उससे डॉ. सैयद अहमद खान ने आगे कहा कि सुप्रीम कोर्ट के इस ऐतिहासिक फैसले से देश में शांति और भाईचारे का माहौल मजबूत होगा। डॉ. सैयद अहमद खान ने केंद्र और प्रदेश सरकारों से आह्वान किया कि वह सुप्रीम कोर्ट के इस ऐतिहासिक फैसले के आलोक में देश के हर नागरिक की भावनाओं का सम्मान करें और भविष्य में नाम बदलने जैसे अनावश्यक काम से परहेज करें।सही सबक सीखने के लिए होता है। उसे बदलने का प्रयास उलटे नतीजे ला सकता है।